CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 08°C

मुरादाबाद, मंगलवार 17 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 211 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है: अखिलेश यादव पेज 2


भारतीय खेलों के भविष्य के लिए लंबे समय की प्लानिंग की जरूरत : शाह खेल टाइम्स


गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था सम्पादकीय


ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प पेज 12


श्रीनगर: इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन को आगंतुकों के लिए खोले जाने के बाद लोग इसे देखने आए।

# ऑस्ट्रेलिया-जापान ने भी नौसेना भेजने से किया इन्कार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान के साथ लगातार बढ़ते तनाव के कारण तेल सप्लाई का यह मुख्य समुद्री रास्ता (होर्मुज स्ट्रेट) बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने करीब सात देशों से होर्मुज स्ट्रेट में अपने युद्धपोत तैनात करने की मांग की है।

ट्रम्प चाहते हैं कि ये देश अपनी नौसेना भेजकर इस रास्ते की सुरक्षा करें। हालांकि, अमेरिका के करीबी सहयोगियों ने इस मांग पर बहुत ही सावधानी भरा रुख अपनाया है और कुछ ने तो इससे साफ इन्कार कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया ने इस क्षेत्र में नौसैनिक सहायता देने से मना कर दिया है। कैबिनेट मंत्री कैथरीन किंग ने बताया कि यह समुद्री रास्ता बहुत महत्वपूर्ण है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पास जहाज भेजने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास इस संबंध में कोई औपचारिक अनुरोध नहीं आया है। मामले पर जापान का रुख भी कुछ ऐसा ही है।



**फीकी पड़ी ट्रम्प की अपील, होर्मुज में नहीं मिला किसी का साथ**

## दुबई हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले के बाद उड़ानें निलंबित

**दुबई।** अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार को ड्रोन हमले के बाद उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गईं। अधिकारियों ने हवाई अड्डे के पास आग लगने की घटना के बाद एहतियाती सुरक्षा उपाय के रूप में परिचालन रोक दिया।

दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने निलंबन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम यात्रियों एवं हवाई अड्डे के कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा कि यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उड़ानों के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों से संपर्क करें, स्थिति की समीक्षा करने के बाद आधिकारिक चैनलों के माध्यम से आगे की जानकारी दी जाएगी। ड्रोन हमले के कारण हवाई अड्डे की सीमा के पास आग लग गई, जिसे आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत बुझा दिया।

## 27वां रोज़ा

### माहे रमज़ान की रुखसत का पैगाम



आज सत्ताईसवां रोज़ा है। कल छब्बीसवां रोजा और शबे-कद्र (सत्ताईसवीं रात) साथ-साथ थे। यहां यह बात जानना ज़रूरी है कि छब्बीसवां रोज़ा जिस दिन होगा, उसी शाम गुरुबे-आफताब के बाद सत्ताईसवीं रात यानी शबे-कद्र भी शुरू हो जाएगी। छब्बीसवें रोज़े के साथ ताक रात यानी शबे-कद्र आएगी ही।

सत्ताईसवां रोज़ा, तो वैसे भी दोज़ख से निजात के अशरे में अपनी अहमियत रखता ही है। सत्ताईसवां रोज़ा दरअसल रोज़ेदार को दोहरे सवाब का हकदार बना रहा है। इस्लाम मजहब में जुमा (शुक्रवार) इबादत और इज्तिमाई नमाज खास दिन माना जाता है। हदीस-शरीफ में है कि जुमे के दिन ही हजरत आदम (अलैहिस्सलाम) को जन्नत से दुनिया में भेजा गया। उन्हें वापस जन्नत भी जुमे के दिन मिली।

# जंग के बीच भारत को बड़ी राहत

## भारतीय जहाज शिवालिक 46 हजार मीट्रिक टन गैस लेकर मुंद्रा पोर्ट पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। यह जहाज 14 मार्च को होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर रवाना हुआ था।

मिडिल-ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच यह भारत पहुंचने वाला पहला एलपीजी जहाज है। शिवालिक जहाज पर करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी गैस लगभग 32.4 लाख घरेलू गैस सिलेंडरों के बराबर बताई जा रही है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था। यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है। दुनिया भर में तेल और गैस की करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति इसी समुद्री रास्ते से गुजरती है। इसलिए इस मार्ग पर किसी भी तरह का तनाव पूरी दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। भारत भी अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए इस समुद्री रास्ते पर काफी हद तक निर्भर है।



**जहाज नंदा देवी करीब 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी और दूसरा जहाज जग लाडकी करीब 81 हजार मीट्रिक टन कच्चा तेल लेकर आ रहे**

### रिफाइनरियां पूरी क्षमता पर, भारतीयों को सुरक्षित निकाला जा रहा: सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने अपने ताजा बयान में बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने साफ किया है कि मौजूदा वैश्विक तनाव का भारत की ईंधन आपूर्ति पर कोई असर नहीं पड़ा है। पेट्रोल पंपों पर कामकाज पूरी तरह से सामान्य है और देश के किसी भी हिस्से से ईंधन खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है।

# सुप्रीम कोर्ट ने प्रो. महमूदाबाद के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की समाप्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हरियाणा पुलिस ने पिछले साल प्रोफेसर महमूदाबाद को किया था गिरफ्तार**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' पर उनके सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त कर दी।

इससे पहले हरियाणा सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया था कि उसने प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए मंजूरी देने से इन्कार कर दिया है। हरियाणा पुलिस ने पिछले साल मई में प्रोफेसर महमूदाबाद को गिरफ्तार किया था। यह मामला प्रोफेसर महमूदबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी से जुड़ा था, जिसमें उन पर भारत में अल्पसंख्यकों के साथ होने वाले बर्ताव को लेकर सोशल मीडिया पर कुछ टिप्पणियां करने का आरोप था। ये टिप्पणियां 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रेस ब्रीफिंग का नेतृत्व करने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी की तारीफ के संदर्भ में की गई थीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने इस मामले का निपटारा करते हुए कहा कि हमें इस बात पर शक करने का कोई कारण नहीं है कि याचिकाकर्ता, जो एक अत्यंत विद्वान प्रोफेसर हैं, भविष्य में भी समझदारी और विवेकपूर्ण तरीके से ही काम करेंगे।

## बंगाल में चुनाव से पहले मुख्य सचिव व डीजीपी को हटाया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के दूसरे ही दिन चुनाव आयोग ने 6 अफसरों का तबादला कर दिया। आयोग ने पीयूष पांडे की जगह सिद्धनाथ गुप्ता को डीजीपी बनाया है।

वहीं, आयोग ने राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटा दिया है। उनकी जगह 1993 बैच के आईएएस दुष्मंत नारियाला को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। सुप्रतिम सरकार की जगह अजय कुमार नंद को कोलकाता पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। साथ ही राज्य के गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा की जगह 1997 बैच की आईएएस अफसर संघमित्रा घोष को गृह सचिव बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश के मुताबिक यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा महानिदेशक बनाया गया है। अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक और आईजीपी (कानून-व्यवस्था) का पद दिया गया है।

- **कोलकाता पुलिस कमिश्नर समेत छह अधिकारी बदले**
- **आयोग बोला: ये अफसर चुनाव से दूर रहेंगे**

## मुरादाबाद में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत

**मुरादाबाद (ब्यूरो)।** सोमवार सुबह दिल्ली- लखनऊ राजमार्ग पर सुबह करीब छह बजे मनकरा मोड़ के पास रामपुर से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग फंस गए। थाना पुलिस कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंढापांडे ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतकों में एक की पहचान दयाल सिंह रावत पुत्र कुमार पाल, निवासी अपर माल रोड, बीमिला कंपाउंड, पालिवाल, नैनीताल के रूप में हुई है। घायल युवक की पहचान यशदीप पुत्र चंद्रवाला पांडे, निवासी हल्द्वानी के रूप में हुई है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा: क्या दूसरे धर्म के लोगों को भी घर में सामूहिक पूजा से रोका जा सकता है

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमज़ान के दौरान नमाज़ पर कथित प्रतिबंध को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से कड़ा सवाल करते हुए पूछा कि यदि मुसलमानों को निजी संपत्ति पर नमाज़ पढ़ने से रोका जा सकता है, तो क्या हिंदुओं को भी अपने घरों में सामूहिक पूजा करने से रोका जा सकता है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ संभल जिले में रमज़ान के दौरान नमाज़ पढ़ने पर लगाए गए कथित प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुनवाई के दौरान जस्टिस श्रीधरन ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि मुसलमानों को अपने घर की छत पर नमाज़ पढ़ने से कैसे रोका जा सकता है? कानून का राज सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार की मांग करता है और संविधान सर्वोपरि है। अदालत ने राज्य सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल से पूछा कि क्या मंदिरों में भी इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं। अदालत ने कहा कि यदि हिंदू अपने घरों में पूजा कर रहे हों तो क्या उन्हें भी रोका जा सकता है? इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जताई कड़ी आपत्ति खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि राज्य केवल तभी हस्तक्षेप कर सकता है, जब धार्मिक गतिविधियां सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान पर फैलने लगें।

## राज्यसभा चुनाव: बिहार की सभी पांच सीटों पर NDA की जीत



**पटना।** बिहार में राज्यसभा की पांचों सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार जीत गए हैं। चार सीटों पर जीत तो पहले से ही तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन के उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह से एनडीए के उम्मीदवार शिवेश राम का मुकाबला हुआ। एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट किया। लेकिन, महागठबंधन की ओर से चार विधायक (कांग्रेस के तीन और राजद के एक) विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे।

मतगणना के बाद एनडीए के सभी उम्मीदवारों की जीत की घोषणा कर दी गई। एनडीए के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जीतने वाले उम्मीदवारों में नीतीश कुमार-जदयू, रामनाथ ठाकुर-जदयू, नितिन नबीन-भाजपा, शिवेश कुमार-भाजपा,उपेंद्र कुशवाहा शामिल है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने 202 विधायकों के बल पर अपने पांच उम्मीवार को चुनावी मैदान में उतारा था। इसमें से चार सीट पर तो जीत पहले से तय थी। लेकिन, पांचवीं सीट पर महागठबंधन की ओर से राजद ने अमरेंद्र धारी सिंह को चुनावी मैदान में उतार दिया। इस कारण पांचवी सीट पर एनडीए बनाम महागठबंधन मुकाबला हो गया।

**महागठबंधन की ओर से चार विधायक विधानसभा नहीं पहुंचे**




# भारत में एक साल के दौरान 24 अरबपति बढ़े, अब 229 हुए

## लक्ष्मी मित्तल रोज 274 करोड़ कमाकर देश के चौथे सबसे अमीर बने

**नई दिल्ली।** फोर्ब्स वर्ल्ड्स बिलियनेयर्स 2026 लिस्ट के मुताबिक भारत में एक साल के अंदर 24 अरबपति बढ़े हैं। इनकी संख्या 205 से बढ़कर 229 हो गई है। देश के चौथे सबसे अमीर लक्ष्मी मित्तल की संपत्ति में इस साल सबसे तेज उछाल देखा गया। उनकी कंपनी आर्सेलर मित्तल के शेयरों में 80 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आने से उनकी कुल दौलत 31 अरब डॉलर, यानी 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है।

पिछले एक साल में उनकी संपत्ति में 20 अरब डॉलर, यानी 1.85 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। इस हिसाब से मित्तल ने सालभर हर दिन औसतन 274 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कमाई की है। इस लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल हो गए हैं। भारत के दो सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी (नंबर 1) और गौतम अडानी (नंबर 2) की संपत्ति में भी संयुक्त रूप से 14.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। तीसरे नंबर पर ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन सावित्री जिंदल हैं। वे भारत की सबसे अमीर महिला बनी हुई हैं। लिस्ट में 20 भारतीय महिला अरबपति शामिल हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के फाउंडर उदय कोटक इस साल टॉप-10 में शामिल हुए हैं। हाल ही में उन्हें पद्म भूषण मिला था। उनकी एंट्री से डीएलएफ के पीछे रहे प्रॉपर्टी डेवलपर कुशल पाल सिंह 12वें नंबर पर खिसक गए। एडटेक प्लेटफॉर्म फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी नए अरबपतियों में शामिल हैं। नवंबर में कंपनी के आईपीओ के बाद वे इस क्लब में आए। पेटीएम के फाउंडर विजय शेखर शर्मा तीन साल बाद फिर लिस्ट में लौटे हैं। पेटीएम के शेयर पिछले साल करीब 60 प्रतिशत चढ़े, हालांकि यह अभी भी आईपीओ की करीब आधी प्राइस पर ट्रेड कर रहे हैं। फोर्ब्स इंडिया ने अपनी पहली रिच लिस्ट 2009 में लॉन्च की थी।



**फोर्ब्स लिस्ट में फिजिक्सवाला के फाउंडर्स अलख पांडे और प्रतीक बूंब भी शामिल**

# धामपुर में गैस सिलेंडर को लेकर हंगामा

## डिलीवरी का मैसेज आने के बाद भी नहीं मिल रहे सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर में रसोई गैस वितरण व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। कई गैस उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने के बाद उनके मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज तो आ जाता है, लेकिन वास्तविकता में सिलेंडर उनके घर तक नहीं पहुंचता। इस समस्या से परेशान दर्जनों उपभोक्ता रानी बाग कॉलोनी स्थित वेंकटेवर गैस एजेंसी पर पहुंच गए और एजेंसी संचालक से जवाब तलब किया।




उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी। बुकिंग के दो दिन बाद उनके मोबाइल पर डिलीवरी का संदेश प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें लगा कि सिलेंडर जल्द ही घर पहुंच जाएगा। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी गैस सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हुई। जब उपभोक्ता एजेंसी पर पहुंचे, तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और बार-बार चक्कर लगाने को कहा गया।

कुछ उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी कर्मियों ने उन्हें दोबारा गैस बुक कराने की सलाह दी, जबकि सरकारी नियमों के अनुसार 25 दिन से पहले दूसरा सिलेंडर बुक नहीं किया जा सकता। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के खाते में डिलीवरी दिखा दी जाती है, वे दोबारा बुकिंग भी नहीं करा पाते और गैस के बिना परेशान रहते हैं। गैस एजेंसी पर समस्या का समाधान न होने से नाराज उपभोक्ताओं ने आपूर्ति कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और जांच कर कार्रवाई की मांग की। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि इस तरह की गड़बड़ी जारी रही तो लोगों को घरेलू गैस के लिए और अधिक परेशानी उठानी पड़ेगी। मामले की जानकारी मिलने पर आपूर्ति विभाग भी सक्रिय हो गया है। आपूर्ति कार्यालय में मौजूद एआरओ आलोक वशिष्ठ ने बताया कि गैस उपभोक्ताओं की शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और यदि कहीं भी अनियमितता या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद नगर के अन्य गैस उपभोक्ताओं में भी चिंता का माहौल देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हुआ, तो घरों की रसोई चलाना मुश्किल हो जाएगा। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।

# मौसम का बदला मिजाज

## तेज हवा के साथ हुई बूंदाबादी ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** बीती देर रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दिन में रोजमर्रा की तरह साफ मौसम और तेज धूप के बाद आधी रात को अचानक आसमान में घने बादल छा गए और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम में ठंडक बढ़ गई। मौसम के इस बदलाव से जहां तापमान में गिरावट महसूस की गई, वहीं लोगों को गर्मी से कुछ राहत भी मिली। गेहूं व सरसों की तैयार फसलों पर खतरा मंडराने लगा। इससे किसानों में चिंता उभर आई।

बीती रात अचानक बिजली चमकने के बाद तेज हवा के साथ हुई बारिश ने लोगों को हैरत में डाल दिया। सोमवार की सुबह कुछ लोग गर्म कपड़ों जैकेट में भी सड़क नजर आए। आज को धूप खिलने के बाद मौसम सामान्य प्रतीत होने पर राहत महसूस हुई। वहीं तेज आंधी के कारण कई जगह सड़कों पर पेड़ गिर गए। जिन्हें संबंधित विभाग द्वारा तत्काल हटवा कर यातायात सुचारू कराया गया। बीती रात मौसम के बदले मिजाज के बीच बिजली भी लोगों को परेशान किए रही। रात में तेज हवा चलते ही कई स्थानों की आपूर्ति ठप हो गई। बूंदाबांदी बंद होने के बाद कुछ स्थानों पर आज सुबह, तो कहीं दोपहर तक आपूर्ति भी बहाल हो गई। लेकिन बिजली बार-बार आने जाने व कहीं 12 घंटे बाद मिलने से लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

वहीं मौसम में आए इस बदलाव का असर किसानों पर भी देखा गया। किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई।

गेहूं और सरसों की फसल इस समय खेतों में तैयार खड़ी है। इससे किसान मौसम को लेकर थोड़े चिंतित हो गए हैं। हालांकि हल्की बारिश से फिलहाल मौसम में ठंड महसूस हो रही है।

## एक नजर

### बुढ़नपुर में लाखों की चोरी



**बुढ़नपुर।** पीड़ित सलीम अहमद पुत्र इददू निवासी बुढ़नपुर ने स्योहारा थाना में दी तहरीर में बताया कि 15 मार्च की रात वह अपने मकान पर ताला लगाकर पत्नी के साथ अपने रिश्तेदार के घर चले गए थे और वहीं रुक गए थे। अगले दिन 16 मार्च की शाम जब वह सिलेंडर लेने अपने घर पहुंचे और अंदर जाकर देखा, तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी के ताले टूटे हुए थे। चोर घर में रखे कीमती सामान को समेट कर फरार हो चुके थे। पीड़ित के अनुसार चोर सोने के तीन तोले के जेवरात, लगभग 500 ग्राम चांदी के आभूषण और करीब 25 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गए। चोरी हुए जेवरात में सोने का गले का हार, झुमके, अंगूठी, चेन और टीका, जबकि चांदी के सामान में एक जोड़ी पाजेब, एक जोड़ी दस्तबंद, गले का हार और एक लॉकेट शामिल बताए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। ग्रामीणों में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर काफी रोष है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए, तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने भी मौके की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि स्योहारा पुलिस इस चोरी की वारदात का कितनी जल्दी खुलासा कर पाती है और चोरों को गिरफ्तार कर पाती है या नहीं।

### खटीक समाज का मौन जुलूस 18 को

**बिजनौर।** तरुण खटीक की हत्या के विरोध में 18 मार्च को जिला मुख्यालय पर अखिल भारतीय खटीक समाज के द्वारा मौन जुलूस निकाला जाएगा। इस मौके पर डीएम के माध्यम से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनील पाल मनोहारिया ने जिले के सभी खटीक स्वजातीय बंधुओं से 18 मार्च को प्रातः दस बजे से पूर्व एजाज अली हाल पहुंचने का अनुरोध किया है।

### तरावीह में कुरान करीम की तकमील

**नगीना।** रमज़ान के पवित्र महीने में मस्जिद मदरसा नाबीनान में नमाज़-ए-तरावीह के दौरान कुरान करीम की तकमील हुई। इस मौके पर बड़ी संख्या में नमाज़ी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मौलाना सालिक क़ासमी ने कुरआन पढ़ते हुए पूरा किया, जबकि मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने लोगों को संबोधित कर दीन और आखिरत की अहमियत बताई। मुख्य अतिथि शिराज़ ख़लील की मौजूदगी में कुरान करीम की तकमील होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नमाज़ियों ने अल्लाह की बारगाह में दुआएं मांगीं। तरावीह की नमाज़ के दौरान मौलाना सालिक क़ासमी ने कुरान करीम की तिलावत पूरी की। नमाज़ियों ने अकीदत और ध्यान के साथ कुरान की तिलावत सुनी और रमज़ान की बरकतों के लिए दुआएं कीं। कार्यक्रम में जमीयत उलेमा-ए-हिंद जिला बिजनौर के नायब जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती नबील अहमद रशीदी ने लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना इंसान को अल्लाह से अपना रिश्ता मजबूत करने का अवसर देता है। उन्होंने लोगों से इबादत, कुरआन की तिलावत और नेक कामों के जरिए अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से अपने अंदर तक़्वा, इख़्लास और दीन की समझ पैदा करने की भी अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ की।

### तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित



**अफजलगढ़।** बीत रात अचानक चली तेज़ हवा और आंधी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। कई स्थानों पर पेड़ उखड़ कर सड़क पर गिरकर मार्ग अवरुद्ध हो गया। सड़क किनारे लगे होर्डिंग तेज हवा में धराशाई हो गए। भारी संख्या में बिजली के खंभे गिर गए। जिससे कई गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तेज़ हवाओं का असर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पर भी पड़ा। कई किसानों की तैयार फसल हवा के दबाव से जमीन पर गिर गई, जिससे नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इधर आंधी के बाद गिरे पेड़ों को लेकर स्थानीय लकड़ी ठेकेदारों की सक्रियता भी देखने को मिली। बताया जाता है कि कुछ ठेकेदार सुबह-सवेरे ही क्षेत्र में पहुंचकर गिरे हुए पेड़ों को उठाकर ले जाने लगे। इस संबंध में वन दरोगा सत्यवीर यादव का कहना है कि तेज हवाओं के कारण सड़क किनारे गिरे पेड़ों को वन विभाग अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा। नगर के जसपुर तिराहे पर पिलखन का एक बड़ा पेड़ उखड़ कर पास में चल रहे गन्ने के कोल्हू पर गिर गया, जिससे इंजन और मशीन को काफी नुकसान पहुंचा। वहीं सड़क किनारे खड़ी एक फ्लेक्सी की टीन शेड भी तेज़ हवा के कारण उखड़ गई। उधर ग्रामीणों के अनुसार कालागढ़ मार्ग पर खुशहालपुर के पास यूकेलिप्टस के दो विशाल पेड़ सड़क के बीचोंबीच गिर गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। इसके अलावा कादराबाद सहित आसपास के कई गांवों में बिजली लाइन पर पेड़ गिरने के कारण आपूर्ति ठप हो गई। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर लाइन दुरुस्त करने और रास्ता साफ कराने में जुटी हुई हैं।

# मंडल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधियों का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री लीना सिंघल के निवास पर नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान धामपुर नगर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भावीराज सिंह तथा जिला प्रतिनिधि जितेंद्र गोयल और हेमंत चौहान का लीना सिंघल एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा शॉल, भाजपा का पटका और माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक लीना सिंघल ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आगामी वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती के दम पर प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनेगी। लीना सिंघल ने मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल और भावीराज सिंह को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में धामपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को मजबूती मिलेगी और आने वाले चुनावों में भाजपा को शानदार सफलता प्राप्त होगी।

इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने पूर्व चेयरमैन लीना सिंघल का आभार व्यक्त करते हुए सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और एकजुट होकर पार्टी के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में धामपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भावीराज सिंह, नहटौर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हिमांशु शर्मा और भाजपा जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस मौके पर पालिका सदस्य सुमित महेश्वरी, भाजपा उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, मंत्री विनीत कौशिक, भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री ललित सैनी, जिला मंत्री पुलकित भारद्वाज, नगर अध्यक्ष अभिषेक सिसौदिया, शेखर अग्रवाल, शिक्षाविद् डी.एस. चौहान, जैतरा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सतीश चौहान, वैश्य समाज नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, हनुमान सेवा संस्थान के अध्यक्ष मयंक अग्रवाल, संयोजक पंकज भटनागर, सुभाष कौशिक, पश्चिमी उ.प्र. व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष एस.पी. सलूजा, आशीष त्यागी, वीर बहादुर सिंह, रविंद्र त्यागी तथा प्रांतीय पार्षद भूपेंद्र सैनी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजेंद्र सिंह का बार अध्यक्ष बनना तय

## अन्य पदों के लिए होंगे चुनाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी राजेन्द्र सिंह का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज जजी परिसर स्थित वीरेंद्र सिंह मेमोरियल बार हाल में जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव हेतु नामांकन प्रक्रिया संपन्न की गई। अधिवक्ताओं से खचाखच भरे हाल में अध्यक्ष पद हेतु चौधरी राजेंद्र एड. ने अपना नामांकन कराया। चुनाव कमेटी के समक्ष सिर्फ उनका ही नामांकन प्राप्त हुआ। जिसकी वजह से चौधरी राजेंद्र सिंह का निर्विरोध अध्यक्ष चुना जाना तय है। बार हाल में चुनाव अधिकारी चरत सिंह एड. की देखरेख में नामांकन फार्म वितरित किए गए।

अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी शेर सिंह एड. ने आरोप लगाया कि वह अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए चुनाव अधिकारी के समक्ष पहुंचे, लेकिन उन्हें नामांकन पत्र दाखिल नहीं करने दिया गया। राजेंद्र सिंह के समर्थकों ने उनका नामांकन पत्र फाड़ दिया।

इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव अधिकारी के समक्ष तीन नामांकन क्रमशः आशीष कौशिक, छत्रपाल सैनी और करतार सिंह के प्राप्त हुए। महासचिव पद की दौड़ में कोमल सिंह, मनोज सेठी, गुलसिताब गुल, तेज सिंह सैनी और संजय कुमार रह गए है। इन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर एकल नामांकन दाखिल किए जाने पर तुषार चौधरी का भी निर्वाचन तय है। कोषाध्यक्ष पद हेतु शबाना और कविता चौधरी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये। संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद पर भी एकल नामांकन मोहित कुमार का प्राप्त हुआ, तो वहीं संयुक्त सचिव (लाइब्रेरियन) हेतु नितिन कुमार और अभिषेक अग्रवाल का पर्चा दाखिल हुआ।

संयुक्त सचिव (सांस्कृतिक) हेतु एकल नामांकन पूजा की ओर से दाखिल किया गया। गवर्निंग काउंसिल मेंबर (वरिष्ठ) में हेमंत राजपूत, सतीश कुमार, शमीम अख्तर और मौहम्मद फरहत आलम का नामांकन प्राप्त हुआ और गवर्निंग काउंसिल (कनिष्ठ) में मौहम्मद जैद बेग, पूजा चौधरी, परवेंदर सिंह, शाहबाज, आदित्य कुमार, सतीश कुमार, मौहम्मद नौशाद ने अपने पर्चे दाखिल किये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव और अन्य पदों पर एक से अधिक नामांकन प्राप्त होने पर इन पदों पर चुनाव 25 मार्च को चुनाव अधिकारी की देखरेख में संपन्न किया जाएगा।

# मंगेतर ने सरेराह पीटा, युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**बिजनौर।** थाना कोतवाली शहर के ग्राम झलरा निवासी गफ्फार की पुत्री सानिया का रिश्ता रईस के पुत्र सलीम से तय हुआ था। दोनों के प्रेम संबंध गांव में खूब मशहूर हुए विगत दिनों युवती अपने मौसेरे भाई के साथ शॉपिंग के लिए जा रही थी। रास्ते में सानिया के मंगेतर सलीम ने देख लिया और नाराज होकर सलीम ने सरेराह सानिया की पिटाई कर डाली। उसके बाद यह बात सानिया के दिल में घर कर गई बाद में सानिया नें घर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। बीती शाम जहरीला पदार्थ खाकर उसकी हालत बिगड़ गई पिता गफ्फार नें उसे उपचार के लिए किसी भी डॉक्टर को नहीं दिखाया। बाद में पड़ोसियो द्वारा उसे डॉक्टर के पास ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पैदा चौकी इंचार्ज ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी हालांकि समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों के समझौते की बात चल रही थी।

# विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील परिसर में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत के निर्देश पर तथा जिला जज संजय कुमार अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और अपर जिला जज सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण स्वाति चंद्रा के संयोजन में आयोजित हुआ। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक/अधिकार मित्र अफराज अहमद व उनकी टीम ने नशीली दवाओं, तम्बाकू, सिगरेट और शराब के सेवन से होने वाली हानियों के बारे में जानकारी दी। अफराज अहमद ने बताया कि अत्यधिक धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकता है, जिससे श्वसन क्रिया में गंभीर कठिनाई आती है। उन्होंने कहा कि भारत में प्रति वर्ष फेफड़ों के कैंसर से लगभग 30 लाख लोगों की मृत्यु होती है। उन्होंने यह भी बताया कि अत्यधिक शराब के सेवन से लीवर और किडनी फेल हो सकते हैं। इन बीमारियों के इलाज में हजारों रुपये खर्च होते हैं, फिर भी कई बार जान बचाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने जोर दिया कि नशीली दवाओं, बीड़ी, सिगरेट, तम्बाकू और शराब के सेवन से लोगों का काफी धन भी बर्बाद होता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से नशे का त्याग कर एक स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

इस मौके पर अफराज अहमद, अंचल कुमार, सोनम कुमारी, राजेश कुमार, लक्षी कुमारी, मौहम्मद जावेद, आशाराम, उपासना सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# एसडीएम व सीओ ने किया ईदगाह का निरीक्षण

## ईद की नमाज को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** एसडीएम विजय शंकर मिश्रा और सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने आज ईदगाह का निरीक्षण कर नमाज की तैयारियों का जायजा लिया। दोनों अफसरों ने अधीनस्थों को जरूरी निर्देश भी दिए।



आज शाम एसडीएम विजय शंकर मिश्रा और सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ईदगाह पहुंचे तथा ईद की नमाज को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। एसडीएम ने ईदगाह का मैदान, रास्ता व वहां पर खड़े होने वाले वाहनों की व्यवस्था देखी। जहां पर उन्हें कमी नजर आई, उसे दूर करने के लिए अधीनस्थों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार अमर पाल और थाना अध्यक्ष अवनीत मान से ईद की नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने को कहा। साथ ही, पालिका को रास्ते में सफाई कराए जाने और ठेलों को हटवाने संबंधी निर्देश दिए हैं। दोनों अफसरों द्वारा लगभग दो घंटे तक किए गए ईदगाह के निरीक्षण के दौरान सुन्नी समाज की ईदगाह की कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा विद्युत, पुलिस व पालिका के अधिकारियों से वार्ता की गई और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने मार्ग में लटकते तारों को चिन्हित कर सही कराने, बेरिकटिंग कराने आदि निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में लापरवाही क्षम्य नहीं है। ऐसे में पुलिस और अफ़सर सर्तक होकर कार्य करें। इस मौके पर मौलाना खलीक कासमी, शेख शहरोज खलील, सुक्रमपाल सिंह राणा, धीरज राय वर्मा के अलावा ईदगाह कमेटी, तहसील, पुलिस, पालिका आदि से सम्बंधित लोग मौजूद रहे।

# डिजिटल कृषि की ओर तेजी से बढ़ रहा है उत्तर प्रदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कृषि क्षेत्र को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री अभियान को तेज गति दी है। इस पहल के जरिए किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ कृषि व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश में खरीफ और रबी दोनों सीजन में डिजिटल क्रॉप सर्वे का व्यापक स्तर पर संचालन किया गया है।

इसके तहत राजस्व गांवों में खेतों और फसलों का डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है, जिससे फसल संबंधी सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकें और योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सके। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के कुल 1,08,935 राजस्व गांवों में से 95,765 गांवों का जियो-रेफरेंसिग कार्य पूरा हो चुका है। इसी आधार पर खरीफ और रबी सीजन में बड़े पैमाने पर खेतों का डिजिटल सर्वे किया गया है। खरीफ सीजन में 5,37,08,511 से अधिक प्लॉट का सर्वे अंतिम रूप से स्वीकृत किया गया, जबकि रबी सीजन में 5,56,44,677 से अधिक प्लॉट का सर्वे पूरा किया जा चुका है। किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश में फार्मर रजिस्ट्री अभियान भी मिशन मोड में चलाया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लगभग 2,88,70,495 लाभार्थी हैं। सत्यापन अभियान के बाद 2,31,36,350 से अधिक किसानों का डेटा उपलब्ध हुआ है। इनमें से अब तक 1,67,01,996 से अधिक पीएम किसान सम्मान निधि के लाभार्थी फार्मर रजिस्ट्री में शामिल हो चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का करीब 72.19 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त लगभग 28,37,162 ऐसे किसानों को भी फार्मर रजिस्ट्री में पंजीकृत किया गया है, जो पीएम किसान योजना के लाभार्थी नहीं हैं।

राज्य सरकार का मानना है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों का सटीक डाटाबेस तैयार होगा। इससे फसल बीमा, कृषि अनुदान, आपदा राहत और अन्य योजनाओं का लाभ सही किसानों तक पहुंचाने में सुविधा होगी। सरकार के अनुसार कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग से उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होता जा रहा है। आने वाले समय में इन पहलों के जरिए किसानों को योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एलपीजी संकट पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार को घेरा

**नई दिल्ली, वार्ता**

बजट सत्र के दूसरे चरण में संसद में जमकर हंगामा देखने को मिल रहा है। देश में हो रही एलपीजी की किल्लत को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश में एलपीजी की कमी से हा-हाकार मचा हुआ है। इस किल्लत का असर आम लोगों पर हो रहा है। वहीं सरकार की तरफ से इन सभी दावों को खारिज किया गया है।



**तैयारी में नाकाम, खड़गे ने उठाए सवाल, ऐसे हालात में भी विपक्ष कर रहा राजनीतिः नड्डा**

खड़गे ने कहा कि अगर सरकार समय रहते इंतजाम कर लेती, तो हालात आज इतने नहीं बिगड़ते। इस पर बीजेपी सांसद जेपी नड्डा ने खड़गे को टोका और याद दिलाया कि ये प्रश्नकाल का समय है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मैं इस सदन का ध्यान वेस्ट एशिया में जारी तनाव के कारण देश में एलपीजी संकट की ओर दिलाना चाहता हूं। इस संकट से पूरे देश में इससे हा-हाकार मचा हुआ है।

इसका असर गरीब और कमजोर तबकों, मिडिल क्लास, आम घरों, रेस्टोरेंट, होटल पर ज्यादा पड़ रहा है। खड़गे ने कहा कि जब सरकार को पहले से स्थिति का अंदाजा था, तो समय पर जरूरी इंतजाम क्यों नहीं किए गए? उन्होंने कहा कि भारत अपनी कुल एलपीजी जरूरतों का करीब करीब 60ः प्रतिशत आयात करता है। इसमें भी 90 प्रतिशत आयात स्टेट ऑफ होर्मुज के रास्ते होता है। इस लिहाज से मौजूदा हालात गंभीर चिंता का विषय हैं। देश के करीब हर हिस्सों में इसका असर पड़ रहा है, घरों में लोग परेशान हैं। पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अफवाहों से बचने की बात कही है, लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी दावों को गलत साबित करती है।

# प्याज व आलू की पैदावार में बड़ी वृद्धि, टमाटर भी सुधरा

**नई दिल्ली, वार्ता**

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के ताजा अनुमानों के अनुसार देश में प्याज और आलू की पैदावार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे घरेलू उपलब्धता मजबूत होने की उम्मीद है। यहां जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्याज के रकबे में बड़ी वृद्धि देखी गई है। यह वर्ष 2023-24 के 15.41 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 2024-25 में 19.68 लाख हेक्टेयर हो गया है। यह 4.27 लाख हेक्टेयर यानी 27.74 प्रतिशत की भारी वृद्धि को दर्शाता है।

पैदावार के मोर्चे पर देखें, तो प्याज की पैदावार वर्ष 2024-25 में 307.67 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 242.67 लाख टन के मुकाबले 65 लाख टन यानी 26.79 प्रतिशत अधिक है। आलू की पैदावार में भी सकारात्मक रुख बना हुआ है। वर्ष 2024-25 में आलू की पैदावार 585.71 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले साल के 570.53 लाख टन से 15.18 लाख टन (2.66 प्रतिशत) अधिक है। आगामी वर्ष 2025-26 में आलू की पैदावार लगभग 584.47 लाख टन रहने की संभावना है। टमाटर की पैदावार में आगामी वर्षों में बड़ी तेजी आने की उम्मीद है। वर्ष 2023-24 के 213.23 लाख टन की तुलना में 2024-25 में इसकी पैदावार 205.99 लाख टन अनुमानित है। वर्ष 2025-26 में टमाटर की पैदावार तेजी से बढ़कर लगभग 227.02 लाख टन पहुंचने की संभावना जताई गई है। इससे न केवल बाजारों में उपलब्धता बढ़ेगी, बल्कि किसानों की आमदनी को भी मजबूती मिलेगी।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



27वां रोजा वक्त इफ्तार 17 मार्च शाम 6:30

28वां रोजा वक्त सहरी 18 मार्च सुबह 5:00



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़
विधानसभा क्षेत्र





मुकद्दस रमजान की बधाई

डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं
नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा




# नगीना के अजहर शम्सी, मुमताज व अदनान के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगीना के अजहर शम्सी, उसकी पत्नी मुमताज व पुत्र अदनान के खिलाफ शहर कोतवाली में बीएनएस की धारा 316 (2), 333, 352 व 351 (2) के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली के अंतर्गत मौहल्ला मुकरपुर खेमा उर्फ बुखारा निवासी मौहम्मद तारिक पुत्र मौहम्मद अख्तर ने सीजेएम के न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें कहा गया था कि वह मुम्बई में सैलून की दुकान चला कर अपना व परिवार का पालन पोषण करता है। उसका मुम्बाई में सैलून का अच्छा-खासा काम है। उसके अजहर शम्सी पुत्र हसनैन निवासी मौहल्ला पंजाबियान, पत्तोवाली गली, कस्बा व थाना नगीना से अच्छे दोस्ताना संबंध व ताल्लुकात थे। जिसकी वजह से अजहर शम्सी का उसके घर आना-जाना था। वर्ष 2021 में उसके घर मौहल्ला बुखारा उर्फ मुकरपुर खेमा में आकर वसीम, असलम तथा उसकी पत्नी तय्यबा के सामने अजहर शम्सी ने कहा कि मैं जमीन खरीदने व बेचने की बिजनेस कर रहा रहा हूं। आप मुझे लगभग 12 लाख 50 हजार रुपए दे दो। मैं इसके दोगुने यानी 25 लाख रुपए एक साल के बाद वापस कर दूंगा या उतने ही रुपए की शहर नगीना के अंदर जमीन दे दूंगा। क्योंकि शहर नगीना में मेरी काफी जमीन पड़ी हुई है। मैंने उसकी बातों पर यकीन कर लिया और अजहर



**बुखारा के तारिक के प्रार्थना पत्र पर सीजेएम ने दिए आदेश**

शम्सी ने अपनी पत्नी मुमताज के मोबाइल नम्बर 9149115365 व फिर अपने मोबाइल नम्बर 7251992123 तथा इसके बाद अपने पुत्र अदनान के मोबाइल नम्बर 8218038007 पर यूपीआई के माध्यम से आईसीआईसीआई बैंक के खाता संख्या 0101597395 से अलग-अलग तारिखों में 17 अप्रैल 2021 से छह अक्टूबर 2022 तक अलग-अलग तारिखों में दस लाख 50 हजार रुपए ले लिए। इसके अलावा दो लाख रुपए मशीन के द्वारा दिए गए। तैयशुदा एक साल के बाद सन् 2023 में उसने अजहर शम्सी से 25 लाख रुपए या नगीना शहर में जमीन दिलाने को कहा, तो पहले वह टाल मटोल करता रहा और कुछ दिन बाद देने को कहता रहा। उसने अजहर शम्सी से काफी मिन्नतें की और कहा कि तुम मेरे मूल साढ़े बारह लाख रुपए ही वापस कर दो। तब अजहर शम्सी कुछ मौखिक व कुछ लिखित में मैसेज भेज कर झूठें वादे करता रहा। जिसकी रिकार्डिंग उसके पास मौजूद है। वह अगस्त 2025 में अजहर शम्सी, उसकी पत्नी व बेटे से मिलने के लिए मुम्बई से आया, लेकिन वह छिप गए और नहीं मिले। उसने रुपए वापस करने और जमीन देने से भी साफ इंकार कर दिया। इन्होंने धोखाधड़ी व छलकपट पूर्वक साढ़े बारह लाख रुपए हड़प लिए। उसने इसकी शिकायत पुलिस से की। जिसका पता चलने पर अजहर शम्सी, उसकी पत्नी मुमताज व पुत्र अदनान दो फरवरी 2026 को शाम करीब चार बजे उसके घर में जबरन घुस गया और कहा कि पुलिस हमारी जेब में है, तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। हमने तेरे जैसे कई लोगों के पैसे हड़प रखे हैं। वह गाली-गलौज व धक्कामुक्की करने लगा। उस समय वहां असलम आदि मौहल्ले के लोग आ गए, तो वह अंजाम भुगतने की धमकी देकर चले गए। उसने पुलिस से शिकायत की। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके बाद उसने तीन फरवरी को रिजस्टर्ड डाक के माध्यम से पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर शहर कोतवाली में मुकदमा अपराध संख्या 196/2026 में बीएनएस की धारा 316 (2), 333, 352 व 351(2) के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# भाजपा के पूर्व सांसद भारतेन्द्र की लड़ाई को भाकियू टिकैत का समर्थन

## सुधीर ने दी आत्महत्या करने की खुली चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किसान सुधीर और विधवा महिला संगीता के बीच 12 बीघा जमीन को लेकर चल रहा विवाद अब राजनीतिक रंग लेता जा रहा है। खास बात यह है कि पूर्व सांसद भारतेन्द्र की लड़ाई को भाकियू टिकैत ने अपना समर्थन दे दिया है। साथ ही किसान सुधीर ने भी भाकियू कार्यकर्ताओं के बीच मीडिया से बात करते हुए आत्महत्या की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि किसान सुधीर के पक्ष में पूर्व भाजपा सांसद राजा भारतेंद्र सिंह नजर आ रहे हैं। जबकि विधवा महिला संगीता के समर्थन में भाकियू (अराजनैतिक) के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह खड़े हैं। संगीता, भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष समरपाल सिंह की बेटी बताई जा रही हैं। इसी बीच भाकियू अराजनैतिक के जिला



अध्यक्ष नीतिन सिरोही ने संगीता को न्याय दिलाने की मांग को लेकर 22 मार्च को महापंचायत बुलाने का ऐलान किया है। अब इस विवाद में भाकियू टिकैत गुट भी किसान सुधीर के समर्थन में मैदान में उतर आया है। टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने आज बिजनौर तहसील में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। फिलहाल पूरे मामले की डीएम द्वारा गठित जांच समिति जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा कि विवादित 12 बीघा जमीन का वास्तविक मालिक कौन है।

दूसरी तरफ आज भाकियू टिकैत की तहसील स्तरीय मासिक बैठक सदर तहसील कार्यालय परिसर में हुई। इसमें किसानों की समस्याओं को अधिकारियों के सामने रखा। बैठक में में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनकड़, प्रदेश महासचिव ठाकुर राम अवतार सिंह, तहसील अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. विजय चौधरी, ब्लॉक महासचिव पंकज शेरावत, रजनीश कुमार, बृजेश कुमार, अमरदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

दूसरी तरफ किसान सुधीर के द्वारा भाकियू की बैठक के दौरान आत्महत्या की धमकी देने से उसे क्या फायदा होगा और क्या नुकसान होगा, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली
जौहर हायर एजुकेशन
इंस्टीट्यूट, किरतपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर



रमजान माह की शुभकामनाएं

चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर



रमजान माह की बधाई

मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय
विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति
के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर



मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद



अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर



रमजान माह की शुभकामनाएं

रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/
प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग
व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व
स्पोर्ट्स, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी
उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम,
कोतवाली देहात



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी



मुकद्दस रमजान की बधाई

विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20






मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा



# वन विभाग की भूमि पर अवैध कॉलोनी

## नजीबाबाद तहसील क्षेत्र में माफिया सक्रिय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू (सरपंच) ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। संगठन ने वन विभाग की भूमि पर अवैध कॉलोनी बसाने, ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने और ग्राम में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दे उठाए।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम पंचायत मिर्जापुर उर्फ प्रीतमगढ़ में अभी तक पक्का रास्ता और पुल का निर्माण नहीं हुआ है। बरसात के दिनों में कोटावाली नदी में पानी बढ़ने पर ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है, जिससे कई बार हादसों का खतरा बना रहता है।

किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के आरक्षित वन क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कॉलोनी बसाने की कोशिश की जा रही है, जिससे सरकारी जमीन पर कब्जा होने का खतरा है। इस मामले में क्षेत्र के कई माफिया सक्रिय है। दूसरे प्रदेशों के माफियाओं ने भी यहां पर डेरा डाल रखा है। ग्राम अलीपुरा में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे और चांदपुर क्षेत्र की एक विवादित भूमि पर अवैध रूप से आरा मशीन लगाए जाने का मुद्दा भी ज्ञापन में उठाया गया।

संगठन ने मांग करते हुए कहा कि इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

इस दौरान युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विशाल बालियान, जिला अध्यक्ष ठाकुर अरुण कुमार, युवा प्रदेश अध्यक्ष लवी चौधरी, राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी कपिल देसवाल, मुरादाबाद मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश चौहान, युवा ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर मनीष अग्रवाल, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष फरहान और युवा जिला मंत्री (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) हसीन अलवी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सब्जी मंडी हटाने पहुंचा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मुरादाबाद मार्ग स्थित सब्जी मंडी को हटाने के लिए आज अचानक तहसील प्रशासन की टीम पहुंच गई। टीम के साथ भारी पुलिस बल और बुलडोजर भी मौजूद रहा। जिससे मंडी में मौजूद व्यापारियों और दुकानदारों में हलचल मच गई। कई व्यापारी जल्दबाजी में अपनी दुकानों से सामान समेटते दिखाई दिए।

मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार ने बताया कि यह सब्जी मंडी अस्थायी रूप से लगाई जा रही थी और इसके लिए किसी प्रकार की स्थायी अनुमति नहीं ली गई थी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा मंडी को हटाने के आदेश पहले ही जारी कर दिए गए थे। व्यापारियों को नौ तारीख तक का समय भी दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी मंडी नहीं हटाई गई। जिसके चलते प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ी।



### बुलडोजर और पुलिस बल देख मचा हड़कंप

वहीं कुछ व्यापारियों का कहना है कि उन्हें प्रशासन की ओर से कोई लिखित नोटिस नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि बिना आधिकारिक सूचना के अचानक मंडी हटाने की कार्रवाई की जा रही है। जिससे उनके रोजगार पर असर पड़ेगा। व्यापारियों ने प्रशासन से कुछ और समय देने की मांग की।

इस संबंध में मंडी सचिव का कहना है कि सात तारीख को ही मंडी से जुड़े व्यापारियों को मंडी हटाने की सूचना दे दी गई थी। उन्होंने बताया कि इसकी जीपीएस फोटो भी उपलब्ध है और कुछ व्यापारियों ने लिखित रूप से यह भी दिया है कि मंडी हटाने को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। फिलहाल प्रशासन की टीम मौके पर मौजूद है और मंडी हटाने की कार्रवाई को लेकर व्यापारी और प्रशासन आमने-सामने नजर आ रहे हैं। स्थिति को देखते हुए किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं इस संबंध मे सब्जी मंडी के मालिक शरीफ अहमद का कहना है कि मंडी समिति की ओर से हमें मौखिक रूप से शाम के टाइम 7 तारीख को अवगत कराया गया था कि 9 तारीख को आपको मंडी खाली करनी है, लेकिन हमें कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। जिस पर मैंने कहा था कि सुबह को आप आ जाओ और सभी व्यापारी मंडी पर मौजूद मिलेंगे, यदि सरकार मंडी को कहीं और ले जाना चाहती है, तो हमें कोई एतराज नहीं है। लेकिन तमाम लोग बेरोजगारी का शिकार हो जाएंगे। लेकिन आज सोमवार को मंडी को खाली करने के लिए बिना किसी सूचना के आ गए। जिसका सभी मंडी व्यापारियों पर भारी असर पड़ा है।

## हादसे की रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने शुरू की कार्यवाही

**रेहड़।** ग्राम उदयपुर उर्फ चांदपुर निवासी ज्योति देवी पत्नी नकुल ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि नौ मार्च की दोपहर लगभग 12 बजे वह अपनी छोटी बच्ची की दवाई लेकर पति के साथ अपने घर जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में बाइक चालक टिंकू पुत्र बलवंता निवासी ग्राम उदयपुर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसके पति के सिर में गंभीर चोट आई है। जबकि उसके और बच्ची के गुम चोटें आई हैं। उसके पति काशीपुर स्थित सहोता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हैं। जहां उनकी हालत गंभीर है और उपचार में उसके लगभग दो लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि ज्योति की तहरीर पर बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपत्ति और बच्चे घायल

**नांगल सोती।** अज्ञात वाहन की टक्कर से पति-पत्नी और उनके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज देर शाम करीब सात बजे उत्तराखंड के श्यामपुर निवासी सोनू अपनी पत्नी रूबी और अपने दो बच्चों के साथ बाइक से अपने घर जा रहा था। नांगल चंदक मार्ग पर सौफतपुर के सामने बिजली घर के समीप उनकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे सोनू और उसकी पत्नी और बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर नांगल पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सरकारी एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए भेजा।

# समाज सुधारक काशीराम की जयंती पर पीडीए ने उन्हें याद किया

## अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बढ़ापुर।** ग्राम खुशहालपुर लुहारवाली में घनश्याम सिंह के निवास स्थान पर सपा द्वारा पीडीए की पंचायत का आयोजन किया गया।



पंचायत में सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद माहीगीर ने कहा कि स्व. कांशीराम से समाजवादियों का पुराना नाता है। सन् 1991 में स्व. मुलायम सिंह यादव ने काशीराम को इटावा से लोकसभा का चुनाव जिताया था और काशीराम ने स्व. मुलायम सिंह यादव को मुख्यमंत्री बनाने में उनकी मदद की थी यह हमारा पुराना नाता है, पीडीए, के लोग मान्यवर काशीराम के बताए हुए रास्ते पर चलकर केंद्र व उत्तर प्रदेश की जन विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और आने वाले विधानसभा चुनाव में पहले भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उसके बाद केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकेंगे और फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएंगे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के साथियों से अपील करते हुए कहा कि वह एक होकर जनहित में कार्य करें। बैठक में रंजीत कुमार, अवनीश कुमार, अकरम हुसैन, प्रीत कुमार, शिव कुमार, लव कुमार राजू राम सिंह, बलिहार सिंह, घनश्याम ने मिलकर गांव में जनसंपर्क किया और आने वाले 2027 में अखिलेश यादव को जिताकर सपा की सरकार बनाने की अपील की।

## एक नजर

### यूजीसी बिल के विरोध में ज्ञापन



**नूरपुर।** यूजीसी बिल पास कराने के विरोध में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा गया। प्रदर्शनकारियों ने नगर में जुलूस निकाल कर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा अपने व्यक्तिगत हितों को साधने के लिए यूजीसी के माध्यम से एक बिल लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बिल के द्वारा स्वर्ण समाज के छात्र एवं छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। इस बिल के माध्यम से निर्दोष स्वर्ण बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। झूठी शिकायत करने वाले के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही न करने के इसमें प्रावधान है। यह स्वर्ण समाज के विरूद्ध काला कानून है। इस मौके पर मुकुल गुप्ता, सुनील कुमार, सुशील कुमार, मुनेश कुमार, हिरेंद्र सिंह, राजीव कुमार, आशीष कुमार, नरेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### ई-रिक्शा सहित चालक खाई में गिरा



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला पुराना कुआं निवासी अफसर अहमद अपनी ई-रिक्शा से अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह बिजली घर के पास पहुंचा, तो अज्ञात वाहन ने पीछे से ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा सहित चालक खाई में जा गिरा। जिससे अफसर अहमद को चोटें आई है। राहगीरों की मदद से ई-रिक्शा चालक को खाई से बाहर निकाला गया। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### जियो कंपनी के कार्यालय पर धरना



**किरतपुर।** ग्राम शाहपुर सुक्खा में काफी समय से जिओ नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है, लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नेटवर्क न आने के कारण गांव के छात्र, किसान, व्यापारी और आम नागरिक कॉल ड्रॉप व कमजोर सिग्नल की समस्या से परेशान हैं। विशेष रूप से सुबह और शाम के समय नेटवर्क पूरी तरह फेल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इसी को लेकर सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के नेतृत्व में किसानों ने जिओ कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि चार दिनों के भीतर नेटवर्क समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीण किसान यूनियन के साथ मिलकर जिओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देंगे। धरने में ब्लाक अध्यक्ष अरविंद राजपूत, रामशरण सिंह, महेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, अजमईन प्रधान, राजीव कुमार, राजेंद्र मोहन सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### इफ्तार पार्टियों का आयोजन



**अफजलगढ़।** कासमपुर गढ़ी बस स्टैंड पर स्थित सैफी संस्थान पर मौहम्मद उस्मान सैफी उर्फ कलवा द्वारा सामूहिक रोज़ा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। उस्मान सैफी ग्राम पंचायत मानियावाला से ग्राम प्रधान पद के भावी और सशक्त उम्मीदवारों में शुमार होता है वह वर्षों से समाज सेवा के कार्यों से जुड़े हुए हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रोज़ा इफ्तार कराना सवाब (पुण्य) का काम है। जिसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है। कासमपुर गढ़ी स्थित घास मंडी के विशाल मैदान में सीरवासुचंद के युवाओं द्वारा एक विशाल रोज़ा अफ्तार पार्टी का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों ने भारी संख्या में रोज़ा अफ्तार किया। डा. गुफरान अहमद अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीरवासुचंद व कासमपुर गढ़ी के युवाओं मौहम्मद आकिब, विशाल अहमद, रईस अंजुम, मौहम्मद आस्फि, नईम अहमद, मौहम्मद शहजाद, अफजाल अहमद, मौहम्मद इदरीस, मौहम्मद शोएब, मेहराज आलम, मौहम्मद शाहिद, मौहम्मद इरशाद, हाफिज रियासत, सोहेल अहमद, मौहम्मद हारुन, सरफराज फौजी द्वारा इफ्तार पार्टी का इंतजाम किया गया था। इफ्तार से पूर्व रोज़ा दारों ने क्षेत्र में अमन, शांति भाईचारा आपस में प्यार मौहब्बत, गुनाहों की तलाफी के लिए दुआ मांगी।

## एक नजर

### बस व थ्री व्हीलर की टक्कर, छह घायल



**कासमपुर गढ़ी।** थ्री व्हीलर चालक शमीम अहमद पुत्र लतीफ अहमद निवासी मौहल्ला मुमताज हुसैन शेरकोट की तरफ से सवारी लेकर अफजलगढ़ आ रहा था। जैसे ही उसका थ्री व्हीलर सुबह करीब ग्यारह बजे द्वारिकेश शुगर मिल के पास पहुंचा, तो पीछे से आ रही बस ने थ्री व्हीलर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसमें सवार मौहम्मद अनस पुत्र शानू निवासी ग्राम आलमपुर, अकरम पुत्र अली हसन निवासी ग्राम दुलीचंदपुर, चंद्रपाल पुत्र रूपा निवासी ग्राम आलमपुर, शाहीन परवीन पत्नी आरिफ निवासी ग्राम सुआवाला, आसमा पत्नी अमर इस्लाम शेरगढ़ घायल हो गए। घायलों को पुलिस की मदद से सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया। जबकि थ्री व्हीलर चालक शमीम अहमद की गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया। उधर इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलते ही जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कार-बाइक की टक्कर में दो घायल



**नहटौर।** कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम नंहेड़ा निवासी आसिफ (24 वर्ष) पुत्र नसीमुद्दीन और मोहसिन (27 वर्ष) पुत्र अकबर आज दोपहर करीब 12 बजे बाइक से जा रहे थे। नहटौर-नूरपुर मार्ग पर स्थित ग्राम बालापुर के पास सामने से आ रही कार से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों और ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों युवकों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल की ओर दौड़ पड़े। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्रदर्शन के बाद मूर्तियां स्थापित

**अफजलगढ़।** मूर्ति स्थापना को लेकर उठे विवाद के बाद पुलिस मूर्तियों को कब्जे में लेकर थाना ले आई थी। मूर्ति यथा स्थान स्थापित करने को लेकर भाकियू के घंटों चले धरना प्रदर्शन और वार्ता के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मूर्तियों को रखवाया। ग्राम हीरापुर गोकल उर्फ गढ़वावाला में बाबा लक्ष्मीदास व बाबा भूमिदास की मूर्तियां स्थापना को लेकर उत्पन्न विवाद के बाद सोमवार को स्थिति उस समय बदल गई, जब पुलिस ने मूर्तियों को यथा स्थान रखवा दिया। आयोजकों ने बताया कि पंडित द्वारा शुभ मुहूर्त के बाद मूर्तियां स्थापित कर दी जाएगी। गौरतलब है कि रविवार को थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़वावाला में उस समय स्थिति तनाव पूर्ण हो गई जब ग्रामीण एक थला पर अपने पूर्वजों की मूर्तियां स्थापित कर रहे थे। सूचना मिलते ही भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान के नेतृत्व में भारी संख्या में जिला पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने कोतवाली परिसर में पहुंच कर धरने पर बैठ गए। शैलेंद्र चौहान ने सत्ता पक्ष के भाजपा नेताओं पर मूर्ति स्थापना का विरोध करने का आरोप लगाया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने शासन की गाइड लाइंस पढ़कर सुनाते हुए मूर्ति स्थापना से जुड़े नियमों की जानकारी दी, लेकिन भाकियू नेता मूर्ति को उसी स्थान पर रखने की मांग पर अड़े रहे। भाकियू नेताओं व पुलिस के दरमियान काफी देर तक चली वार्ता के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई। इसके बाद बीती रात लगभग 10 बजे पुलिस की मौजूदगी में मूर्ति को पुन: निर्धारित स्थान पर पहुंचा दिया गया। भाकियू नेता सुरेंद्र चौहान ने बताया कि पंडित द्वारा दो-चार दिन में शुभ मुहूर्त निकालकर विधि-विधान से मूर्ति की स्थापना की जाएगी।

## नाम परिवर्तन सूचना

यह सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का पूर्व नाम 'वान्या आंचल राजपूत (Vaanya Anchal Rajput)'/'वानिया आचल राजपूत (Vannia Aachal Rajput)' था, जिसे अब परिवर्तित कर 'वान्या सिंह' कर दिया गया है। आज से उसका नाम वान्या सिंह (Vanya Siingh) ही माना जाएगा। दोनों नाम एक ही बालिका के हैं।

**पिता का नाम- यशवीर सिंह, माता का नाम- आंचल निवासी भोजपुर, पोस्ट भोजपुर, जिला बिजनौर**

**मोबाइल नम्बर- 9911033576**

## कार्यालय नगर पंचायत मण्डावर, जनपद-बिजनौर

पत्रांक: 577/न.पं.मण्डावर/ 2025-26 दिनांक:- 13.03.2026

**प्रस्ताव सूचना**

फील्ड लेबल कन्सलटेन्ट (चार्टेड एकाउन्टेन्ट एकल) सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मण्डावर, बिजनौर दोहरी लेखा प्रणाली लागू करने हेतु योग्य एवं अनुभवी फील्ड लेवल कन्सलटेन्ट (चार्टेड एकाउन्टेन्ट एकल) की आवश्यकता है। कार्य विवरण हेतु इच्छुक फर्म निकाय कार्यालय से सलाहकारी निर्देश पत्र (टी.ओ.आर.) दिनांक- 13.03.2026 से दिनांक- 27.03.2026 कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते है। अथवा विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय से सम्पर्क करें। तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव दिनांक- 27-03-2026 को सायं 03.00 बजे तक जमा किये जा सकते है। जो उसी दिनांक को सायं 04.00 बजे अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत मण्डावर द्वारा खोले जायेंगे। नगर पंचायत मण्डावर की शर्तें मान्य होगी। किसी भी सशर्त प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**(रामाश्रय)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मण्डावर**
**जनपद-बिजनौर**

**(मौ. आसिफ)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मण्डावर**
**जनपद-बिजनौर**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्रीमती मनीषा सिंघल पत्नी मुकेश कुमार मौहल्ला जाब्तागंज-2** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री योगेन्द्र कुमार लाहौटी पुत्र श्री शिवसरन लाहौटी** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **515/1/A जाब्तागंज-2** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) बिजनौर**

ओएम 17/26

**ललिता देवी बनाम अमित**

ललिता देवी उम्र 33 वर्ष पत्नी गुड्डू निवासी लाडनपुर महमदाबाद, पर. दारानगर, तह. जिला बिजनौर।

**बनाम**

1. अमित उम्र 25 वर्ष, 2. छोटे उम्र 27 वर्ष पुत्रगण नन्दराम निवासी लाडनपुर महमदाबाद, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर।

चूंकी उपरिनामांकित से यह आवेदन किया है कि आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए 19.03. 2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह स्वयं या सम्पर्क रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 19.03.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**

संख्या: 40/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 23.01.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-259 मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री जयराम सिंह पुत्र बल्लू सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा श्रीमती कैशर जहां पत्नी श्री मौहम्मद जावेद मौहल्ला काजीपाड़ा जुनूबी, बिजनौर को बैनामा किया गया है। जिनके द्वारा बैनामा श्री दिलशाद अहमद पुत्र इरशाद अहमद व शमा परवीन पत्नी दिलशाद अहमद के हक में किया है, जिनके द्वारा बैनामा, शपथ-पत्र व आई.डी. प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगणों का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**

संख्या: 52/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 11.03.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-76/1ए मौहल्ला पामरगंज, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री अनूप व मुकेश पुत्रगण लाला सुरेन्द्र कुमार के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा अरविन्द्र कुमार पुत्र रामप्रकाश के हक में किया है, जिनके द्वारा बैनामा आवेदक के हक में किया गया है। बैनामा एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, (जनपद-बिजनौर)**

संख्या: 51/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक:- 11.03.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-77 मौहल्ला पामरगंज, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती पुष्पा रानी पत्नी सुरेन्द्र कुमार के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा बैनामा अरविन्द्र कुमार पुत्र रामप्रकाश के हक में किया है, जिनके द्वारा बैनामा श्री सौरभ सेतिया पुत्र ओमप्रकाश सेतिया के हक में किया गया है। बैनामा एवं शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाज़ा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### क्वालिटी कंट्रोल विषय पर गोष्ठी




**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सेमिनार हाल में माइक्रो बायोलॉजी विभाग द्वारा शुगर इंडस्ट्री में माइक्रो बायोलॉजीकल क्वालिटी कंट्रोल विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, विवेक सिंह यादव, एचआर धामपुर शुगर मिल द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में सतवीर सिंह ने शुगर उद्योग में माइक्रो बायोलॉजीकल गुणवत्ता नियंत्रण की भूमिका, उत्पादन प्रकिया में सूक्ष्मजीवों के प्रभाव तथा गुणवत्ता बनाए रखने के विभिान्न तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दीं। वहीं विवेक सिंह द्वारा उद्योग में मानव संसाधन प्रबंधन, रोजगार के अवसरों तथा छात्रों के लिए आवश्यक कौशलों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में दौरान छात्रों ने अतिथियों से उद्योग से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से उत्तर दिया। यह व्याख्यान छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक साबित हुआ। इस अवसर पर रजिस्टार राजीव कुमार, अमित बिश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डा. विमल कुमार भारती, डा. समीर अहमद, प्रीति विश्नोई, विभाग की फैकल्टी मानसी, गौरव मलिक, डा. एकता मलिक, वैष्णवी अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन जौली चौहान द्वारा किया गया।

### शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक किया



**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथ दिन ग्राम सरकड़ा में फिट इंडिया मूवमेंट थीम पर उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूक करने तथा नियमित व्यायाम और खेलकूद को अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. अमित कुमार सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। उन्होंने कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासित दिनचर्या से ही व्यक्ति शारीरिक एवं मान. सिक रूप से स्वस्थ रह सकता है। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिनमें वॉलीबॉल, कबड्डी, रस्साकशी और कुर्सी दौड़ शामिल रहे। जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह, ऊर्जा और टीम भावना के साथ भाग लिया। इस दौरान डा. जितेंद्र चौधरी, डा. रवि धनकड़, आदि उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन लाइन से गन्ना जला



**नहटौर।** हाई वोल्टेज बिजली की लाइनों से निकली चिंगारी के कारण गन्ने के खेत में भीषण आग लग गई। आग से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पपसरा निवासी जितेंद्र पुत्र जसराम के गन्ने के खेत के ऊपर से हाई टेंशन बिजली की लाइनें गुजर रही हैं। चश्मदीदों और पीड़ित किसान जितेंद्र के मुताबिक आज शाम इन्हीं जर्जर तारों से अचानक चिंगारी निकली। चिंगारी ने सूखी पत्तियों और खड़ी गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे खेत में आग फैल गई। किसान जितेंद्र ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उन्होंने पहले भी विभाग को इन जर्जर तारों की शिकायत की थी और उन्हें बदलने या मरम्मत करने का अनुरोध किया था। हालांकि, विभाग ने इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपनी फसल का नुकसान उठाना पड़ा। इस आगजनी में गन्ने की तैयार खड़ी फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसान को भारी आर्थिक क्षति हुई है। घटना के बाद से ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी है। किसान अब प्रशासन से अपनी फसल के नुकसान के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

### भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत



**चांदपुर।** किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर भाकियू (टिकैत) मासिक पंचायत का आयोजन किया। डाक बंगले पर आयोजित पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष नितिन राणा ने की। पंचायत में 21 मार्च की शाम पांच बजे जनपद के सभी तहसील व ब्लॉक से सिसौली किसान भवन तीन दिवसीय प्राकृतिक खेती शिविर में पहुंचने की अपील की गई। सिसौली में आयोजित तीन दिवसीय शिविर में किसानों को ऑर्गेनिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी, कृषि विज्ञानिकों द्वारा कराई जाएगी। यूनियन के मिर्जापुरबरी मौहम्मद हनीफ ने किसान भाइयों से जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में ग्राम सिसोली पहुंचने की अपील की है। पंचायत में तहसील सचिव चौधरी हरीराज सिंह, चौधरी अमरपाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, सुनील चौधरी, नगराध्यक्ष बब्बू शेख, मौहम्मद याकूब, मैराजू प्रधान, चौधरी महिपाल सिंह, नेपाल प्रधान, राजीव कुमार, रोहतास प्रधान, सलमान शेख, लवीशेख, सुधांशु चौधरी व संगठन के लोग उपस्थित रहे। संचालन राजीव चौधरी ने किया।

# गुलदार की दहशत बरकरार

## वन विभाग की टीम ने गुलदार पकड़ने के लिए लगाया पिंजरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में गुलदार के हमले में दस वर्षीय बच्ची की मौत के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीमें चौबीस घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गुलदार को पकड़ने में नाकाम रही हैं।

गौरतलब है कि रविवार की सुबह करीब दस बजे मुकर्रमपुर निवासी अतुल कुमार के खेतों में गन्ने की बुवाई का काम चल रहा था। अतुल की पत्नी पिंकी अपनी 10 वर्षीय बेटी अदिति के साथ जंगल से घर लौट रही थीं। इसी दौरान, घात लगाकर बैठे गुलदार ने अचानक अदिति पर हमला कर दिया। गुलदार के हमले में अदिति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और गुलदार को पकड़ने के लिए इलाके में पिंजरा लगाया। हालांकि, घटना के चौबीस घंटे से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी गुलदार पिंजरे में नहीं फंसा है और वह अभी भी आजाद घूम रहा है। वन विभाग की टीमें इलाके में निगरानी कर रही हैं। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष है।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता लगातार बढ़ रही है, लेकिन प्रशासन के पास इससे निपटने के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। उन्होंने वन विभाग से जल्द से जल्द गुलदार को पकड़ने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की मांग की है।

# अलग-अलग हादसों में दो घायल

## गंभीर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** बीती रात धनौरा मार्ग पर ग्राम हरपुर दरबाड़ा के पास दो अलग-अलग बाइक सवारों को अज्ञात वाहन चालकों द्वारा जोरदार टक्कर मार दी गई। जिसमें वे बुरी तरह जख्मी हो गए।

बीती रात लगभग नौ बजे हरीप्रिया त्यागी निवासी ग्राम करोंधा चौधर बाइक पर जा रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बिट्टू उर्फ आशीष व अरुण सैनी ने घायल को तुरंत प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इस घटना के एक घंटे बाद उसी स्थान के पास दूसरा हादसा हो गया। जिसमें शाहिद पुत्र रईस अहमद निवासी ग्राम चुचेला कलां (अमरोहा) की बाइक को भी किसी अज्ञात वाहन चालक द्वारा टक्कर मार दी गई। घटना की सूचना पर शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह अपनी गाड़ी के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को अपनी गाड़ी में उठाकर चुचेला कला पहुंचवाया जहां से घायल के परिजनों को सूचना दी।

सूचना पाकर घायल के परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह का धन्यवाद अदा करते हुए घायल को अपने साथ ले गए।

### आंधी-तूफान के चलते कई घंटे रही बिजली आपूर्ति ठप्प

**नांगल सोती।** आंधी तूफान और बारिश के चलते कई गांवों की बिजली आपूर्ति बंद हो जाने से ग्रामीण खासे परेशान रहे। बिजली कर्मचारियों ने 14 घंटे बाद बिजली आपूर्ति को सुचारू किया।

क्षेत्र के सौफतपुर बिजली घर से हरचंदपुर, मायापुरी, नांगल, जीतपुर, शहजादपुर, खानपुर, चमरौला, लाल. पुर मान सहित दस गांव जुड़े हैं। बीती रात करीब 12 बजे तेज़ आंधी-तूफान में कई जगह खंबे टूटने और पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। बिजली आपूर्ति बाधित होने से हजारों उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। आज दोपहर करीब दो बजे बिजली कर्मियों के द्वारा बिजली आपूर्ति सुचारू हो सकी। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# पीएम आवास योजना की पहली किस्त जारी

## लाभार्थियों के चेहरे खिले



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्योहारा।** पीएम आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत नगर के लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपए की पहली किस्त प्रदान की गई। इस योजना का शुभारंभ सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा बटन दबाकर किया गया। जिसके माध्यम से प्रदेश भर के लगभग 90 हजार लाभार्थियों के खातों में सीधे धनराशि ट्रांसफर की गई। जैसे ही लाभार्थियों के खातों में राशि पहुंची उनके चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और लोगों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजना की सराहना की।

इस मौके पर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। पीएम आवास योजना (शहरी) भाजपा की उन महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है, जिसके माध्यम से देश और प्रदेश के लाखों गरीब परिवारों को पक्का घर मिलने का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा लाभार्थियों के खातों में भेजी गई धनराशि से नगर के कई जरूरतमंद परिवारों को अपने घर का निर्माण शुरू करने में बड़ी मदद मिलेगी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि पहले 247 के पीएम आए थे, इस बार 124 लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला है। पालिका की ओर से कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत करते हुए घर-घर जाकर पात्र लाभार्थियों की जानकारी एकत्र की और उनका सत्यापन किया। इस दौरान यह विशेष ध्यान रखा गया कि नगर का कोई भी पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित न रहे उन्होंने कहा कि पालिका लगातार प्रयास कर रही है कि सरकार की हर योजना का लाभ नगरवासियों तक समय पर और पारदर्शिता के साथ पहुंचे। वहीं अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लागू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा पात्र लाभार्थियों का चयन नियमों के अनुसार किया गया है और यह सुनिश्चित किया गया है कि वास्तव में जरूरतमंद लोगों को ही इस योजना का लाभ मिले उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर गरीब परिवार को पक्का घर मिले और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पूरे कार्य को सफल बनाने में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल, पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी सभी वार्ड सभासदों और पालिका कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा सभी ने मिलकर यह प्रयास किया कि नगर के अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को सरकार की इस योजना का लाभ मिल सके और कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति इससे वंचित न रहे।

इस मौके पर सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, भाजपा सदस्य मौहम्मद अकरम, विनोद तोमर, दिलशाद अंसारी, सभापति कफील अहमद, पालिका कर्मचारी हरीओम, पंकज कुमार, रामगोपाल, ओम प्रकाश, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने सरकार और पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना से उनके पक्के घर का सपना अब साकार होने जा रहा है और उन्हें एक नई उम्मीद मिली है।

# राजकीय आईटीआई बिजनौर में वृहद रोजगार मेला आज

**बिजनौर।** जिला सेवायोजन अधिकारी बिजनौर विशाल राठी एवं राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद के हर बेरोजगार युवा को उसकी योग्यता अनुसार रोजगार दिलाने के उद्देश्य से आज प्रात: 10:00 बजे से राजकीय आईटीआई बिजनौर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे इस मेले में लगभग 40 कंपनियां प्रतिभाग कर जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी, जिसमें स्थानीय स्तर की कंपनियां भी उपलब्ध रहेगी। महिला अभ्यर्थियों के लिए विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है, जिसमें हीरो मोटर कॉर्प हरिद्वार एवं दिव्य ज्योति नर्सिंग होम बिजनौर उपलब्ध रहेगी। सभी युवाओं से अपेक्षा है कि वह आज प्रात: 10:00 बजे अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय आईटीआई बिजनौर में उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ उठाएं।

# नहर पर पुल का निर्माण करने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** ग्राम बरुकी में सर्विस रोड पर नहर पर पुल बनाकर मार्ग चालू करने की मांग ग्रामीण पिछले काफी समय से कर रहे हैं। अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने एनएचएआई के बिजनौर मार्ग स्थित प्लांट पर धरना शुरू कर दिया। एनएचएआई के अधिकारियों का कहना है कि सिंचाई विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त न होने के कारण काम रुका हुआ है।अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा।

ग्राम बरुकी में ओवर ब्रिज शुरू हुए काफी समय बीत गया है। बिजनौर मार्ग पर सर्विस रोड पर नहर निकल रही है। नहर पर बना पुराना पुल तोड़ दिया गया है। जिसके चलते मार्ग बंद हो गया है। ग्रामीण पिछले काफी समय से नहर पर पुल के निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन नहर पर पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर धनकड़ के नेतृत्व में नगीना बिजनौर मार्ग स्थित कार्यालय पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर धर्मवीर धनकड़ ने कहा कि एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा लगातार वादाखिलाफी की जा रही है। वह कई बार पुल के निर्माण का वादा कर चुके हैं लेकिन अभी तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। पुल का निर्माण न होने के कारण सभी लोगों को ओवरब्रिज से होकर जाना पड़ रहा है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। उन्होंने अति शीघ्र नहर का पुल के निर्माण की मांग की। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए।

इस संबंध में एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया है कि नहर पर पुल के निर्माण के लिए सिंचाई विभाग को पत्र भेजा गया है। सिंचाई विभाग से अभी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष डा. विजय सिंह, ब्रजेश काकरान, तिलकराम खोवे, जय सिंह, पंकज सहरावत, मोंटी, चमन सिंह, रवि कुमार, अमरदीप आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**झालू।** मौहल्ला मौलवियान निवासी अरशद पुत्र मौहम्मद असलम ने थाना हल्दौर में दी गई तहरीर में बताया कि 12 मार्च की रात उसका छोटा भाई असद घर से बाजार में सामान लेने गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मौहल्ला मौलवियान ने उसके भाई के साथ कहासुनी की। बताया गया कि बाद में असद ने बाजार में पहुंचकर एक परिचित के फोन से अरशद को सूचना दी। सूचना मिलने पर जब अरशद मौके पर पहुंचा, तो वहां मौजूद लोगों ने उसकी स्कूटी को बाइक से टक्कर मार दी। इसके बाद विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। इस दौरान अरशद को चोटें आईं। मौके पर पहुंचे झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार आरोपियों द्वारा घटना स्थल पर छोड़ी गई एक बाइक को अपने साथ चौकी ले गए। घायल पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने नवेद, अजीम, आवेश और शावेज पुत्रगण हसीनुद्दीन निवासी मौहल्ला मौलवियान कस्बा झालू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### वार्षिकोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम



**धामपुर।** के.एम.एस. पब्लिक स्कूल कश्मीरी में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधन समिति के मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार तथा जिला अध्यक्ष कुंवर पाल सिंह तथा स्कूल के प्रबंधक अतुल कुमार चौहान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की छात्रा माही चौहान ने किया। छात्र-छात्राओं मे अभिलाषा, दक्ष, नीतिका, नव्या, दीपाली, ईशानी द्वारा स्वागत गीत गा गया। कार्यक्रम में गौरव, प्रिंस, विराट, मिस्टी, प्रांजल, माहिरा, यश देव, यश लक्षण, अक्षर, यशिका, परी, अभिलाष, तपस्वी तथा हार्दिक ने अच्छी परफॉर्मेंस दी। अंत में मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष तथा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल के प्रबंधक अतुल कुमार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्रधानाचार्या ललिता चौहान, कोऑर्डिनेटर मुकुल चौहान एवं समस्त स्टाफ ने सहयोग किया।

### पत्रकार के खाते से रकम उड़ाई

**बिजनौर।** पुलिस के तमाम प्रयासों के बावजूद साइबर ठगी की घटनायें रुकने का नाम नहीं ले रहीं। हैकरों ने एक मीडियाकर्मी को मोबाइल हैक कर भीम ऐप से जुड़े विभिन्न बैंक खातों से 7 लाख 90 हजार रुपए से अधिक की धनराशि उड़ा ली। नगर के नई बस्ती, गुरूद्वारा रोड निवासी पत्रकार अतुल गर्ग के पर्सनल तथा उनकी फर्मों के नाम से उनके बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक व आईडीबीआई फर्स्ट बैंक में चार अकाउंट हैं। अतुल गर्ग का कहना है कि हैकरों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। इसके बाद उनके मोबाइल में मौजूद भीम ऐप से जुड़े चार बैंक खातों से अलग-अलग डेट में रकम निकाल ली गई। इतना ही नहीं, हैकरों ने उनका फेसबुक आईडी और मोबाइल नंबर भी क्लोन कर लिया। हालांकि बाद में मोबाइल सिम को रिकवर कर लिया गया, लेकिन फेसबुक आईडी में पासवर्ड और ई-मेल बदल दिए जाने के कारण अभी तक उसकी रिकवरी नहीं हो सकी है। फ्रॉड की जानकारी मिलते ही अतुल गर्ग ने साइबर थाने में सूचना दी। पुलिस ने 12 मार्च को मामला दर्ज कर साइबर सेल के माध्यम से जांच शुरू कर दी है। एएसपी सिटी डा. केजी सिंह का कहना है कि ट्रांजैक्शन से जुड़े खातों की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

### मंदिर कमेटी के अध्यक्ष बने अमित रस्तोगी



**धामपुर।** श्री साई पैथोलॉजी लैब खारी कुआं पर श्री गौरी शंकर मंदिर कमेटी 2026 की एक मीटिंग का आयोजन हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से अमित रस्तोगी ग्लोबल ग्राफिक्स वालों को अध्यक्ष, संजय जैन किताबों वालो को महामंत्री, राहुल गुप्ता एडवोकेट कोषाध्यक्ष, शिवांश शर्मा शिवा को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल कटका, सुशील महेश्वरी, सौरभ मालपानी, शरद कौशिक, डॉ. ईश्वर चंद्र शर्मा, दिव्या, आलोक शर्मा और जितेंद्र वर्मा, आशुतोष वर्मा, आशीष शर्मा बिट्टू, अभिषेक गुप्ता फार्म हाउस वाले, यतेंद्र शर्मा एडवोकेट, रोहित माहेश्वरी, सुगम जैन आदि शामिल रहे।

### बुकिंग के बाद ही मिलेगा सिलेंडर

**अफजलगढ़।** ईरान व इजरायल-अमेरिका युद्ध के दौरान घरेलू गैस की किल्लत के बीच अफजलगढ़ इंडेन गैस एजेंसी, अफजलगढ़ के संचालक अखिलेश कौशिक ने उपभोक्ताओं को आश्वास्त करते हुए कहा कि उनके यहां घरेलू कुकिंग गैस की कोई कमी नहीं है, मगर शर्त है कि उपभोक्ता को गैस सिलेंडर बुकिंग के बाद ही मिलेगा। अखिलेश कौशिक ने कहा कि उनके यहां गैस लेने वालों की कोई भीड़ अथवा लाइन नहीं लगी है। उन्होंने कहा कि वे लोग जरूर भीड़ लगा रहे हैं, जिनकी बुकिंग नहीं हो पा रही है, क्योंकि 25 दिन के बाद ही गैस बुकिंग हो पाएगी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता निर्धारित समयानुसार गैस बुक कर और बुकिंग उपरांत प्राप्त मैसेज दिखाकर तुरंत गैस प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि वह किसी भी प्रकार की अफवाहों पर कतई ध्यान न दें, हड़बड़ाएं नहीं। बुकिंग उपरांहत हर उपभोक्ता को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें कि गैस की किल्लत की खबरों से लोग चिंतित है, साथ ही ईद के मद्देनजर लोगों में गैस सिलेंडर लेने की होड़ लगी हुई है।

### विद्यालय की भूमि पर कब्जे की शिकायत

**हल्दौर।** सीडी इंटर कॉलेज के पास स्थित खसरा नंबर 630 में दर्ज भूमि संस्थान की भूमि है। जहां शीशम और सिंबल सहित कई हरे-भरे पेड़ खड़े थे। आरोप है कि करीब तीन दिन पूर्व एक व्यक्ति ने उक्त भूमि पर खड़े पेड़ों को कटवा दिया और वहां निर्माण की तैयारी शुरू कर दी। बताया जाता है कि रात के समय जेसीबी मशीन से नींव खुदवाकर निर्माण कार्य तथा पिलर गाड़कर तारबंदी कर दी। मामले की जानकारी मिलने पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरव एरन और प्रबंधक सुशांत एरन सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे और विरोध जताया। प्रबंधन पक्ष का आरोप है कि विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। यह भी आरोप है कि कटवाए गए शीशम और सिंबल के पेड़ मौके से हटा लिए गए। विद्यालय प्रबंधन ने इस संबंध में उपजिलाधिकारी सदर रितु चौधरी को पत्र देकर मामले की शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद सोमवार को एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार व राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। नायब तहसीलदार फजल कमर ने बताया कि मामले की जांच कर आख्या उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई

मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद

मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# मामी के प्रेम में पागल पति ने पत्नी की कैंची घोंपकर ली जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मामी से निकाह कर उसी के साथ रहना चाहता था कातिल पति
- आशा वर्कर पत्नी कर रही थी लगातार विरोध
- तीन बेटियां और एक मासूम बेटे के सामने ली जान
- पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम को भेजी
- मृतका के भाई की और से दर्ज कराई रिपोर्ट

**सम्भल।** रिश्तों को कलंकित कर जीवन संगिनी बनाकर लाए पति ने पत्नी को ही कैंची घोंपकर मौत की नींद सुला डाला। खौफनाक वारदात को हत्यारे पति पर मामी के प्यार में पागल होकर अंजाम देने का आरोप है। पिता को मां की हत्या करते देख मासूम भी सिहर गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंडी किशन दास सराय में अमरोहा जनपद के आदमपुर निवासी नफीस पुत्र अनीस का विवाह जनपद बदॉयू के थाना उघैती के मौहल्ला निवासी नाजमा के साथ पन्द्रह साल पहले हुआ था। चार बच्चों के पिता पर इश्क का ऐंसा भूत सवार हुआ कि उसने रिश्तों को कलंकित कर दिया। आरोप है कि हत्यारा पति अपनी ही सगी मामी के साथ निकाह करना चाहता था। आशा वर्कर पत्नी पति के इस अनैतिक और रिश्तों पर कलंक लगा रहे पति का विरोध कर रही थी। इसी बात को लेकर घर में अक्सर झगड़ा होता था। रोज़-रोज के कलेह और प्रेम सम्बंधो में बाधा बन रही पत्नि हत्यारे पति और उसकी कथित मामी प्रेमिका ने आपस में हत्या करने का षडयंत्र रचा। सोमवार को करीब 9:30 बजे घर पहुंचा हत्या पति का पत्नी से विवाद इतना बढ़ गया कि उसने कैंची उठाई और पत्नी के सीनें में कैंची घोंप दी। खून से लथपथ पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि पत्नी को दर्दनाक मौत देकर हत्यारे पति ने उसी कैची से खुद भी कैंची मारकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। हत्या की सूचना पाकर मृतका के मयके के लोग भी मौके पर आ गए। अस्पताल की मोर्चरी में शव देख बुरी तरह बिलखपड़े। गम्भीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर बतायी जा रही है। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति पुलिस निगरानी में अस्पताल में भर्ती है। मृतका के भाई अकीन अहमद पुत्र जलील अहमद निवासी उघक्ैती गर्बी थाना उघैती की ओर से हत्या की तहरीर पुलिस को दी है।



सम्भल। जेल से रिहा होकर काफिले संग आते लोगों का अभिवादन करते जामा मस्जिद के सदर।

# मरने से आठ दस घंटे पूर्व डायल 112 पुलिस में भी की थी शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैंची घोंपकर पति के हाथों मौत की नींद सोर्यी पत्नी का दिन में भी विवाद हुआ था। डायल 112 पुलिस ने उसे बुलाया लेकिन कुछ देर बाद दोनों से बात कर छोड़ दिया। सांय को पति ने खौफनाक कांड को अंजाम दे डाला।

बताया जा रहा है कि रविवार की दोपहर को मतका के पास किसी महिला का फोन आया था। उसने उससे निकाह करने की बात कही थी। पत्नी को इसका पता चलते ही उसने अपने रिश्ते की बुआ को यह बात बतायी थी और 112डायल पुलिस को भी सूचना दी थी। डायल 112 पुलिस ने उसे बुला लिया। जबकि उसकी पत्नी को भी बुलाया गया। बताते हैं कि कुछ देर बाद डायल 112 पुलिस ने उन्हे घर वापस भेज दिया। बस यहीं से दोनों के बीच तल्लखी ओर बढ़ गयी। सांय तक खामोश रहे पति ने देर सांय पत्नी को कैंची घोंपकर मौत की नींद सुलाया।

# चींखते रहे बच्चे पति करता रहा क्रूरता की हदें पार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- मासूमों के सामने उजड़ा उनका संसार

**सम्भल।** रिश्तों को कलंकित कर जीवन संगिनी बनाकर लाए पति ने पत्नी को ही कैंची घोंपकर मौत की नींद सुला डाला। खौफनाक वारदात को हत्यारे पति पर मामी के प्यार में पागल होकर अंजाम देने का आरोप है। पिता को मां की हत्या करते देख मासूम भी सिहर गए।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंडी किशन दास सराय में अमरोहा जनपद के आदमपुर निवासी नफीस पुत्र अनीस का विवाह जनपद बदॉयू के थाना उघैती के मौहल्ला निवासी नाजमा के साथ पन्द्रह साल पहले हुआ था। चार बच्चों के पिता पर इश्क का ऐंसा भूत सवार हुआ कि उसने रिश्तों को कलंकित कर दिया। आरोप है कि हत्यारा पति अपनी ही सगी मामी के साथ निकाह करना चाहता था। आशा वर्कर पत्नी पति के इस अनैतिक और रिश्तों पर कलंक लगा रहे पति का विरोध कर रही थी। इसी बात को लेकर घर में अक्सर झगड़ा होता था। सोमवार को विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने घर में रखी कैंची उठाई और पत्नी के सीनें में कैंची घोंप दी। खून से लथपथ पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि पत्नी को दर्दनाक मौत देकर हत्यारे पति ने उसी कैंची से खुद भी कैंची मारकर आत्म हत्या करने का प्रयास किया। गम्भीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर बतायी जा रही है। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी पति पुलिस निगरानी में अस्पताल में भर्ती है।

# बेटी ही बनेगी कातिल बाप की सजा का आधार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिन मासूमों के सामने उनकी मां को कैंची घोंपकर मौत देने वाले पति के हत्या की चश्मदीद उसकी ही अपनी बेटी बनी है। जबकि कानून के जानकारों की माने तो बच्चों की यही गवाही पुलिस के लिए अदालत में आरोप पत्र दायर करने के लिए सबसे बड़ा आधार बनेगी वहीं हत्यारे पति के हाथों में हथकड़ी और गले में कानून का फंदा पड़ सकेगा। हालांकि पत्नी की जान लेने के बाद आरोपी ने खुद को खत्म करने के इरादे से अपने पेट में भी गहरी कैंची मार ली। लेकिन उसका यह प्रयास खुद के लिए आतमघाती तो होगा ही मगर कानून से उसे माफी या कोई ढील मिलना मुश्किल ही नहीं असम्भव है। बल्कि अपने ही मासूमों के सामने उनकी मां और अपनी पत्नी को हमेशा के लिए मौत देने वाले हत्यारे पिता की सजा इन मासूमों की गवाही ही आधार बनेगी।

# कत्ल करता रहा पति बचाने नहीं आए पड़ोसी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मासूमों की आंखो मे सामने उनकी मां को मौत दे रहे पति की इस करतूत को देखकर उसके मासूम बच्चे मदद के लिए चींख्ते रहे लेकिन आसपास के लोग मदद को नहीं आए। यह कहना था मृका की बड़ी बेटी का। उसने बताया कि पापा घर आए और उसकी अम्मी को लिटाकर सीने पर बैठकर कैंचे से कई वार किए। पिता के इस खौफनाक कांड को देखकर वह और उसकी बहन मदद के लिए चींख्ते रहे लेकिन कोई भी पड़ोसी उनकी मदद को नहीं आया। उसने बताया कि पापा का अपेयर चल रहा था। इसी को लेकर विवाद रहता था।

# दुआ इंसान के दिल में उम्मीद और सब्र पैदा करती है

- बंगले वाली मस्जिद में पूरी हुई 24वीं मेहराब

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** दीन और इस्लाह से जुड़ी बैठकों के सिलसिले में मशहूर आलिम-ए-दीन मुफ्ती मोहम्मद जुनैद साहब की 24वीं महराब रूहानी माहौल में पूरी हो गयी। मुकददस किताब के मुकम्मल होने पर दुआईया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इस उलेमा, बुजुर्ग, नौजवान और बड़ी संख्या में आम लोग मौजूद रहे।

सराय तरीन की बंगले वाली मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत हम्द-ए-पाक से हुई। जबकि मास्टर इमरान ने मुफ्ती मोहम्मद जुनैद कासमी की खिदमत में (सम्मान पत्र) पेश कर पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जबकि उनके दीन की सेवा और इल्मी कोशिशों की सराहना की। मुफ्ती मोहम्मद जुनैद कासमी ने बहुत ही सरल और प्रभावशाली शब्दों में दुआ की अहमियत, इंसान की जिंदगी में उसकी जरूरत और समाज में अच्छे चरित्र की महत्ता पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि दुआ इंसान को अल्लाह से जोड़ती है और इंसान के दिल में उम्मीद, सब्र और सुकून पैदा करती है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे अपनी जिंदगी में अच्छे काम करें, दूसरों की मदद करें और समाज में प्यार और भाईचारे को बढ़ावा दें। मुफ्ती साहब ने कहा कि आज के दौर में समाज को सबसे ज्यादा जरूरत आपसी सम्मान, नैतिक मूल्यों और इंसानियत को मजबूत करने की है। अगर लोग एक-दूसरे की मदद करें, गरीबों और जरूरतमंदों का ख्याल रखें और अच्छे चरित्र के साथ जिंदगी बिताएं तो समाज में शांति और खुशहाली आ सकती है। कार्यक्रम के आखिर में मुफ्ती मोहम्मद जुनैद कासमी ने देश में अमन-चैन, समाज में भाईचारे और पूरी इंसानियत की भलाई के लिए विशेष दुआ कराई। इस मौके पर मौजूद सभी लोगों ने पूरी श्रद्धा और ध्यान के साथ दुआ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने रूहानी और इस्लाही कार्यक्रम को बहुत अच्छा और लाभदायक बताया और उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे, जिससे समाज में अच्छे विचार और आपसी भाईचारा बढ़े। इस मौके पर बब्बू खां, खादिम, साजिद खां, अकरम पहलवाल, उजैर खां, वसीम खां,



सम्भल- निज कार्यालय पी पीडीए पाठशाला में बच्चों को पढ़ाते फिरोज खा।

## बबिता ने पांच किलोमीटर दंडवत यात्रा की

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर क्षेत्र में आस्था का एक अनूठा उदाहरण सामने आया है गांव अकबरपुर की बबीता ने अपनी मन्नत पूरी होने पर सोमवार को पांच किलोमीटर की दण्डवत यात्र की। वह प्राचीन पाताली शिव मंदिर तक दंडवत करते हुए पहुंचीं मोमराज की पुत्री बबीता कुछ समय से अस्वस्थ थीं बीमारी से मुक्ति पाने के लिए उन्होंने पाताली शिव मंदिर में भगवान शिव से मन्नत मांगी थी उन्होंने संकल्प लिया था कि स्वस्थ होने पर वह दंडवत यात्रा कर मंदिर के दर्शन करेंगी समय के साथ बबीता के स्वास्थ्य में सुधार हुआ और वह पूरी तरह स्वस्थ हो गईं अपनी मन्नत याद आने पर उन्होंने संकल्प पूरा करने का निर्णय लिया सोमवार सुबह उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं के साथ यह यात्रा शुरू की यात्र के दौरान महिलाएं भजन-कीर्तन करती हुई चल रही थीं बबीता सड़क पर गद्दे बिछाकर एक-एक दंडवत करते हुए आगे बढ़ रही थीं एक महिला उनके आगे-आगे झाड़ू लगाकर रास्ता साफ कर रही थी इस अनोखे दृश्य को देखकर रास्ते से गुजरने वाले लोग भी रुककर देखने लगे लगभग पांच किलोमीटर की कठिन दंडवत यात्रा पूरी की।

# कार्यकर्ता पार्टी का मजबूत स्तम्भ: चौ. हरेन्द्र सिंह रिंकू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

- पं. दीन दयाल उपाध्याय शिविर में कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण

**बबराला।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर व कार्यकर्ताओ की कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें सत्रों में मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू,पूर्व भाजपा जिलाध यक्ष ओमवीर खड़कवंशी,पूर्व नगर पंचायत अधयक्ष गंवा अखिलेश अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष गंवा रहे।

बबराला मंडल की साइन कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू ने कहा कि भाजपा को उच्च शिखर पर पहुंचाने वाले आप सभी कार्यकर्ता हैं। आप भाजपा के कर्णधार हैं और अपनी सेवा के द्वारा आगे भी पार्टी को उच्च शिखर पर पहुंचने का कार्य करें। प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव को पार्टी के कार्यों में लगायें। जिससे उसे और मजबूती मिले। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता निष्ठा के साथ कार्य करें और आगामी चुनाव में भाजपा को मजबूती प्रदान करें। भाजपा सरकार सभी वर्गों के लिए योजनाओं को चला रही है। जिससे सभी को लाभ मिल रहा है। भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार करें।नगर पंचायत गंवा के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की देश व प्रदेश की सरकार सबका साथ सबका विकास कर रही है। देश व प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री अजीत कुमार,नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू,भाजयुमो जिलाध्यक्ष शिखर गोयल,मंडल अध्यक्ष बबराला योगेंद्र यादव,विनय वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, मोरपाल यादव, संजीव खड़गवंशी, नीरज यादव, मोनू ठाकुर, उमेश यादव, मीना गुप्ता हरिओम गुप्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नज़र इधर भी

### परशुराम जयंती पर हो अवकाश घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने मिलकर उनसे परशुराम जयंती पर अवकाश व यूजीसी लागू न करने के लिए सरकार से मांग की और यूजीसी पर अपना विरोध दर्ज कराया।

ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने बताया कि उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर उन्हें परशुराम जयंती के अवसर पर अवकाश घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम हमारे पूजनीय है। उनकी जयंती पर प्रदेश में अवकाश होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यूजीसी का विरोध जताया और उनसे कहा कि इसको लागू नहीं किया जाना चाहिए। यह हित में नहीं है। इसके लिए उन्होंने उन्हें पत्र भी सौंपा।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर बढत्ने जल स्तर पर उफान लेती गंगा नदी।

### बबराला पहुंची अखंड ज्योति रथयात्रा का स्वागत

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गंगोत्री से चलकर गंगासागर तक जाने वाली मां गंगा की चरण पादुका एवं अखंड ज्योति रथ यात्रा का नगर बबराला में पहुंचने पर श्रृद्वालुओं ने स्वागत किया और पुष्प अर्पित किये।

नगर बबराला व गुन्नौर में रथ यात्रा पहुँची। जिसका जगह जगह स्वागत हुआ। गंगाघाट राजघाट पर मां गंगा जन कल्याण समिति द्वारा अनवरत चल रही गंगा आरती में यात्रा पुरोहित व अन्य श्रृद्वालु शामिल हुए। स्कूल बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व गीत भजन प्रस्तुत किये।इ स दौरान गंगा समिति के महामंत्री योगेन्द्र सिंह,डिम्पल वार्ष्णेय, मुनीष कुमार, देवदत्त शर्मा, सत्यम मिश्रा, पुष्पेन्द्र शर्मा आदि रहे। उसके बाद श्री सीताराम मंदिर गुन्नौर पर यात्रा पहुंची। जहाँ सुंदरकांड का पाठ हुआ। समापन व आरती हुई। सभी भक्तजनो ने मंदिर पर पहुंचकर मां गंगा की चरण पादुका व अखंड ज्योति के दर्शन किये। सुंदरकांड पाठ में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यहाँ काफी संख्या में श्रृद्वालु मौजूद रहे।

### बाइक को कार ने टक्कर मारी, महिला समेत तीन घायल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार, महिला और उसके एक वर्षीय बेटे समेत तीन लोग घायल हो गए। सोमवार को यह घटना आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर नरोरा व गुन्नौर के बीच रसूलपुर पुलिया के पास हुई। जब एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दान सिंह निवासी हुसैनपुर सैलाब कोतवाली गुन्नौर अपनी रिश्तेदार पिकी व एक वर्षीय बेटे को लेकर पाताली शिव मन्दिर से लौट रहे थे।तभी उनको कार ने टक्कर मार दी।जिसमें तीनो घायल हो गये। इनको अस्पताल गुन्नौर लाया गया।

## एक नज़र इधर भी

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर रात्रि समय 10:30 को हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई हादसे में युवक सड़क पर गिर गया और गंभीर चोटों के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई बुलंदशहर के थाना नरोरा क्षेत्र के गांव नोदेई की मढैया निवासी सोनू अपने बड़े भाई देवीराम की ससुराल गुन्नौर से बाइक से वापस घर जा रहा था। जैसे ही वह नरोरा काली मंदिर के पास पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।जिसमें उसकी मौत हो गयी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश पर संगोष्ठी आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय शिक्षा बोर्ड (राष्ट्रीय विद्यालयी बोर्ड- उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित) के तत्वावधान में आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परम्परा का समावेश विषय पर कल आज प्रात: 11 बजे से कलक्ट्रेट सभागार में तथा अपराह्न 3 बजे से डीआर रिसोर्ट इस्लामनगर रोड़ बहजोई में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डा. एन पी सिंह (आईएएस-सेवानिवृत) चेयरमैन भारतीय शिक्षा बोर्ड भारत तथा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया(आईएएस) तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट रहेंगे।

### नगर मजिस्ट्रेट ने कराई दो लैब सील

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** पैथोलोजी लैबों का नगर मजिस्ट्रेट ने अचानक निरीक्षण किया। निरीक्षण में नगर मजिस्ट्रेट के निरीक्षण में पैथोलोजी लैबों का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा था। दो लैबों को सील कर दिया गया।

सोमवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने मौ. आलम सराय, नन्दन स्वीट्स के बराबर में गली तिरंगा मार्केट में स्थित लाईफ सेवर पैथोलाजी लैब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान के बाहर किसी भी प्रकार का पैथोलाजी लैब का बोर्ड लगा हुआ नहीं था। जबकि लाईफ सेवर पैथोलाजी, डा. लाल पैथ लैब, पैथकेयर आदि के लैटर पैड मिले। मौके पर लैब में विनय पुत्र राजपाल निवासी ग्राम खिरनी मोहिउद्दीनपुर तहसील सम्भल उपस्थित मिले। इनके द्वारा अवगत कराया गया कि इस पैथोलाजी के मालिक दुर्गेश सैनी निवासी शहजादी सराय, सम्भल है। इसके अलावा मौके पर पैथोलोजी सम्बन्धी उपकरण एवं लैपटाप मिला। इसके अलावा रोडवेज के सामने स्थित पैथोलाजी लैब स्थित सैयद मार्केट स्थित पैथेलोजी लैब के निरीक्षण में मैक्स पैथोलाजी, मैक्स पैथ लैब, एच.वाई पैथो लैब आदि के लैटर पैड मिले। मौके पर लैब में रजा-उल हसैन पुत्र मौ. शमी निवासी सैफ खां सराय, मिले। इनके द्वारा अवगत कराया गया कि इस पैथोलाजी के मालिक मो. वसी है। जबकि मौके पर पैथोलाजी सम्बन्धी उपकरण एवं कम्प्यूटर मिला। निरीक्षण के समय लैब में जांच की मशीने सैल काउंटर आदि रखी हुई पायी गयी। लैब में एक व्यक्ति सतवीर पुत्र धीरेन्द्र निवासी मौहम्मदपुर अपनी जांच कराने हेतु उपस्थित मिला। मौके पर मौजूद व्यक्ति से लैब संचालक को बुलाने को कहा गया परन्तु काफी देर इंतजार करने के पश्चात भी लैब संचालक मौके पर उपस्थित नहीं हुए और न ही लैब संचालन के सम्बन्धा में कोई वैध अभिलेख दिखाये गए। दोनों ही लैबों को सील कर दिया गया।

## कर करेत्तर की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में कर करेत्तर/ न्यायालय, राजस्व, चकबंदी वाद एवं चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आबकारी की रैंक सुधार को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाट माप विभाग को पेट्रोल पम्प के सत्यापन को लेकर निर्देशित किया। औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि रैंक खराब न हो यह सुनिश्चित किया जाए। खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि लाइसेंस लंबित न रहें यह सुनिश्चित किया जाए। एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि ट्रेड सर्टिफिकेट लम्बित न रहने के अलावा धारा 80 को लेकर 45 दिन से ऊपर लम्बित वाद को लेकर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सरकार को नहीं खरीदने दी जायेगी किसानों की जमीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाकियू असली के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव के आवास पर किसानों ने पहुंचकर भूमि अधिग्रहण को लेकर अपना दर्द साझा किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव और प्रवक्ता जयवीर सिंह के नेतृत्व में भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों के साथ रहकर सारंगपुर, नारंगपुर, अमावती, भमौरी पटटी और खरसपा आदि गांव में जन सर्म्पक कर किसानों के दर्द को सुना गया। जिस पर किसानों ने कहा कि उनकी बाप दादाओं के जमाने की विरासत में मिली जमीन को किसी कीमत पर नहीं देना चाहते हैं। क्योंकि जिन लोगों की जमीन अधिग्रहीत की गई उनकी स्थिति बंधुा मजदूरों जैसी जिन्दगी बिता रहे हैं।

# किसानों के निजि नलकूपों से केबिल बैट्री स्टार्टर चोरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** जंगल से दस किसानों के निजि नलकूपों में चोरों ने नकब लगाकर स्टार्टर, केबिल, बैट्रा चोरी कर लिया। रविवार की सुबह खेतों पर पहुंचे किसानों को चोरी की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। किसानों ने चोरी की वारदात होने पर प्रदर्शन किया। सूचना पीआरवी को दी तो डॉयल 112 मौके पर पहुंची और किसानों से जानकारी की।

शनिवार की रात्रि असमोली थाना क्षेत्र के ओबरी गांव निवासी किसान मेहंदी हसन, मोहम्मद असलम, नूर आलम के निजि नलकूप से ताले तोड़ और नकब लगाकर हजारों रूपए की कीमत के बिजली उपकरण चोरी कर लिए। चोरों ने टांडा कोठी गांव के जंगल में पूर्व प्रधान शिवशंकर के निजि नलकूप में नकब लगाया और हजारों रूपए की कीमत के बिजली उपकरण चोरी करने के बाद चोर चरन सिंह, रोहित,विनित, सुनिल, यूसुफ के नलकूप पर पहुंचे और बिजली के उपकरण चोरी कर लिए। चोरों ने टांडा कोठी गांव निवासी अशोक कुमार के निजि नलकूप की कोठरी में नकब लगाने की कोशिश की। आहट सुनकर चोर वारदात को अंजाम दिए बिना भाग गए। रविवार की सुबह किसान जब खेतों पर पहुंचे तो निजि नलकूपों के कक्षों के ताले टूटे देखे। जबकि कई नलकूपो में नकब लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। एक ही रात में और एक ही गांव के सात किसानों के निजि नलकूपों में चोरी का जानकारी किसानों को हुई तो सूचना डॉयल 112 को दी। मौके पर पहुंची पी आर वी ने किसानों से चोरी की बाबत जानकारी की। आक्रोशित हुए किसानों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान चरन सिंह अरूणशंकर, रोहित, विनित, सुनिल यूसुफ आदि मौजूद रहे।



सम्भल- हल्लू सराय में श्रीशिव पुराण कथा में कथा का श्रवण करते श्रृद्वालु।


**विज्ञप्ति/प्रवेश हेतू सूचना**

**डीएलएड ( B T C ) प्रशिक्षण 2025 हेतु ऑन लाइन आवेदन**

**सितारा बन्नो मेमोरियल डिग्री कॉलेज**

**बिलारी रोड, सिरसी, जिला-सम्भल ( कॉलेज कोड 750002 )**

**अल्पसंख्यक संस्थान**

डी एल एड (B T C) प्रशिक्षण हेतु ऑन लाइन आवेदन N C T E/ S C E R T से मान्यता प्राप्त एवं सम्बद्ध डी एल एड (बीटीसी) प्रशिक्षण 2025 हेतृ निर्गत शासनादेश संख्या-1169/68- 4-2025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 12.11.2025 एवं शासनादेश संख्या 653/ 15.11.2025 दिनांक 10 जून 2025 तथा यथा संशोधित शासनादेश संख्या 612/15.11.2017 दिनांक 25.05.2017 के अनुपालन व परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ. प्र. की विज्ञप्ति दिनांक 12 नवम्बर 2025 के अनुक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

**नोट:-** समस्त अर्हताएं सूचना NCTE/SCERT के मानकानुसार।

अधिक जानकारी के लिए कॉलेज में सर्म्पक करे।

**-:मोबाइल नम्बर:- 8171869153, 9808982326, 9219250005**

# मूढापांडे थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी, चार लोगों की मौत, एक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद/मूढ़ापांडे।** जिले के मुंढापांडे थाना क्षेत्र में दिल्लीख्रलखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। मानकारा मोड़ के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदी ईंटें सड़क पर बिखर गई और कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई।सूचना मिलने पर मुंढापांडे थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने घायल कार चालक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल मुरादाबाद भेजा, जहां उसका उपचार चल रहा है। वहीं कार में सवार चार लोगों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कार



सवार सभी लोग उत्तराखंड के हल्द्वानी के निवासी बताए जा रहे हैं और किसी काम से दिल्ली की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार मुंढापांडे क्षेत्र के मानकारा मोड़ के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और आगे चल रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराया।हादसे के बाद कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारु कराया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है और उनके परि. जनों को भी सूचना दी जा रही है।

साथ ही पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे से मृतकों के परिवारों में को. हराम मचा हुआ है।

# प्राचार्य ने डीएम को भेंट की एसएम कॉलेज की 'स्पंदन' पुस्तिका

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने सोमवार को महाविद्यालय के प्राधिकृत नियंत्रक एवं जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह पैंसिया को कॉलेज की वार्षिक पत्रिका 'स्पंदन' भेंट की। बताया जाता है कि लगभग बीस वर्ष पूर्व तक महाविद्यालय की ओर से नियमित रूप से पत्रिका प्रकाशित की जाती थी, जिसमें कॉलेज के प्रोफेसरों और विद्यार्थियों द्वारा अपने लेख, रचनाएं तथा महाविद्यालय के इतिहास और जीवन उपयोगी विषयों से जुड़ी सामग्री प्रकाशित की जाती थी। बाद में विभिन्न कारणों से इस प्रकार की पत्रिका का प्रकाशन बंद हो गया था। लंबे अंतराल के बाद पिछले वर्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव के प्रयास से पुनः 'स्पंदन' पुस्तिका का प्रकाशन कराया गया। इस पुस्तिका में शिक्षकों और विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्तियों को स्थान दिया गया है। हालांकि महाविद्यालय के प्रबंधन तंत्र और प्राचार्य के बीच चल रहे विवाद के कारण उस समय पुस्तिका का वितरण नहीं हो सका था। बाद में जब प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने पुनः कार्यभार संभाला तो कॉलेज में इन पुस्तिकाओं का वितरण शुरू कराया गया। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र सिंह पैंसिया को 'स्पंदन' पुस्तिका भेंट कर महाविद्यालय की शैक्षिक व साहित्यिक गतिविधियों की जानकारी दी।



## एक नजर

### कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने ग्रामों में होली मिलन समारोह में की शिरकत



**कुंदरकी।** कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने आज कुंदरकी विधानसभा में ग्रामों रायब नगला, शेखूपुर खास कदालपुर मस्ती, हरियाणा, गुरेर, मिलक गुरेर एवं मझौली खास आदि ग्रामों में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने होली मिलन समारोह को आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक बताया और सभी उपस्थित लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि रायब नगला गांव में पहली बार उनकी निधि से सड़क निर्माण कराया गया है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुंदरकी की जनता ने जिस उम्मीद से उन्हें समर्थन दिया है, वह उसी समर्थन की वजह से क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर हैं।

### संयुक्त चिकित्सालय में उमड़ रही भीड़, नेत्र रोगी व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी

**चन्दौसी।** मौसम में बदलाव के साथ ही संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। खासतौर पर नेत्र रोग और बुखार से पीडिघ्त मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी देखी जा रही है। अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जाती हैं। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को लगातार मरीजों को देखने में काफी व्यस्तता बनी हुई है। संयुक्त चिकित्सालय के साथ ही परिसर में संचालित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में भी प्रतिदिन 150 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष यादव ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे से ही मरीजों की लाइन लग जाती है। डॉक्टरों द्वारा सभी मरीजों को देखकर आवश्यक परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मौसम बदलने के कारण सर्दी-जुकाम, बुखार और आंखों से संबंधित बीमारियों के मरीज अधिक आ रहे हैं। चिकित्सकों ने लोगों से बदलते मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने, साफ-सफाई बनाए रखने और किसी भी समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी है।

### सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ स्वदेशी जागरण मंच के महानगर संयोजक हुए नियुक्त

**मुरादाबाद।** स्वदेशी विचारधारा को बढ़ावा देने वाले संगठन स्वदेशी जागरण मंच ने शहर के समाजसेवी एवं ऑल इंडिया सिख स्टूडेंट फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ को मुरादाबाद महानगर संयोजक के पद पर मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा के बाद शहर में खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है।सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ लंबे समय से सामाजिक और जनसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं। विभिन्न सामाजिक संगठनों के माध्यम से वे समाज हित में कई गतिविधियों में भाग लेते रहे हैं। संगठन की ओर से उन्हें यह जिम्मेदारी दिए जाने को लेकर उनके समर्थकों और शुभचिंतकों में उत्साह देखा जा रहा है।नियुक्ति की खबर सामने आते ही सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। शहर के कई सामाजिक, राजनी. तिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। लोगों का कहना है कि उनके नेतृत्व में स्वदेशी जागरण मंच की गतिविधियों को नई गति मिलेगी।इस अवसर पर सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच का उद्देश्य स्वदेशी विचारधारा को बढ़ावा देना और देश की आर्थिक व सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि संगठन के माध्यम से स्थानीय स्तर पर स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। साथ ही युवाओं को भी स्वदेशी विचारधारा से जोड़ने का काम किया जाएगा।शहर के कई गणमान्य लोगों ने उम्मीद जताई कि सरदार गुरप्रीत सिंह दुआ के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियां और अधिक सक्रिय होंगी और समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

## चाय की दुकान के नाम को लेकर हुआ विवाद

**चन्दौसी।** नगर के गौशाला रोड स्थित मुख्य चौराहे के पास एक चाय की दुकान को लेकर सोमवार को विवाद की स्थिति बन गई। जानकारी मिलने पर बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और दुकान के नाम को लेकर आपत्ति जताने लगे। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का कहना था कि दुकान संचालक मुस्लिम समुदाय का व्यक्ति है, लेकिन दुकान पर हिंदू नाम लिखकर दुकान चलाई जा रही है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया और दुकान पर सही नाम लिखने की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को शांत कराया और दुकान संचालक को हिदायत दी कि वह दुकान पर अपना वास्तविक नाम ही लिखवाए। हालांकि पुलिस की समझाइश के बाद मामला शांत हो गया और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

# बोलेरो और ट्रैक्टर-ट्रॉली की हुई टक्कर, महिला सहित चार लोग हुए गंभीर घायल

**मुरादाबाद/कुंदरकी।** जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र डोमघर-बिलारी रोड पर सोमवार को एक सड़क हादसे में बोलेरो गाड़ी और ट्रैक्टर-ट्रॉली की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो सवार एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई।बताया जा रहा है कि सभी लोग बोलेरो गाड़ी से गाजियाबाद की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी कुंदरकी थाना क्षेत्र के डोमघर- बिलारी रोड पर पहुंची, तभी सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए।हादसे की सूचना मिलते ही कुंदरकी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल मुरादाबाद भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घायलों



की पहचान महेश पुत्र अमरपाल, ओमप्रकाश पुत्र महीपाल, अमरपाल पुत्र रतनलाल और ममता पत्नी अमरपाल के रूप में हुई है। सभी लोग थाना सरौली क्षेत्र के ग्राम शिखा जाट नगला, जिला बरेली के निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार हादसे में सभी को गंभीर चोटें आई हैं और अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घटना के बाद पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया।पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और लाप. रवाही को दुर्घटना की वजह माना जा रहा है। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# महानगर में अंडर-16 और अंडर-19 क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय ट्रायल शुरू

**मुरादाबाद।** जनपद के दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल मैदान में डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में अंडर-16 और अंडर-19 आयु वर्ग के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए दो दिवसीय ट्रायल का आयोजन किया गया। ट्रायल में मुरादाबाद के साथ-साथ



अमरोहा और संभल जनपद के बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबा. जी और फील्डिंग में अपनी क्षमता दिखाते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। मैदान पर सुबह से ही खिलाड़ियों में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। कई प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया।डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि ट्रायल का उद्देश्य जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है, ताकि उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिल सके। ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय क्रिकेट टीम के लिए किया जाएगा।एसोसिएशन के सेक्रेटरी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को आगे मंडल स्तर और उसके बाद प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर मिल सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे ट्रायल के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।इस मौके पर एसोसिएशन से जुड़े बदरुद्दीन सिद्दीकी और नजाकत अली भी मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन और मेहनत के साथ खेल में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।ट्रायल के पहले दिन बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लिया और मैदान पर रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार ट्रायल के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया जाएगा, जिसके बाद चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की जाएगी।

# दरोगा भर्ती परीक्षा के सवाल पर विवाद विधायक रितेश गुप्ता ने जताई आपत्ति

**मुरादाबाद।** जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा के दौरान पूछे गए एक कथित आपत्तिजनक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कड़ी आपत्ति जताते हुए संबंधित प्रश्न को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है।बताया जा रहा है कि दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न में "पंडित" शब्द के विकल्प के रूप में कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग किया गया, जिसे लेकर ब्राह्मण समाज और अन्य लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है।

सोशल मीडिया पर भी यह सवाल तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।नगर विधायक रितेश गुप्ता ने इस मामले को गंभीर बताते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट के माध्यम से अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परीक्षा में "पंडित" शब्द के साथ जिस प्रकार के शब्द विकल्प के रूप में दिए गए हैं, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रश्नों से किसी भी वर्ग या समाज की भावनाओं



को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। विधायक ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाएं युवाओं के भविष्य से जुड़ी होती हैं और उनमें पूछे जाने वाले प्रश्नों का चयन अत्यंत सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस मामले की जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।वहीं इस मुद्दे को लेकर मुरादाबाद में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भी नाराजगी जताई है। कुछ संगठनों ने इसे समाज की गरिमा के खिलाफ बताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी संज्ञान में आई है और यदि प्रश्न में कोई आपत्तिजनक सामग्री पाई जाती है तो संबंधित स्तर पर उचित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर चर्चा जारी है और लोग परीक्षा में पूछे गए प्रश्न को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

## चोरी के माल रखने के मामले में अभियुक्त को सात वर्ष से अधिक की सजा

**चन्दौसी।** थाना गुन्नौर क्षेत्र के ग्राम रिजवाना निवासी फूलसिंह पुत्र श्रीपाल (आयु लगभग 33 वर्ष) को चोरी के माल रखने से संबंधित मामले में न्यायालय ने सजा सुनाई है। यह मामला अपराध संख्या 41/2017 से जुड़ा है, जिसमें अभियुक्तों नेमपाल व फूलसिंह के विरुद्ध धारा 411, 413 व 414 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। विचारण के दौरान अभियुक्त फूलसिंह की ओर से जुर्म इकबाल प्रार्थना पत्र जिला कारागार मुरादाबाद के जेलर के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्दौसी (जनपद संभल) आर.जी. फौजदार की अदालत ने अभियुक्त फूलसिंह को धारा 411 के अंतर्गत दो वर्ष के कठोर कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं धारा 413 के अंतर्गत सात वर्ष दो माह के कठोर कारावास तथा दो हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इसके अलावा धारा 414 के तहत दो वर्ष के कठोर कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय ने आदेश दिया कि अभियुक्त को दी गई सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले की पैरवी एडीजीसी हरिओम प्रकाश उर्फ हरीश सैनी द्वारा की गई।

**बेदखली सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मैने अपने पुत्र सैफ मोहसिन व उसकी पत्नी आयशा नफीस को गलत संगत में पड जाने व मेरे व मेरे परिवारजनो के प्रति गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में सैफ मोहसिन व उसकी पत्नी आयशा नफीस के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेन-देन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद मोहसिन पुत्र अबरार हुसैन निवासी धमीरी पानी की टंकी के पास आजाद नगर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# बादशाह ने टीएमयू रॉक ऑन में बेशुमार युवा दिलों पर छोड़ी अपनी बादशाहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रंग-बिरंगी लेजर लाइट्स, संगीत की तेज बीट्स, बेशुमार युवाओं की भीड़, यूथस के लिए सजी महफिल में वन्स मोर, वन्स मोर का शोर, हजारों मोबाइल्स की फ्लैश, सीटियां, तालियां सरीखे मंजर में जाने-माने रैपर और पॉप सिंगर बादशाह की तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में रॉक ऑन के मंच पर धमाकेदार एंट्री हुई तो युवाओं के दिलों की धड़कनें बेकाबू हो गईं। एक तू मेरी बेबी डॉल..., अभी तो पार्टी शुरू हुई है..., लड़की ब्युटीफुल कर गई चुल..., बेबी को बेस पसंद है..., तेनू काला चश्मा जंचदा ऐ..., कर फतेह, सैटरडे -सैटरडे, वन्दे मातरम, सेल्फी ले ले रे.. सरीखे गानों के लिए विख्यात बादशाह ने दीक्षांत समारोह- 2026 के दूसरे दिन एम्पीथियेटर- ओपन प्लाजा में एक से बढ़कर एक गानों पर दमदार प्रस्तुति दी। हर परफॉर्मेंस पर हजारों संगीत प्रेमी स्टुडेंट्स के संग-संग अतिथियों के पैर भी थिरकने लगे। जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, सुश्री नंदिनी जैन आदि तक भी अपने आप को झूमने से नहीं रोक पाए। बीच-बीच में अपने-अपने मोबाइल्स से पसंदीदा रैपर बादशाह की विभिन्न अदाओं को कैद करने की होड़ लगी रही। रंग-बिरंगे परिधानों में बादशाह कभी उत्साही गर्ल्स समूह की ओर तो कभी जोशीले ब्वायज ग्रुप की ओर मुखातिब हो जाते। उन्होंने संगीत की इस महफिल में मौजूद यूनिवर्सिटी के आला प्रबंधन, अतिथियों, फैकल्टीज आदि की पसंद का भी खघ्याल रखा। रॉक ऑन के दौरान सुरक्षा का कड़ा पहरा रहा। ड्रोन स्टुडेंट्स के संग-संग पूरे पंडाल के हर मंजर को कैद करते नजर आए। युवाओं की पसंद 40 बरस के श्री आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ बादशाह अपने 20 साल के फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक गाने, आवाज, संगीत दे चुके हैं। यूं तो टीएमयू में अब तक बॉलीवुड के दर्जनों सिंगर्स आ चुके हैं, लेकिन बादशाह का मंगल आगमन पहली बार हुआ है। इन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत 2006 में की थी। इन्होंने मुख्यत: हिन्दी, पंजाबी और हरियाणवी भाषाओं में गाने गाए हैं। उल्लेखनीय है, बादशाह एमटीवी हसल, इंडियन आयडियल, दिल है हिंदुस्तानी, इंडियाज गोट टैलेंट, इंडियाज गोट लाटेंट जैसे शो में जज के तौर पर भी नजर आ चुके हैं। समारोह में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती



वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन के संग-संग एसपी सिटी श्री रणविजय सिंह,टीएमयू परिवार के सीनियर सदस्य श्री अमित जैन,श्री अनिल जैन,वीसी प्रो. वीके जैन आदि सभी मेहमान भी रैप के बादशाह की अंत तक हौसलाफजाई करते नजर आए। घंटों से बेताब हजारों-हजार स्टुडेंट्स के सामने रैंपिंग के बादशाह ने एक के बाद अपने मशहूर गानों की झड़ी लगा दी। बादशाह ने अंधेरे में जैसे ही रात साढ़े दस बजे एंट्री ली तो पंडाल बादशाह... बादशाह... बादशाह...से गूंज उठा। उन्होंने तेरे इश्क की रतियां... से अपनी अविस्मरणीय प्रस्तुतियों का आगाज किया। उसने मुझे छुआ भी नहीं, ऐसा वैसा कुछ हुआ भी नहीं..., जी भर के नाच रे गौरी लड़का तेरा दीवाना... लड़की ब्यूटीफुल कर गई चुल....पटोला पटोला...सरीखे हिंदी, पंजाबी गीतों और रैंप पर देर रात तक स्टुडेंट्स को झूमने पर विवश किया। बीच-बीच में बादशाह नौजवानों को दाद देने के लिए उकसाते रहे। बोले, मुरादाबाद के नौजवानों यदि आप मेरी सिंगिंग को एंज्वॉय करोगे तो मैं तुम्हारी डांसिंग को एंज्वॉय करूंगा। बादशाह ने अपने हिंदी-पंजाबी सॉग्स और रैंपिंग का क्रम जारी रखा। मैं तेरा यार तेरा प्यार जहां है..., रूप तेरा दीवाना, गलती कोई हमसे न हो जाए...,गोरे-गोरे मुखड़े गर काला काला चश्मा..., तू चलता फिरता फैशन शो... तेरी यारी में मर जावा जिंदगी तेरे नाम पर कर जावा.. , प्यार न करती चल हट जरा... सरीखे गानों पर खूब सीटियां और वाहवाही लूटी। बादशाह के एंट्री लेने से लेकर अंत तक वीडियो में बादशाह और उनकी टीम को कैद करने की होड़ लगी रही। बादशाह फिर पंडाल में मौजूद हजारों छात्रों के हुजूम से मुखातिब हुए और बोले, मां की दुआएं और तुम जैसे यारों का साथ हो, सर पर भोले का हाथ हो तो कोई क्या करेगा। मैं यहां परफॉर्म करने नहीं, बल्कि आपके साथ एंज्वाय करने आया हूं। उन्होंने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मंगल आगमन पर अपनी भावनाएं इशारों-इशारों में पुराने गीत की चंद पंक्तियां गुनगुना कर यूं व्यक्त कीं, जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा, रोके जमाना, चाहे रोके खुदाई, फिर भी आना पड़ेगा..., ये लड़की पागल है पागल है... पर साथी कलाकारों ने भी डांस के संग स्टुडेंट्स को झूमने को मजबूर कर दिया। इससे पूर्व रॉक ऑन-2026 की शुरुआत में पॉप सिंगर्स- अक्सा और सोनाली गुप्ता की टीम एक दर्जन से अधिक बॉलीवुड और पंजाबी गानों की प्रस्तुतियों ने माहौल को पूरी तरह जोश से भर दिया।

## टीएमयू के कल्चरल मंच का समृद्ध इतिहास

**मुरादाबाद।** यूनिवर्सिटी के रॉक ऑन हों सांस्कृतिक सांझ परम्परा या दीगर कल्चरल प्रोग्राम्स सभी में देश के जाने-माने सशक्त हस्ताक्षर शिर. कत कर चुके हैं। मीका सिंह से लेकर सोनू निगम, गुरु रंधावा, शान, मीत ब्रदर्स तक अपने सुरों का जादू बिखेर चुके हैं। पाण्डवानी शैली की तीजनबाई हो या नृत्यांगना शर्मिष्ठा मुखर्जी अपनी कला से छात्रों का दिल जीत चुकी हैं। कॉमेडियन कृष्णा और सुदेश भी टीएमयू के स्टुडेंट्स को खूब गुदगुदा चुके हैं। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कलाकारों की मेधा की भी कायल है। पदमश्री से सम्मानित एवम् संगीतकार और गीतकार श्री रविन्द्र जैन के संग-संग पार्श्व गायक सोनू निगम को यूनिवर्सिटी मानद उपाधि दे चुकी हैं। कल्चर को समर्पित इवेंट- परम्परा में जाने-माने कव्वाल निजामी बंधु, उस्ताद पंडित शुवेन्दु राव, उस्ताद मुराद अली, उस्ताद अकरम खां, पदमश्री सोमा घोष, कत्थक नृत्यांगना संजुक्ता सिन्हा एंड ग्रुप, भरतनाट्यम की नृत्यांगना पदमविभूषण डॉ. सोनल मानसिंह, वीणा वादक विश्व मोहन भट्ट, सलिल भट्ट और उस्ताद अकरम खघ भी कला का श्रेष्ठ प्रदर्शन यूनिवर्सिटी में कर चुके हैं।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अरुण कुमार कश्यप पुत्र नरेश कुमार कश्यप निवासी निकट सब्जी मंडी पुलिस चौकी बंगला गांव मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार, मारपीट व परिवार का कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इसके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से इसका कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **नरेश कुमार कश्यप पुत्र स्वर्गीय रामौतार कश्यप निवासी निकट सब्जी मंडी पुलिस चौकी बंगला गांव, तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद फहीम को गलत संगत व परिवार की बिना मर्जी के निकाह के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मोहम्मद फहीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **श्रीमती नसरा पत्नी स्वर्गीय खलील निवासी मोहल्ला बेगम सराय संभल थाना व तहसील, जिला संभल।**

# लाभार्थियों के बैंक खाते में डीवीडी के माध्यम से आवास योजना की पहुंची पहली किस्त

## पालिका सभागार में एलसीडी के माध्यम से सुना मुख्यमंत्री का संबोधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर पालिका सभागार में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत लाभार्थियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त पहुंची। जहां उन्होंने एलसीडी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा प्रसारण सुना। सोमवार को पालिका सभागार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्रदेश के 90 हजार लोगों को अनुदान राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्लिक द्वारा अनुदान राशि की प्रथम किस्त का हस्तांतरण ऑनलाइन मीटिंग के माध्यम से हुआ। इस मौके पर पालिका की अधिशासी अधिकारी ने बिलारी के कुल 247 लाभार्थियों खाते में पहुंची पहली किस्त के प्रमाण पत्र का वितरण किया। अनुदान राशि मिलते ही सभी के चेहरे पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। इस मौके पर सभासद निहाल सिंह लाठर, प्रवेश कुमार, गिरीश बाबू आदि सहित भारी तादाद में लोग मौजूद रहे।



# बेसिक शिक्षा विभाग की पहले दिन की परीक्षा में ब्लॉक क्षेत्र के 1200 बच्चे गैरहाजिर

## कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में भी 40 बालिकाओं की अनुपस्थिति बनी चर्चा का विषय

**कांठ( शाह टाइम्स )** सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की कक्षा एक से आठ तक की वार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ हुईस ब्लॉक छजलैट में 14281 बच्चों का नामांकन है लेकिन परीक्षा के पहले दिन ब्लॉक की आठ न्याय पंचायत में 1200 से ज्यादा बच्चे अनुपस्थित रहेस परीक्षाएं 20 मार्च तक चलेगी स शासन द्वारा संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक कक्षा 5 की गणित और सामाजिक विषय एवं कक्षा 8 की गणित एवं विज्ञान की परीक्षा अब 24 मार्च को होगीस नगर के पीएम श्री विद्यालय सहित अनेक विद्यालयों

न्याय पंचायत ,फत्तेपुर विश्नोई, रायपुर खुर्द, कुचावली, मोढ़ी हजरतपुर, सदरपुर मतलब पर ,सुन्दर चाउपुरा, फूलपुर मिठनपुर,शेरपुर ऐत्मादपुर में 1200 से ज्यादा बच्चे अनुपस्थित रहे। जबकि जनपद के एक कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्षिक परीक्षा के पहले दिन 40 बालिका अनुपस्थित रही बताया गया कि विद्यालय में 100 बालिक. ाओं का नामांकन है लेकिन परीक्षा में मात्र 60 बालिकाएं उपस्थिति रही। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने इस मामले में जांच कराए जाने की बात भी कही है।



## एक नजर

### रमजान का महीना अल्लाह की इबादत और जरूरत मंदों की मदद का देता है संदेश: रईस अहमद

**कांठ( शाह टाइम्स )**इस्लाम धर्म में रमजान का महीना पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है रमजान में मुसलमान कुरान के अवतरण का स्मरण करते हैं और सूर्य के प्रकाश के दौरान भोजन से दूर रहते हैं। उक्त विचार चौधरी रईस अहमद आढती ने व्यक्त किये उन्होंने बताया कि यह ईश्वर के समीप आना और अल्लाह के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना और जरूरत मन्दो की मदद करने का एक साधन है। रमजान में भक्ति पर विशेष ध्यान दिया जाता है और मुसलमान प्रार्थना करने और कुरान पढ़ने में अधिक समय देते हैं। गर्भवती स्तनपान कराने वाली,बीमार महिलाओ को इसमें छूट दी गई है। रोजे का मकसद भूख और प्यास को सहन करना नहीं बल्कि मन वचन और कर्म को भी मजबूत बनाना है। यह इंसान को अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण रखना सिखाता है। रमजान शरीफ का तीसरा अशरा मस्जिद और इबादत का होमवर्क है। इसमें बन्दा अल्लाह की बारगाह में अपनी गलतियों की माफी मांगता है।



### लगता रहा जाम रेंगते रहे वाहन लोग हुए हलकान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** मुख्य मार्ग पर दिनभर जाम लगता रहा और लोग हलकान होते रहे मगर जाम से निजाद के लिए उठाए गए कोई कम दिखाई नहीं दिए। बतादे की नगर का मुख्य मार्ग पूरी तरह से जाम की चपेट में है रोजाना यहां जाम लगता है और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है आज साप्ताहिक बाजार के कारण मुख्य मार्ग पर लोगों की कुछ ज्यादा भीड़ थी।

लेकिन जाम रोजाना की तरह आज भी लगा कभी पुराने बस स्टैंड पर तो कभी मोडी तिराहे पर जाम लगता नजर आया मोडी तिराहे पर लंबे ट्रकों के मुड़ने के कारण दोनों तरफ के वाहन रुक गए और इतनी देर में ही रोड के दोनों और लंबा-लंबा जाम लग गया जिसके चलते वाहनों को रेंग रेंग कर चलने को मजबूर होना पड़ा। इससे वाहन चालकों को मुसीबत का सामना भी करना पड़ता रहा मगर अफसोस की साप्ताहिक बाजार होने के बावजूद भी जाम से राहत दिलाने के कोई इंतजाम मुख्य मार्ग पर नजर नहीं आए नगर के लोगों ने आज फिर प्रशासन से जाम को गंभीरता से लेते हुए इससे निजाद दिलाए जाने की मांग उठाई है।

# आधार कार्ड में फर्जीवाडे की पुलिस गहनता से कर रही जांच

**कांठ ( शाह टाइम्स )**। आधार कार्ड में फर्जी बाड़े की एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है बतादे कि क्षेत्र के रुस्तमपुर निवासी मोहम्मद साजिद पुत्र निसार ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि वह अपने पिता के नाम में मोहम्मद जुड़वाने के लिए गांव के अनस के पास गया था जहां पर उसका दोस्त साने आलम पुत्र अहमद हसन निवासी मुजफ्फरपुर टांडा मिला उसने अपडेट करने के लिए आधार कार्ड ले लिया लेकिन वह कुछ दिन बाद गया तो उसे बताया गया कि उसका कार्ड अभी अपडेट नहीं हुआ है मगर उसने साइबर कैफे पर जांच कराई तो जानकारी मिली कि उसके आधार कार्ड में पता गुलाब बाग हरथला रेलवे स्टेशन का अपडेट कर दिया गया। इसकी शिकायत उसने अनस व साने आलम से की तो उसने बताया कि फर्जी आधार कार्ड से सिम खरीद कर आधार कार्ड में उसका नंबर डालकर वह आदित्य और वरदान खान के सहयोग से अलग-अलग बैंकों में खाता खुलवा देते हैं। और इसके बदले में खाताधारक को भी पैसे देते हैं आधार से सिम भी खरी

द लिया जाता है यह सुनकर साजिद घबरा गया और उसने पुलिस से इस मामले की शिकायत की पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू की है सूत्रों का कहना है कि उक्त लोगों द्वारा कर्नाटका एवं महाराष्ट्रा आदि बैंकों में खाते खुलवाए गए हैं हालांकि आधिकारिक स्तर से इसकी पुष्टि नहीं हुई है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मूल्यांकन में दो प्रतिशत गलती हुई तो तीन साल के लिए डिबार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू हो रहा है। कॉपियों के मूल्यांकन में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए, इसके लिए बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने सभी 250 केंद्रों के उपनियंत्रकों को सख्त निर्देश दिए हैं। मूल्यांकन के लिए भेजे निर्देश में लिखा है कि मूल्यांकन में दो प्रतिशत तक त्रुटि पाए जाने पर परीक्षक के मानदेय में से 85 प्रतिशत की कटौती की जाएगी तथा संबंधित परीक्षक को तीन वर्ष के लिए डिबार कर दिया जाएगा। एक प्रतिशत तक त्रुटि मिलने पर मानदेय में 50 प्रतिशत की कटौती होगी तथा दशमलव पांच प्रतिशत तक त्रुटि होने पर 25 प्रतिशत की कटौती की जाएगी।अंकेक्षण के बाद भी यदि किसी उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन में त्रुटि पाई जाएगी तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अंकेक्षक की होगा।कॉपी जांचने या अंकेक्षण में लापरवाही पर बोर्ड के नियम / विनियम एवं उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा ( अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम 2024 के नियमानुसार संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। अंकेक्षक की व्यवस्था का उद्देश्य है कि मूल्यांकन कार्य शुद्ध और त्रुटिविहीन हो तथा त्रुटि/लापरवाही के कारण छात्रों के साथ अन्याय न हो। अंक सावधानी पूर्वक चढ़ाए जाएं क्योंकि कटिंग होने पर कम्प्यूटर अंक स्वीकार नहीं करेगा और परीक्षार्थी का परीक्षाफल अपूर्ण रह जाएगा।

# रामगंगा पुल पर लगा भीषण जाम राहगीरों ने खुद संभाला मोर्चा

**सुरजननर।** सुरजननगर और स्योहारा मार्ग को जोड़ने वाले रामगंगा पुल पर सोमवार को यात्रियों को भीषण जाम का सामना करना पड़ा। पुल पर चल रहे नवीनीकरण कार्य की अत्यंत धीमी गति और निर्माण सामग्री के बिखराव के कारण वाहनों के पहिए थम गए।

घ्हैरानी की बात यह रही कि मौके पर स्योहारा पुलिस की अनुपस्थिति देखी गई, जिससे अव्यवस्था और बढ़ गई। घंटों फंसे रहने के बाद, यात्रियों ने स्वयं मोर्चा संभाला। लोगों की सूझबूझ और आपसी सहयोग से धीरे-धीरे वाहनों को निकाला गया और लंबा जाम खुल सका। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से कार्य में तेजी लाने और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि रोजमर्रा की इस समस्या से निजात मिल सके।

# तेज हवा और बारिश से धान की फसल को नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता

**ठाकुरद्वारा।** रविवार देर रात क्षेत्र में आए तेज आंधी और बारिश के कारण किसानों की धान की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। तेज हवा के झोंकों से कई जगह खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। फसल गिरने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका के चलते किसान चिंतित हैं। बताया जाता है कि देर रात अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि खेतों में पककर तैयार खड़ी धान की फसल कई स्थानों पर जमीन पर बिछ गई। जिन किसानों की फसल कटाई के लिए तैयार थी, ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके। वहीं कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि तेज हवा के कारण धान की फसल गिर जाने से दाने पूरी तरह पक नहीं पाते और कटाई में भी अतिरिक्त श्रम लगता है। यदि समय पर धूप निकल जाती है तो किसान कुछ हद तक फसल को संभाल सकते हैं। फिलहाल किसान मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं और खेतों में जाकर गिरी हुई फसल को संभालने का प्रयास कर रहे हैं।

# जाहर दीवान धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण की शिकायत, थानाध्यक्ष को सौंपा प्रार्थना पत्र

**ठाकुरद्वारा।** थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम मानपुर दत्तराम में स्थित जाहर दीवान धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में गांव के एक व्यक्ति ने थानाध्यक्ष भगतपुर को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम मानपुर दत्तराम निवासी आशुतोष कुमार पुत्र विजय कुमार शर्मा ने दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के जाहर दीवान धार्मिक स्थल के पास कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान मुकेश कुमार पुत्र विरजन सिंह की शह पर कुछ व्यक्तियों द्वारा धार्मिक स्थल के आसपास खोखा रख लिया गया है और वहां खोया रखने के साथ ही भैंस भी बांधी जा रही है। प्रार्थना पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाहर दीवान स्थल के पास रोड़ा (पत्थर) आदि भी डाला जा रहा है, जिससे भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। शिकायतकर्ता का कहना है कि धार्मिक स्थल के पास इस प्रकार का अतिक्रमण होने से लोगों में आक्रोश है और किसी भी समय विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रार्थना पत्र में शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कराकर जाहर दीवान धार्मिक स्थल से अतिक्रमण हटवाया जाए और स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए उसकी बाउंड्री कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो सके।

# लाइनपार मंडल में भाजपा का दो दिवसीय पंडित दीन दयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण सम्मेलन हुआ संपन्नं

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वावधान में लाइनपार मंडल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण सम्मेलन का आयोजन सूर्य नगर लाइनपार स्थित श्रीनाथ धर्मशाला में किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, आचरण और नेतृत्व के गुणों से प्रशिक्षित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर, दीप प्रज्वलित और वंदे मातरम् गायन के साथ किया गया। इस अवसर पर नगर विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी गोपाल अंजन, कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा और मंडल अध्यक्ष मिथुन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन के प्रथम दिवस के पहले सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में नगर विधायक रितेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और समाज में कार्यकर्ताओं के आचरण को समझना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को तराशने की प्रक्रिया है और व्यक्ति निर्माण से ही मजबूत संगठन का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद आज भी भाजपा के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करता है।

महानगर उपाध्यक्ष राहुल शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम भाजपा की वैचारिक परंपरा और कार्यकर्ता निर्माण की निरंतर प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।सम्मेलन में महानगर महामंत्री दिनेश शीर्षवाल, देवराज सिंह चौहान, दिनेश सिसोदिया, शम्मी भटनागर, सुनीता शर्मा, पार्षद रमेश सैनी, राजेश गुप्ता, शैलेंद्र सैनी, अमित सिंह मिंटू, प्रेमवती उपाध्याय सहित मंडल के पदाधिकारी, पार्षद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**कुन्दरकी।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत विकासखंड कुंदरकी में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत बारात घर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामवीर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि चेयरमैन मेहंदी हसन, खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार सिंह और एडीओ पंचायत कुलदीप सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत हस्तनिर्मित बैज और स्मृति पट्टिका देकर किया गया। कार्यक्रम में इमरतपुर सिरसी और फरीदपुर हमीर के ग्राम प्रधानों को कायाकल्प कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा, इंस्पायर मानक अवार्ड, स्वच्छ भारत सर्वेक्षण तथा अन्य उपलब्धियों के लिए शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगे टीएलएम मेले और रंगोली की भी सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन जय प्रधान और रीना मीना ने किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एआरपी हरीश तिवारी, पारुल, भावना शिक्षक प्रीति सिंह, प्रतिभा रानी, मुजीबुर्रहमान, दीपक कौशिक, लवआनंद, विपेंद्र कुमार, गजराज सिंह, तृप्ति शर्मा, शाजिया, आयुषी, दीप्ति, अंशु रानी, अरविंद, विनीत, अनिल, अखिल, जुबेर, शांतनु, मंजू, गुलाम साबिर, सादिक, शिवा, नावेद आदि मौजूद रहे।




# प्रांतीय परिषद के सम्मान समारोह में समाज की सेवा करने का लिया संकल्प

**कांठ ( शाह टाइम्स )** भारत विकास परिषद रूहेलखण्ड पश्चिम (विकास रत्न) प्रान्त, (उत्तर मध्य रीजन-1) के तत्वाधान में रविवार को प्रान्तीय परिषद की बैठक एवं शाखा सम्मान समारोह का आयोजन किया गयास वक्ताओं ने संस्कार सेवा समर्पण के साथ समाज की सेवा करने का संकल्प लियास परिषद की कांठ शाखा को शाखा सदस्यता वृद्धि एवं समय अनुसार सदस्य शुल्क जमा करने हेतु पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया सभारत विकास परिषद कांठ शाखा के अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल समारोह में प्रतिभाग कियास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा० नितिन दालभ (राष्ट्रीय संयोजक सेवा), विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र अरोड़ा (क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव), इस अवसर पर निर्मल मेहता (क्षेत्रीय संयोजक सेवा), अजय विश्नोई (क्षेत्रीय संयोजक सम्पर्क) जगन्नाथ चावला (क्षेत्रीय संयोजक-पर्यावरण) कविता खुराना (क्षेत्रीय संयोजक-म० सहभागिता) आदि ने विचार व्यक्त किया स कार्यक्रम फ्लेवर रेस्टोरेंट, रामगंगा विहार, मुरादाबाद में आयोजित किया गयास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा,नीरज मित्तल( प्रान्तीय महासचिव) आदि ने संस्कार सेवा समर्पण के साथ समाज की सेवा करने का संकल्प लियास इस अवसर पर कांठ शाखा की ओर से अध्यक्ष महेश गुप्ता, सचिव गौरव बिश्नोई, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक कुमार नेता जी, पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट दीपक बिश्नोई, पूर्व सचिव सचिन चौहान, कोषाध्यक्ष प्रद्युम्न बिश्नोई, वृक्षारोपण प्रभारी दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।




# मारपीट में महिला ने चार के खिलाफ कराई एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** मारपीट के आरोप में महिला ने महिलाओं सहित 4 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है उमरी कला के मोहल्ला अंसारियां निवासी रुबीना पत्नी मोहम्मद अशरफ का आरोप था कि 15 मार्च को शाम करीब 6:30 बजे शगुफ्ता पत्नी अरशद, जैनब पत्नी कासिम, मंतशा पुत्री अरशद और अर्सलान पुत्र अरशद ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की जिसमें वह घायल हो गई महिला ने उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर थाने में प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

# महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम घोषित ज्यादा अंक प्रतिशत वाले बच्चों को किया सम्मानित

**कांठ( शाह टाइम्स )**। महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज पट्टी मौढा कांठ में वार्षिक गृह परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया प्रधानाचार्य मदन सिंह ने परीक्षा फल घोषित करते हुए बताया कि सत्र 2025- 26 में विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97.79 प्रतिशत रहा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं जूनियर वर्ग प्रथम स्थान- दिव्यांशी चौहान , सीनियर वर्ग प्रथम स्थान- नाजिश परवीन, कक्षा 11 प्रथम स्थान शंख अग्रवाल,कक्षा 6 में नित्या शर्मा राशि चौहान द्वितीय स्थान,श्रेया यादव तृतीय स्थान कक्षा 7 में राज यादव प्रथम स्थान अवि यादव द्वितीय स्थान जय तृतीय स्थान कक्षा 8 में खुशी यादव द्वितीय स्थान खुशी तृतीय स्थान कक्षा 9 में आकृति द्वितीय स्थान सोनी प्रिया तृतीय स्थान कक्षा 11 में श्रद्धा यादव द्वितीय स्थान अनु कुमारी तृतीय स्थान वंशिका चौहान (साहित्य वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य सभी अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें अपनी उपलब्धियां से संतुष्ट न होकर भविष्य में बेहतर परिणाम की प्राप्ति के लिए नवीन ऊर्जा व उत्साह के साथ अपने कार्यों में जुट जाना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक मुकेश माहेश्वरी प्रधानाचार्य मदन सिंह, पदम सिंह,हरीश चन्द्र तिवारी, अखिलेश कुमार बिश्नोई, सुन्दर सिंह, भानु प्रताप सिंह, जितेन्द्र कुमार,दीपक सिंह पीतांबर सिंह, अरविंद कुमार शर्मा,धीरज यादव, ऊषा सिंह,धीरज यादव, ऊषा सिंह,संतोष कुमारी आदि शिक्षकों के साथ सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## खोया-पाया सूचना

मेरे दो बयनामे मौजा जिगर बिहार योजना ए ब्लाक फ्लैट संख्या F.A.-388 जोकि बयनामा दिनांक 28-03-2003 बही संख्या-1, जिल्द संख्या 4220, पेज संख्या 275/288, क्रमांक संख्या 3615 पर दर्ज है, जिसे आवास एवं विकास परिषद ने श्रीमती रानी अग्रवाल पत्नी एस. सी. अग्रवाल को किया था एवं द्वितीय बैनामा जिसका दिनांक 29-03-2004 बही संख्या-1, जिल्द संख्या 4577, पेज संख्या 87/98, क्रम संख्या 1599 पर आर.सी अग्रवाल ने राम मूर्ति के हक में बेचा था, जो कि कहीं खो गया गये हैं काफी तलाश करने पर भी नहीं मिल रहे जिनका प्रयोग अवैध होगा।
**फरजाना परवीन पत्नी फरहा हुसैन निवासी चक्कर की मिलक आर एस पब्लिक स्कूल के पास थाना सिविल लाइंस जिला मुरादाबाद।**
मोबाइल नंबर-9412581034

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी दिनांक 27 फरवरी 2026 को अपने घर से दोपहर करीब 12.00 बजे भूमि संबंधित कागजात अभिलेख लेकर ठाकुरद्वारा तहसील आया था। प्रार्थी के मूल कागजात बैनामा ठाकुरद्वारा कचहरी में कहीं पर गुम हो गये। काफी तलाश करने पर मूल कागजात बैनामा नही मिला। उपरोक्त बैनामा उपनिबंधक कार्यालय ठाकुरद्वारा में वही संख्या एक जिल्द सं0 376 के पृष्ठ 376 से 368/269 क्रमांक सं0 1703 दिनांक 22 मई 1992 को पंजीकृत है जो कि साहू सीताराम गुप्ता पुत्र श्री रघुनन्दन सरन निवासी एम0 फास्ट फलोर साउथ एक्सटेंशन पार्ट-2 नई दिल्ली से श्योनाथ सिंह पुत्र खुशहाल सिंह ने लिया और जो अब सत्यपाल सिंह पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम सबलपुर तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद के नाम दर्ज है। प्रार्थी द्वारा उक्त मूल बैनामा मुझसे खो जाने की रिपोर्ट दर्ज कर दी गई है। जिससे कि उक्त बैनामे का कोई अन्य व्यक्ति दुरूप्योग न कर सके। मूल बैनामा के संबंध में कोई वाद किसी न्यायालय एवं बैंक वित्तीय संस्थान में बंधक नही है। यदि किसी व्यक्ति को खोया बैनामा मिले तो मुझे एवं मेरे अधिवक्ता योगेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट जी को 15 दिन के अंदर सूचित करें, मोबाइल नंबर 9412945044 अन्यथा यह प्रॉपर्टी से संबन्धित किसी भी दावे पर सुनवाई नही होगी। **श्योनाथ सिंह पुत्र खुशहाल सिंह निवासी संदीलपुर तहसील व जिला अमरोह।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भरतावाला
### विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /पंचा/एस.बी.एम.जी./2025-26 दिनांक: 16.03.2026

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत पीपलसाना में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अन्तर्गत प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन ईकाई स्थापित की गई है। जिसका विवरण निम्नवत् है:-।

| क्र. सं. | विकास खण्ड का नाम | ग्राम पंचायत का नाम | योजना का नाम | मशीने |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | ठाकुरद्वारा | भरतावाला | प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट | फटका, बेलिंग मशीन, श्रेडिंग मशीन |

उक्त मशीनों/इकाइयों को संचालित करने हेतु इच्छुक संस्थायें दिनांक 17.03.2026 से 01.04.2026 तक ग्राम पंचायत भरतावाला कार्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, संस्था का चयन उनके अनुभव एवं कार्य की गुणवत के आधार पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा दिनांक 01.04.2026 को किया जायेगा।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत-भरतावाला**
**विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भायपुर
### विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/2025-26 दिनांक: 16.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत भायपुर में पंचम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय से जयपाल वेद प्रकाश व मदन के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 20.03.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि. वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भायपुर में प्राथमिक विद्यालय से जयपाल वेद प्रकाश व मदन के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, रेत, ईंट, रोड़ी, ईंट, बजरफुट, सीसी टाईल्स आदि। | 572986/- | 11460 | 250/- | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-भायपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# गोकशी के आरोपियों से भगतपुर पुलिस की हुई मुठभेड़, दोनों बदमाश हुए घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में गौकशी के एक मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम उदमावाला निवासी विक्रम सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि अज्ञात लोगों ने गौवंशीय पशु की हत्या कर उसके अवशेष उनके खेत में फेंक दिए। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।घटना के खुलासे के लिए थाना पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं। पुलिस टीम बीती रात क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इस घटना में शामिल आरोपी इलाके में मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें दोनों आरोपियों के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपियों की पहचान आरिफ (35 वर्ष) और आसिफ (32 वर्ष) पुत्र सद्दीक निवासी ग्राम रैकानंगला, थाना टांडा जनपद रामपुर के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे .315 बोर, पांच जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, गौवंश काटने के उपकरण तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है।



पुलिस के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश भी जारी है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान किसी भी पुलिसकर्मी को कोई चोट नहीं आई है। फिलहाल मौके पर पुलिस बल तैनात है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हज यात्रियों को हज यात्रा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कुन्दरकी।** हज-2026 में पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले आजमीने हज यात्रियों को हज कमेटी आफ इंडिया की तरफ से जारी अहम जानकारी तथा ट्रैनिंग मदरसा बशीरूल उलूम में दी गई। जिला हज ट्रैनर तसलीम खान ने बताया कि हज कमेटी आफ इंडिया की तरफ से जल्दी ही तीसरी किश्त जमा करने की तारीख आने वाली है। पिछली हज यात्राओं के सापेक्ष इस बार किचन की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है।आजमीने हज को खाना स्वयं नहीं बनाना है। अबकी बार हज कमेटी की तरफ से कैटरिंग के माध्यम से खाने की व्यवस्था होगी। इस बार पासपोर्ट भी हज कमेटी को नहीं भेजने हैं, बल्कि अपनी फ्लाइट बुकिंग कन्फर्म करते वक्त अपना पासपोर्ट मूल रूप में दिखाना होगा। फ्लाइट बुकिंग सीट कन्फर्म करने के रिपोर्टिंग 2 दिन पहले हज कमेटी में स्वयं या किसी रिश्तेदार के माध्यम से करनी होगी। हज यात्रियों को अबकी बार स्मार्टवाच दी जायेगी। इस स्मार्टवॉच में हाजी की सारी जानकारी, लाइव लोकेशन रहेगी। अगर कोई हाजी परेशानी में हों या रास्ता भटक जायें तो स्मार्टवॉच का बटन दबाना है सीधे कन्ट्रोल रूम को सूचना पहुंच जायेगी और तुरंत मदद के हज कमेटी की तरफ से पहुंच जायेगी। हज यात्रियों को सलाह दी जाती है कि अपनी स्मार्टवॉच की बैटरी को चार्ज रखें। डिस्चार्ज होने पर स्मार्टवॉच काम नहीं करेगी। सभी हाजियों को यह भी बताया गया कि यदि किसी हाजी जी फार्म में उनके किसी रिश्तेदार या परिचित या एजेंट का मोबाइल फोन नम्बर फीड कर रखा है तुरंत हाजी को अपना व्यक्तिगत फोन नम्बर फीड करवाना चाहिए। कारी महफूजुर्रहमान ने सभी हज यात्रियों को हज केई अरकान बताये गये। कघरी मुनाजिर हुसैन ने हाजी साहिबान को अभी से पैदल करने के लिए कहा। आप सभी अभी से ही रोजानाई चलना शुरू कर दीजिए। स्टेट हज इन्स्पेक्टर शमशाद हुसैन ने हज यात्रियों के मोबाइल फोन में हज सुविधा एप डाउनलोड कराया और हज सुविधा एप की खूबियों के बारे में जानकारी दी।



इस अवसर पर स्टेट हज इन्स्पेक्टर हाजी अब्दुल रहमान खान, हाजी इरशाद हुसैन, वसीम अहमद, हाजी नन्हे खान पधान आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर



# आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल आफ लॉ के विद्यार्थियों ने किया संविधान साहित्य वाटिका का शैक्षणिक भ्रमण

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल आफ लॉ के विद्यार्थियों ने संविधान साहित्य वाटिका का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने विधि विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण की शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और अपने वक्तव्य में कहा कि संविधान साहित्य वाटिका भ्रमण से विद्यार्थी भारतीय संविधान के ऐतिहासिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि के व्यावहारिक ज्ञान अनुभव कर सकेंगे और संविधान निर्माण एवं उसके प्रक्रियात्मक व्यवहार को जान सकेंगे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. योगेंद्र सिंह ने संविधान की मूलभूत अवधारणाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान किसी भी देश का एक मूल आधार होता है जिसके बिना किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की परिकल्पना नहीं की जा सकती, उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों द्वारा संविधान के मार्मिक तत्वों को बहुत आसानी से समझा जा सकता है। कार्यक्रम के सह-संयोजक डॉ. एस. बी. मिश्रा द्वारा विद्यार्थियों को भ्रमण हेतु शुभकामनाएं भी दी गई और संवैधानिक मूल्यों के ज्ञान को साझा किया और कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों के व्यावहारिक एवं सामरिक मानसिक विकास को बल मिलता है।

भ्रमण कार्यक्रम का संचालन स्कूल आफ लॉ की डॉ. मनीषा मटोलिया के सफल निर्देशन में किया गया। डॉ. मटोलिया के अलावा स्कूल आफ लॉ के श्री दिनेश सिंह सागर एवं श्री विनीत कुमार सहित कुल 27 विद्यार्थियों ने संविधान साहित्य वाटिका का भ्रमण किया।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'पाई दिव' के अवसर पर आयोजित हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में "पाई दिवस" के अवसर पर स्कूल आफ साइंसेज के गणित विभाग की ओर से ऑनलाइन माध्यम से एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए बताया कि पाई दिवस प्रत्येक वर्ष 14 मार्च को मनाया जाता है, जो गणित के प्रसिद्ध स्थिरांक पाई को समर्पित है। स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक व प्रतियोगिता आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. के. सिंह ने बताया कि पाई दिवस 14 मार्च के शुरुआती अंक 3.14 से मिलते है तथा इसका लगभग मान 3.14159... होता है। पाई का उपयोग वृत्त की परिधि और क्षेत्रफल निकालने में किया जाता है। इस प्रतियोगिता में स्कूल आफ साइंसेज तथा अन्य स्कूलों के 80 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष के अमन कुमार, द्वितीय स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की हनी चौधरी तथा तृतीय स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष के दीपांशु ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति की संयोजिका व गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रिद्धि गर्ग, सहसंयोजिका डॉ. निधि तिवारी एवं आयोजन सचिव डॉ. अंशुल दुबे का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. वी. पी. पांडे, डॉ. राजन सिंह, श्री दीपक शर्मा, डॉ. आर. के. तिवारी, डॉ. आर. बी. तिवारी, श्री विपिन कुमार, डॉ. निधि, डॉ. तरुण गुप्ता ने सक्रिय रूप से योगदान दिया।

# सफाई कर्मचारी संघ ने मंडलायुक्त से मिलकर उठाई कर्मचारियों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सोमवार को स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सम्भल जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर और जिला महामंत्री विशाल कमल वाल्मीकि कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त से मिले। इस दौरान उन्होंने मंडलायुक्त को स्मृति पत्र सौंपकर कर्मचारियों की मांगों से अवगत कराया। नेताओं ने बताया कि 11 जनवरी 2026 को आयोजित वाल्मीकि सफाई कर्मचारी एकता महासम्मेलन-2026 के दौरान दिए गए ज्ञापन से संबंधित मांगों पर मंडलायुक्त से विस्तार से वार्ता की गई। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर ने बताया कि मंडलायुक्त ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही यदि मांगों के निस्तारण में अधिक देरी होती है तो वह स्वयं इस मामले में संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।



# आईटीआई के सामने दुकानें तैयार कर रहीं ग्राहकों का इंतजार

**चन्दौसी।** क्षेत्र के लोगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) परिसर के बाहर नगरपालिका द्वारा नई दुकानों का निर्माण कराया गया है, ताकि लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें और वे अपनी आजीविका सुचारू रूप से चला सकें। आईटीआई कॉलेज के सामने बनाई गई इन दुकानों को आधुनिक तरीके से तैयार किया गया है। दुकानों के सामने आकर्षक लाइटें भी लगाई गई हैं, जिससे क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ी है। अब दुकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और इनके आवंटन की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार किया जा रहा है। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम के अनुसार इन दुकानों का आवंटन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। लॉटरी में जिन लोगों के नाम निकलेंगे, उन्हें दुकानें दी जाएंगी, जिससे वे अपना व्यापार शुरू कर सकें और रोजगार प्राप्त कर सकें। वहीं ठेकेदार के अनुसार कुल दुकानों में से 40 प्रतिशत दुकानें ठेकेदार द्वारा आवंटित की जा सकेंगी, जबकि 60 प्रतिशत दुकानें नगरपालिका के माध्यम से दी जाएंगी। इन दुकानों का आवंटन 15 वर्षों के लिए किया जाएगा।

# डेयरियों का गोबर नालियों में बहाने से बढ़ी गंदगी, गोलागंज क्षेत्र में हालात खराब

**चन्दौसी।** नगर में स्वच्छता अभियान को लेकर सरकार और नगरपालिका लगातार प्रयास कर रही है ताकि गली-मोहल्ले साफ-सुथरे रहें और बीमारियों का फैलाव न हो। इसके लिए नगरपालिका द्वारा सफाईकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि सुबह से लेकर देर रात तक कूड़ा गाडिघ्यां घरों, गलियों और बाजारों से कूड़ा एकत्र कर ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाएं। नगरपालिका के अनुसार प्रतिदिन लगभग 60 टन से अधिक कूड़ा वाहनों के माध्यम से एकत्र कर ट्रेंचिंग ग्राउंड भेजा जाता है। इसके बावजूद शहर के कुछ क्षेत्रों में गंदगी की समस्या बनी हुई है। नगर में करीब 150 से अधिक डेयरियां संचालित हो रही हैं जिसमें गोलागंज मोहल्ले में 25 डेयरियां हैं जिनमें से अधिकांश डेयरी संचालक गोबर को नालियों में बहा रहे हैं। खासकर गोलागंज क्षेत्र में नालियां गोबर से चोक हो गई हैं और सड़कों पर भी गंदगी का अंबार देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि कई डेयरियों में समरसेबल पंप की मदद से पानी का अत्यधिक उपयोग कर गोबर को नालियों में बहा दिया जाता है। इससे नालियां जाम हो रही हैं और आसपास गंदगी फैल रही है। गोलागंज क्षेत्र में प्रवेश करते ही नालियों में टनों गोबर और सड़कों पर गंदगी साफ दिखाई देती है। नगरपालिका द्वारा इस क्षेत्र में इंटरलॉकिंग सड़कें भी बनवाई गई हैं, लेकिन धीरे-धीरे ये सड़कें भी गोबर और गंदगी से पटती जा रही हैं। ऐसे में सफाईकर्मियों के सामने सफाई बनाए रखना बड़ी चुनौती बन गया है। इस संबंध में जब सफाई निरीक्षक सुनील कुमार और प्रियंका सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि डेयरी संचालकों को लगातार नोटिस भेजकर नालियों में गोबर न बहाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके बावजूद कुछ डेयरी संचालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण यह समस्या बनी हुई है।

# डीआईजी मुनिराज जी. ने पुलिस लाइन का किया वार्षिक निरीक्षण





**चन्दौसी।** सोमवार को पुलिस लाइन बहजोई में परेड का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद मुनिराज जी. द्वारा परेड की सलामी ली गयी। परेड में लगे पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चौक किया गया। परेड के उपरान्त पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद द्वारा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के साथ पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया गया। साथ ही शस्त्रागार का निरीक्षण कर शस्त्रों के रखरखाव व रजिस्टर का अवलोकन किया गया तथा शस्त्रागार में रखे राजकीय शस्त्रों के रखरखाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा राजकीय सम्पत्ति स्टोर रुम का निरीक्षण कर राजकीय सम्पत्ति से सम्बन्धित अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा स्टोर में रखे सामान के रखरखाव के सम्बन्ध में स्टोर मोहर्रिर व प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके उपरान्त पुलिसकर्मियों के खाने पीने की व्यवस्था के लिये संचालित भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया, भोजनालय निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई रखने तथा भोजन की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशत किया तदोपतान्त डीसीआर कार्यालय, डायल 112 कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, गार्द रूम, कैंटीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों को चेक किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान द्वारा स्नानघर, शौचालयों, आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व उचित रखरखाव आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण एवं समस्त थाना प्रभारियों के साथ कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ0 प्रदीप कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी दीपक कुमार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सेमीफाइनल मैच आज



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे स्टाफ वर्ग के एनुअल स्पोर्ट्स मीट शौर्य-2026 में मंगलवार को क्रिकेट, बैडमिंटन और टेबल टेनिस का सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा। शंकर भवन, स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज, स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक और स्कूल ऑफ साइंसेज की टीमें सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने खिलाड़ियों को सफलता की शुभकामनाएं दीं। खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने बताया कि स्टाफ वर्ग की प्रतियोगिताएं 18 मार्च तक चलेंगी। सेमीफाइनल मैचों में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक तथा स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज, स्कूल लॉ की संयुक्त टीम के बीच तथा शंकर भवन और स्कूल ऑफ साइंसेज के बीच मैच खेला जाएगा।

# इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने सीडीई कार्यक्रम के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

**मुरादाबाद।** महानगर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की शाखा की ओर से रामगंगा विहार स्थित एक होटल में कंटिन्यूइंग डेंटल एजुकेशन (सीडीई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में शहर के कई दंत चिकित्सकों ने भाग लिया और नई जानकारियों को साझा किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. तमन्ना जमवाल, डॉ. गगनदीप कौर, डॉ. आस्था सिंह और डॉ. रोमिल सिंघल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने तालियों के साथ अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरुआत इंडियन डेंटल एसोसिएशन मुरादाबाद शाखा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. मनप्रीत सिंह ने सभी सदस्यों का स्वागत कर की। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों से दंत चिकित्सकों को अपने क्षेत्र में नई तकनीकों और आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी मिलती है, जिससे मरीजों को बेहतर सेवाएं देने में मदद मिलती है।सीडीई कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दंत चिकित्सा से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए और आधुनिक तकनीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टरों ने भी अपने अनुभव साझा किए और एक-दूसरे से ज्ञान का आदान-प्रदान किया।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद सभी महिला सदस्यों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एसोसिएशन की ओर से महिला डॉक्टरों को स्मृति चिन्ह और उपहार देकर उनके योगदान की सराहना की गई। इस मौके पर महिला डॉक्टरों ने भी अपने अनुभव साझा किए और समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर के कई दंत चिकित्सक और एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में ज्ञान को बढ़ावा देना और महिला चिकित्सकों का सम्मान करना रहा।




# भारतीय किसान यूनियन टिकैत का तहसील पर जोरदार प्रदर्शन

**चन्दौसी।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले सोमवार को तहसील चन्दौसी परिसर में किसानों ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। सुबह करीब 11 बजे से किसान अपने-अपने वाहनों से तहसील परिसर पहुंचने लगे और दोपहर 12 बजे तक हजारों की संख्या में किसान एकत्रित हो गए। प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में किसानों ने तहसील गेट पर धरना शुरू किया और शाम चार बजे तक नारेबाजी कर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रहे। इसके बाद किसानों ने तहसीलदार रवि सोनकर को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की और चेतावनी दी कि यदि मांगों का निस्तारण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में किसानों ने तहसील क्षेत्र में अंश निर्धारण में हो रही त्रुटियों को गांव स्तर पर कैंप लगाकर ठीक कराने, किसानों की अनुमति के बिना स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने, अविवादित दाखिल-खारिज के लंबित मामलों का जल्द निस्तारण कराने तथा चकबंदी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की। इसके अलावा जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में हो रही देरी, राशन कार्ड से यूनिट काटने की शिकायत, रजिस्ट्री कार्यालय में अतिरिक्त शुल्क वसूली पर रोक, बेरनी व डारनी विद्युत उपकेंद्रों को चन्दौसी डिवीजन से संचालित कराने, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति का समय शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक करने की मांग उठाई। किसानों ने आलू का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने और सरकारी खरीद की व्यवस्था करने के साथ ही गेहूं व मक्का खरीद में पंजीकरण और सत्यापन की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने सभी किसानों का आभार व्यक्त किया और 27 मार्च को विचौटा चौराहा पर होने वाली राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत की किसान-मजदूर संवाद पंचायत को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। पंचायत की अध्यक्षता चंद्रपाल सिंह यादव तथा संचालन महेश यादव ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष मानपाल सिंह यादव समेत कई किसान नेताओं ने भी विचार रखे। इस मौके पर रामवीर सिंह, राजेश मौर्य, उदयवीर सिंह, राजपाल सिंह यादव, शिवनारायण सिंह, अंकित ठाकुर, निर्भय सिंह, देशराज सिंह, गायत्री यादव, राहत जहां, हाजी अजीम सिद्दीकी, योगेंद्र सिंह, दिनेश यादव, योगेश प्रधान, स्वराज सिंह, रामौतार आदि मौजूद रहे।




# ईद को लेकर शांति समिति की बैठक भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील

**कुंदरकी।** आगामी ईद के त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से कुंदरकी पुलिस चौकी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और समाज के सम्मानित लोगों ने भाग लिया। बैठक के दौरान प्रशासन की ओर से सभी से अपील की गई कि ईद के अवसर पर आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। इस दौरान कारी मोहम्मद अनीस अहमद, कारी अमीरुद्दीन, मौलाना जियाउर रहमान, जुनैद अख्तर, हाफिज शेर अली, मोहम्मद उमर उर्फ कपूर, अरवाज जैदी, उवैस, मकसूद मियां, मोहम्मद शानू, शाहिद हुसैन, वारिस हुसैन, मौलाना मुनाजिर हुसैन, कारी गुलाम फरीद, मोहम्मद तंजीम, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद बेजर और अब्दुल साबुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# सम्पादकीय

**मंगलवार, 17 मार्च 2026**

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# और कितनी किल्लत

होर्मुज जलमार्ग पार करके एक भारतीय जहाज 'शिवालिक' 16 मार्च, सोमवार, को 'मुंडा पोर्ट' (गुजरात) पर पहुंचेगा। एक और जहाज 'नंदा देवी' 17 मार्च, मंगलवार, को 'कांडला बंदरगाह' (गुजरात) पर पहुंच सकता है। दोनों घरेलू गैस एलपीजी से लदे हुए हैं। दोनों जहाजों में 1.08 लाख मीट्रिक टन एलपीजी बताई गई है। यह भारत में मात्र एक दिन की गैस है। हमारी मासिक खपत 30 लाख टन है। एलपीजी के 11 अन्य जहाज भी होर्मुज पार करके भारत आने की उम्मीद में हैं। उनमें 4,15,000 टन एलपीजी बताई जा रही है। कच्चे तेल के 8 जहाज और एलएनजी के 3 जहाज भी प्रतीक्षारत हैं कि कब ईरान इजाजत देगा और वे भारत की तरफ प्रस्थान करेंगे। होर्मुज को लेकर भारत-ईरान का कोई नया करार नहीं हुआ है। भ्रामक सूचनाएं फैलाई जा रही हैं। भारत 2019 तक ईरान से कच्चा तेल आयात करता था। उसकी आपूर्ति में परिवहन और बीमा नि:शुल्क होते थे। 'रुपए' की मुद्रा में तेल की आपूर्ति होती थी और ईरान के करीब 60,000 करोड़ रुपए भारतीय बैंकों में जमा थे। अमरीका ने ईरान पर पाबंदियां थोपीं, तो भारत पर भी दबाव बनाया गया कि वह ईरान से तेल न खरीदे। हमने अमरीका का आदेश मान लिया और ईरान से तेल का आयात बंद कर दिया। उसी तरह रूस के तेल को काफी कम किया गया। अब संकट के दौर में ईरान और रूस दोनों को 'पुरानी दोस्ती' की दुहाई दी जा रही है। वे दोस्ती निभा भी रहे हैं। आभार ईरान और रूस! अब सरकार बार-बार दावे कर रही है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है, तो कुछ सवाल मौजू लगते हैं। जिनके घरों में पाइपलाइन से पीएनजी सप्लाई की जाती है, उन्हें एलपीजी कनेक्शन से वंचित क्यों किया जा रहा है? ऐसे कनेक्शन 1।62 करोड़ हैं। देश की आबादी में चुटकी भर संख्या! बीती 13 मार्च को 88।8 लाख बुकिंग कराई गई, जबकि एक दिन की औसत बुकिंग 55 लाख रही है। क्या पूरी 'दहशतपूर्ण बुकिंग' है? राजधानी दिल्ली में ही होटल, रेस्तरां और ढाबों में इंडक्शन चूल्हों और डीजल की भट्टियों पर खाना क्यों बनने लगा है? सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के जरिए वैकल्पिक ईंधन की इजाजत क्यों दी है? लोगों ने घरों की छतों पर चूल्हा रख कर लकड़ी और कोयले पर खाना पकाना क्यों शुरू कर दिया है? जहरीले प्रदूषण को आमंत्रण और पर्यावरण का छिलना शुरू! एक पेशेवर सवाल यह है कि यदि एलपीजी का कोई संकट नहीं है, तो गैस डीलरों ने फोन क्यों बंद कर रखे हैं? हॉकर के फोन भी बंद हैं, क्यों? प्रधानमंत्री मोदी आजकल चुनावी जनसभाओं में व्यस्त हैं। वह बार-बार देश का आह्वान कर रहे हैं कि अफवाहों में मत आएं और अफवाहें फैलाएं भी नहीं। देश करीब 12 साल पहले कांग्रेस और विपक्ष को खारिज कर चुका है। लगातार तीन बार संसदीय जनादेश भाजपा-एनडीए को मिला है।

## उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता



जब भी किसी राज्य में चुनाव होता है और वहां भाजपा की सरकार नहीं होती, तो सबसे पहले वहां के चीफ सेक्रेटरी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को हटा दिया जाता है, उप्र में ऐसा क्यों नहीं किया जाता, प्रदेश में चुनाव के दौरान कभी भी डीजीपी को नहीं हटाया गया, जबकि कई बार चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई थी, जिन अधिकारियों के परिवार के लोग खुद चुनाव लड़ रहे थे, क्या उन्हें पद से हटाया गया, चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर रहा है, पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है और उसकी कार्रवाई भी उसी के अनुरूप दिखाई देती है।

**-अखिलेश यादव**
**अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# गैस की कतारों से उठते सवाल : कितनी सुरक्षित है भारत की ऊर्जा व्यवस्था





**योगेश कुमार गोयल**

मध्य-पूर्व में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़े संघर्ष ने दुनिया को एक बार फिर यह याद दिला दिया है कि आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की नसों में बहने वाली ऊर्जा कितनी असुरक्षित है। होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव और समुद्री आवागमन के ठप होने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में गहरा व्यवधान पैदा हुआ है, जिसका सबसे तीखा असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर दिखाई दे रहा है। भारत में रसोई गैस अर्थात एलपीजी का संकट संसद से लेकर सड़क तक चर्चा का विषय बन गया है। देश के अनेक शहरों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें लग रही हैं, कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत के कारण होटल-रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और कालाबाजारी के समाचार निरंतर सामने आ रहे हैं। यह स्थिति केवल अस्थाई आपूर्ति बाधा का मामला नहीं है बल्कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा की संरचनात्मक कमजोरियों को उजागर करने वाला गंभीर संकेत है। वैश्विक ऊर्जा मानचित्र में होर्मुज जलडमरूमध्य की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ने वाला यह लगभग 21 मील चौड़ा समुद्री मार्ग दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा 'चोकपॉइंट' माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और इराक जैसे बड़े ऊर्जा निर्यातक देश अपने तेल और गैस के विशाल भंडार को दुनिया के बाजारों तक पहुंचाने के लिए इसी मार्ग पर निर्भर हैं। ऐसे में जब इस क्षेत्र में युद्ध या सैन्य तनाव बढ़ता है तो पूरी दुनिया की ऊर्जा व्यवस्था अस्थिर हो जाती है। वर्तमान संघर्ष ने भी यही किया है। ईरान द्वारा होर्मुज क्षेत्र में समुद्री गतिविधियों को सीमित करने और जहाजों पर संभावित हमलों की चेतावनी ने कई टैंकरों को रोक दिया है, जिससे एलपीजी और एलएनजी के जहाज समुद्र में फंस गए हैं और आयात पर निर्भर देशों को बड़ा झटका लगा है।

भारत के लिए यह संकट इसलिए अधिक गंभीर है क्योंकि देश की ऊर्जा संरचना में एलपीजी की भूमिका पिछले एक दशक में अत्यधिक बढ़ गई है। भारत आज हर वर्ष लगभग 3 करोड़ टन से अधिक एलपीजी का उपभोग करता है लेकिन घरेलू उत्पादन इस मांग का आधा हिस्सा भी पूरा नहीं कर पाता। शेष आवश्यकता खाड़ी देशों से आयात करके पूरी की जाती है। अनुमान है कि भारत में आने वाली एलपीजी का 80 से 90 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजरता है। यही कारण है कि जैसे ही इस मार्ग में व्यवधान आया, उसका सबसे पहला और सबसे तेज असर भारत की रसोई पर दिखाई देने लगा। यह एक कठोर सच्चाई है कि भारतीय परिवारों की ऊर्जा सुरक्षा काफी हद तक एक संकरे समुद्री मार्ग पर निर्भर है। इसी संकट के दौरान पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता अपेक्षाकृत सामान्य बनी हुई है। पैट्रोल पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखाई दे रही हैं और न ही कीमतों में अचानक उछाल आया है। इसका कारण यह है कि भारत ने पिछले वर्षों में कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर अपेक्षाकृत अधिक लचीला ढांचा विकसित किया है। आज भारत 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात करता है और रूस, अमेरिका तथा अफ्रीका के कई देशों से आने वाला तेल ऐसे मार्गों से भारत पहुंचता है, जो होर्मुज पर निर्भर नहीं हैं। इसके अतिरिक्त भारत के पास रणनीतिक पैट्रोलियम भंडार भी मौजूद हैं, जिनमें आपातकालीन परिस्थितियों के लिए लाखों बैरल कच्चा तेल संग्रहीत किया जाता है। इन भंडारों और विविध आपूर्ति स्रोतों के कारण पैट्रोल और डीजल की उपलब्धता तुरंत प्रभावित नहीं होती। इसके विपरीत एलपीजी के मामले में स्थिति बिल्कुल अलग है। एलपीजी को तरल रूप में सुरक्षित रखने के लिए अत्यधिक दबाव और विशेष टैंकों की आवश्यकता होती है, जिसके कारण बड़े पैमाने पर इसका भंडारण करना महंगा और तकनीकी रूप से जटिल होता है। यही कारण है कि भारत के पास एलपीजी का कोई बड़ा सामरिक भंडार नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, देश में एलपीजी का जो सीमित भंडार है, वह मुश्किल से दो-तीन दिन की खपत के बराबर ही है। परिणामस्वरूप जैसे ही आयात में थोड़ी भी बाधा आती है, उसका असर तुरंत बाजार और घरेलू उपभोक्ताओं पर दिखाई देने लगता है। यही वह संरचनात्मक कमजोरी है, जिसने मौजूदा संकट को गहरा बना दिया है। इस संकट का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पिछले दशक में 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' के माध्यम से करोड़ों गरीब परिवारों तक रसोई गैस पहुंचाई गई है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाने और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2014 में जहां देश में एलपीजी कनैक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, वहीं आज यह बढ़कर 33 करोड़ से अधिक हो चुकी है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत सकारात्मक परिवर्तन है किंतु इसका अर्थ यह भी है कि भारत की घरेलू ऊर्जा व्यवस्था अब एलपीजी के निरंतर प्रवाह पर पहले से कहीं अधिक निर्भर हो गई है। जब इस प्रवाह में व्यवधान आता है तो उसका प्रभाव करोड़ों परिवारों के दैनिक जीवन पर पड़ता है। संकट का असर केवल घरेलू रसोई तक सीमित नहीं है। उद्योग, होटल, रेस्टोरेंट, छोटे व्यवसाय और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां भी बड़े पैमाने पर एलपीजी और प्राकृतिक गैस पर निर्भर हैं। जब आपूर्ति सीमित होती है तो सबसे पहले इन्हीं क्षेत्रों की गैस आपूर्ति घटाई जाती है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जा सके। परिणामस्वरूप औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होता है, छोटे कारोबारियों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और कई स्थानों पर रोजगार प्रभावित होते हैं। स्टील और धातु उद्योगों से लेकर ढाबों और छोटे भोजनालयों तक, अनेक क्षेत्र इस संकट की मार झेल रहे हैं। हालांकि सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए कुछ आपातकालीन कदम उठाए हैं। रिफाइनरियों को निर्देश दिया गया है कि वे कच्चे तेल के प्रसंस्करण के दौरान एलपीजी की रिकवरी को अधिकतम करें। कुछ पैट्रोकेमिकल उत्पादों को अस्थाई रूप से रसोई गैस उत्पादन की दिशा में मोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और पश्चिम अफ्रीका जैसे क्षेत्रों से अतिरिक्त एलपीजी कार्गो मंगाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थाई नियंत्रण लगाकर घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का निर्णय भी इसी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि ए सभी कदम तात्कालिक राहत प्रदान कर सकते हैं लेकिन दीर्घकालिक समाधान के लिए इससे कहीं अधिक व्यापक नीति की आवश्यकता है। दरअसल यह संकट केवल एक युद्ध का परिणाम नहीं है बल्कि यह भारत की ऊर्जा नीति के उस खालीपन की ओर संकेत करता है, जिस पर लंबे समय से पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एसिडिटी से पाना चाहते हैं छुटकारा, तो ये अपनाएं टिप्स

**नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।**

इस फेस्टिव सीजन में लोगों के घरों में तरह तरह के तले भुने व्यंजन बनते हैं। जिसको खाने से ना सिर्फ बदहजमी बल्कि पेट में गैस बनने की परेशानी भी शुरू हो जाती है। पेट दर्द होने के कारण त्योहार का सारा मजा किरकिरा हो जाता है। ऐसे में अगर इस फेस्टिव सीजन आप भी एसिडिटी की समस्या से खुद को बचाए रखना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। तैलीय और मसालेदार खाना, नींद की कमी और असमय भोजन आदि के कारण भी गैस व पेट में जलन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से बचने के लिए आप इन ड्रिंक्स का सेवन कर सकते हैं।



**जीरा पानी**

आपको बता दें जीरा में फाइबर की मात्रा पाई जाती है। जो आपके पाचन को दुरुस्त रखने में सहायक होती है। जीरा पानी के सेवन से आप एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं। जीरा पानी बनाने के लिए एक पैन में पानी और जीरा डालकर इसको उबाल लें। इसके बाद इसे छान लें और हल्का गुनगुना रहने पर इसको पी लें।

**नींबू और शहद का ड्रिंक**

नींबू में एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण और विटामिन सी पाया जाता है। जो पेट में मौजूद बैक्टीरिया से लड़ते हैं। हल्के गर्म पानी में नींबू का रस मिला लें। फिर उसमें एक चम्मच शहद मिला लें। अब इसको पी लें। इस तरह से यह ड्रिंक भी आपको एसिडिटी की समस्या से राहत देने का काम करेगा।

**सौंफ का पानी**

पाचन तंत्र के लिए सौंफ बेहद फायदेमंद मानी जाती है। वहीं सौंफ का पानी पीने से गैस और पेट में जलन की समस्या दूर हो सकती है। सौंफ का पानी पीने के लिए सबसे पहले पानी में सौंफ को उबाल लें। फिर गुनगुने पानी का सेवन कर लें। इसके अलावा रात भर के लिए सौंफ को पानी में भिगोकर भी रख सकते हैं और अगले दिन सुबह उस पानी को पी लें।

**हींग का पानी**

हींग खाने का स्वाद और सुगंध बढ़ाने के साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। हींग का पानी गैस की समस्या से राहत दिलाने में मदद करता है। इसके लिए एक गिलास गुनगुना पानी में आधा चम्मच हींग पाउडर मिलाएं। इस ड्रिंक का सेवन करने से एसिडिटी की समस्या से राहत पा सकते हैं।

**अदरक का पानी**

बता दें कि अदरक में एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक को बनाने के लिए अदरक को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। फिर इन टुकड़ों को पानी में उबाल लें। जब यह गुनगुना हो तो इस पानी का सेवन करें। इससे पेट की जलन और गैस से राहत मिलेगी।

# कैसी दिखती है रोमांस वाली दोस्ती, बिना ड्रामा किए इसे बनाएं कामयाब

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। श्फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिपश में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं।


दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं। दोस्ती में रोमांस अब अजीब नहीं लगता। वास्तव में, यह एक लोकप्रिय चलन बन गया है। बहुत से लोग दोस्ती को रोमांस के साथ मिलाने के विचार का आनंद ले रहे हैं, जिसे हम फ्रेंड्स विद बेनेफिट्स कहते हैं। यह सेटअप उन लोगों के लिए नया सामान्य बन गया है, जो रिश्ते में होने की जिम्मेदारियों या प्रतिबद्धताओं के बिना डेटिंग के मजे और उत्साह का आनंद लेना चाहते हैं।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कैसा दिखता है?**

फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप तब शुरू होता है, जब दो दोस्त, जिन्हें साथ में घूमना या समय गुजारना पसंद होता है, अपनी दोस्ती को नए स्तर पर लेकर जाने का फैसला करते हैं। नए स्तर पर लोग एक-दूसरे के साथ शारीरिक रूप से जुड़ते हैं। फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप में आमतौर पर लोग बिना किसी प्रतिबद्धता के सेक्स, किस और कडलिंग कर सकते हैं। बिना प्रतिबद्धताओं के इस रिश्ते में दोनों लोग किसी और को डेट कर सकते हैं। ऐसे रिश्ते हमेशा के लिए नहीं चलते हैं, शारीरिक जुड़ाव खत्म करने के बाद लोग वापस दोस्त बन जाते हैं या फिर एक-दूसरे के साथ सारे कांटेक्ट खत्म कर देते हैं। हालांकि, फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप हर किसी के लिए नहीं है, क्योंकि अगर दोनों में से एक व्यक्ति की भी फीलिंग में बदलाव होता है तो दोस्ती भी खराब हो जाती है।

**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता आपके लिए सही है?**

अगर आप बिना किसी प्रतिबद्धता के शारीरिक रिश्ते की तलाश कर रहे हैं तो फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिलेशनशिप आपके लिए ठीक है। एक्सपर्ट के अनुसार, यह रिश्ता उन लोगों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद हो सकता है जिनके पास प्रतिबद्ध रिश्ते के लिए समय, ऊर्जा या इच्छा नहीं है लेकिन फिर भी वे किसी के साथ शारीरिक संबंध बनाना चाहते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी रिश्ते में आकर अपनी आजादी या जरूरतों को त्यागना नहीं चाहते हैं तो आपके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर हो सकता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अगर आप किसी रिश्ते की जटिलताओं से बचना चाहते हैं तो यह व्यवस्था आपके लिए कारगर हो सकती है। एक्सपर्ट ने बताया कि अगर दो दोस्त एक दूसरे की ओर खुद को आकर्षित पाते हैं उनके लिए फेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ता कारगर है।



**फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स बनना अच्छा विचार कब नहीं है?**

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर किसी को भावनात्मक रूप से जुड़ जाने की आदत है तो उनके लिए फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सहज बनाए रखने में परेशानी हो सकती है। इसके अलावा अगर कोई अपेक्षाएं विकसित करने लगता है और अगर ये पूरी नहीं होती तो उस व्यक्ति की भावनाएं आहत हो सकती है। प्यार की उम्मीद करने वाले लोगों के लिए यह रिश्ते नहीं बने हैं।

**कैसे फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाएं?**

एक्सपर्ट ने फ्रेंड्स विद बेनिफिट्स रिश्ते को सफल बनाने के कुछ टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि इन रिश्तों को सफल बनाने के लिए संवाद महत्वपूर्ण है। रिश्ते को परिभाषित करना और सीमाओं पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है ताकि कोई गलतफहमी न हो। एक्सपर्ट ने कहा कि ऐसे रिश्तों में ईमानदारी जरूरी है। दूसरे व्यक्ति के साथ-साथ खुद के साथ भी ईमानदार होना बहुत जरूरी है। आप क्या चाहते हैं और क्या नहीं और रिश्ते में कैसा महसूस कर रहे हैं, अपनी भावनाओं के प्रति ईमानदार रहे हैं और कुछ भी गलत महसूस होने पर पार्टनर से बात करें।

एक्सपर्ट ने लोगों को सीमाएं स्थापित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि आप कितनी बार मिलेंगे, कौन सी गतिविधियां अनुमत हैं और कौन सी वर्जित हैं, आप अन्य लोगों से मिलेंगे या नहीं और अपने डेटिंग जीवन के बारे में क्या साझा करेंगे या नहीं, आप कौन से गर्भनिरोधक का उपयोग करेंगे और आप अपनी व्यवस्था के बारे में दूसरों को क्या बताएंगे या नहीं, जैसी चीजों के बारे में आधार नियम स्थापित करना सहायक हो सकता है।

# होर्मुज संकट पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया



■ यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है: लिन जियान

**बीजिंग।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों।

उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है। चीन ने यह भी बताया कि इस महीने के अंत में प्रस्तावित डोनाल्ड ट्रम्प की चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। ट्रम्प ने संकेत दिया था कि अगर चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहयोग नहीं करता है तो उनकी बीजिंग यात्रा टाली जा सकती है। हालांकि चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के बीच संपर्क बना हुआ है और शीर्ष नेताओं के बीच कूटनीतिक बातचीत द्विपक्षीय संबंधों में अहम भूमिका निभाती है। चीन ईरान का करीबी साझेदार माना जाता है और वह ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता है। अक्सर चीन को ईरानी तेल अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर मिलता है। चीन ने अमेरिका और इजरायल के ईरान पर किए गए हमलों की आलोचना भी की है। साथ ही अमेरिकी हवाई हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला खामेनेई की मौत को लेकर भी चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ऐसे में होर्मुज संकट के बीच चीन की भूमिका को वैश्विक राजनीति में बेहद अहम माना जा रहा है।

# ईरान में अमेरिका-इजरायल के हमले, 5 लोगों की मौत, 7 घायल

**तेहरान।** ईरान के मार्कजी प्रांत में अमेरिका और इजराइल के हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार ये हमले अलग-अलग स्थानों पर किए गए। पहले हमले में मार्कजी प्रांत के अराक शहर के आसपास स्थित एक रिहायशी इलाके को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। दूसरे हमले में मार्कजी प्रांत के महल्लत शहर में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार हमले के दौरान शहीद खोमैनी बालक विद्यालय को भी निशाना बनाया गया, जिससे स्कूल भवन को काफी नुकसान पहुंचा।



हिमाचल प्रदेश। कुल्लू जिले की सोलांग घाटी में बर्फबारी के दौरान जाम में फंसे वाहन।

# खाड़ी में जहाज पर हमले के बाद 20 थाई क्रू स्वदेश लौटे, तीन अब भी लापता

**बैंकॉक।** होर्मुज जलडमरूमध्य में हमले का शिकार थाईलैंड के मालवाहक जहाज के चालक दल के 20 सदस्य सोमवार को थाईलैंड पहुंच गए, जबकि तीन अब भी लापता हैं। थाई-पंजीकृत जहाज 'मयूरी नारी' की स्वामित्व वाली कंपनी 'प्रेशियस शिपिंग पब्लिक कंपनी लिमिटेड' ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि चालक दल के स्वागत के लिए कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी सुवर्णभूमि हवाई अड्डे पर मौजूद थे और उनकी वापसी में आसानी के लिए संबंधित अधिकारियों से गहरा तालमेल बिठाया गया। कंपनी ने इस बात की भी पुष्टि की कि इस समय उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता उन तीन चालक दल के सदस्यों का पता लगाने की हैं, जो अब भी लापता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आर्मेनिया ने 550 से अधिक भारतीयों को ईरान से निकालने में मदद की

**नई दिल्ली।** आर्मेनिया ने ईरान में फंसे 550 से अधिक भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की मदद की है। विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने सोमवार को ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में सहयोग के लिए आर्मेनिया सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी की सुविधा प्रदान करने के लिए आर्मेनिया की सरकार और लोगों को धन्यवाद।

### रूसी वायु रक्षा ने मार गिराए 145 यूक्रेनी ड्रोन: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के विभिन्न क्षेत्रों में यूक्रेन के 145 ड्रोन मार गिराए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पिछली रात के दौरान ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने विमान-प्रकार के 145 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका और नष्ट कर दिया। बयान में कहा गया है कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मॉस्को क्षेत्र के ऊपर 53 ड्रोन रोके और नष्ट किए, जिनमें मॉस्को की ओर उड़ रहे 46 ड्रोन भी शामिल थे।

### अफगान: सीमा पार से हुए हमलों में दो की मौत, पांच घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के खोस्त प्रांत में रविवार रात सीमा पार से किए गए हमलों में दो लोग मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता मुस्तगफर गुरबाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तोपखाने ने रविवार रात गुरबाज और जाजी मैदान जिलों के कुछ इलाकों को निशाना बनाया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग जख्मी हो गए।

# ईरान युद्ध में फंसकर घरेलू मोर्चे पर घिरे ट्रम्प

## सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला, बढ़ती महंगाई बनी बड़ी चुनौती



■ ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया
■ ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर ऐसे समय में घिरे हुए नजर आ रहे हैं, जब इस सैन्य कार्रवाई को अमेरिकी जनता का व्यापक समर्थन नहीं मिला है। विश्लेषकों का मानना है कि हाल के इतिहास में शायद ही कोई अमेरिकी राष्ट्रपति इतने कम सार्वजनिक समर्थन के साथ किसी बड़े युद्ध में उतरा हो।

उपलब्ध सर्वेक्षणों में कहीं भी ऐसा संकेत नहीं मिलता कि ईरान के खिलाफ युद्ध को लेकर अमेरिकी जनता का बहुमत ट्रम्प के साथ खड़ा है। इसके उलट, कई जनमत सर्वेक्षणों में साफ तौर पर इस युद्ध के खिलाफ राय सामने आई है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि आम तौर पर युद्ध जैसे-जैसे लंबा खिंचता है, जनता का समर्थन और घटता जाता है, जिससे ट्रम्प के सामने आगे और बड़ी राजनीतिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने युद्ध शुरू होने से पहले अमेरिकी जनता के सामने कोई स्पष्ट और ठोस सार्वजनिक मामला पेश नहीं किया। उन्होंने फारस की खाड़ी में सैन्य जमावड़े को ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर दबाव बनाने और बातचीत के लिए इस्तेमाल की जाने वाली रणनीति के रूप में पेश किया था।

लेकिन बहुत कम समय में यह कूटनीतिक दबाव सीधे सैन्य कार्रवाई में बदल गया। कहा जा रहा है कि ट्रम्प तेज, चौंकाने वाले और नाटकीय अंदाज में सैन्य कार्रवाई को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उन्होंने युद्ध से पहले व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश नहीं की। यह भी माना जा रहा है कि ट्रम्प को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने की अपनी रणनीतिक सफलता से भी हौसला मिला। हालांकि वह कदम भी अमेरिकी जनता के बीच बहुत लोकप्रिय नहीं था। इसके बावजूद ट्रम्प प्रशासन ने ईरान के मामले में सार्वजनिक राय की अनदेखी की और अब उसी का राजनीतिक असर उन्हें झेलना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि किसी युद्ध के समर्थन का सवाल केवल इस पर निर्भर नहीं करता कि लड़ाई कैसे चल रही है, बल्कि इस पर भी निर्भर करता है कि जनता उस युद्ध का उद्देश्य क्या समझती है। राजनीतिक वैज्ञानिक ब्रूस जेंटलसन का तर्क है कि अमेरिकी जनता उन युद्धों का ज्यादा समर्थन करती है, जिनका उद्देश्य किसी आक्रामक शक्ति पर लगाम लगाना हो। इसके विपरीत, जब युद्ध का मकसद किसी दूसरे देश की राजनीतिक व्यवस्था बदलना या सत्ता परिवर्तन करना होता है, तो समर्थन काफी कमजोर पड़ जाता है।

### डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के 'झूठ' फैलाने के लिए मीडिया पर साधा निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर दुष्प्रचार फैलाने का आरोप लगाया है और कुछ मीडिया संस्थानों पर ईरान युद्ध को लेकर झूठी खबरें फैलाने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच पर कहा कि ईरान झूठी सूचनाएं फैलाने में माहिर है और वह एआई का उपयोग कर भ्रामक सामग्री तैयार कर रहा है, जिसे कुछ मीडिया संस्थान प्रसारित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरान सैन्य रूप से कमजोर है, लेकिन जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन के जरिए गलत सूचनाएं फैलाने में कुशल है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थान गलत रिपोर्टिंग कर रहे हैं और अमेरिकी प्रसारण माध्यमों का उपयोग देश के खिलाफ प्रचार के लिए कर रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि ऐसी संस्थाओं के खिलाफ देशद्रोह जैसे आरोपों में कार्रवाई की जानी चाहिए। ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान द्वारा जारी किए जा रहे कई वीडियो और तस्वीरें एआई से तैयार की गई हैं, जिनमें समुद्र में जहाजों पर हमले या आग लगने जैसे दृश्य दिखाए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन अमेरिकी ईंधन आपूर्ति विमानों के क्षतिग्रस्त होने की खबरें सामने आई थीं, वे सभी अब भी सेवा में हैं और उनमें से एक विमान जल्द ही फिर से उड़ान भरेगा। ट्रम्प ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया संस्थानों ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के क्षतिग्रस्त होने की झूठी खबरें प्रसारित कीं, जबकि उस पर कोई हमला नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि ईरान और कुछ मीडिया संस्थान मिलकर झूठी कहानियां गढ़ रहे हैं और इन्हें प्रसारित कर रहे हैं।

# ट्रम्प ने टैरिफ को लेकर की उच्चतम न्यायालय की आलोचना

■ टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एशियम एशिया में जारी जंग के बीच सोमवार को विभिन्न देशों पर आयात शुल्क लगाने के उनके फैसले को पलटने को लेकर उच्चतम न्यायालय की कड़ी आलोचना की। गौरतलब है कि पिछले दिनों अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने टैरिफ लगाने के ट्रम्प के निर्णय को असंवैधानिक करार देते हुए उसे पलट दिया गया था और इससे प्रभावित होने वाले देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर दिए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है।

उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने का निर्णय उनके लिए सबसे अधिक मायने रखता था। उन्होंने कहा कि न्यायालय को पता था कि वह अमेरिका के लिए इसे कितनी शिद्दत से चाहते थे। इसके बजाय न्यायालय ने संभावित रूप से उन देशों और कंपनियों को खरबों डॉलर देने का फैसला किया, जो दशकों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि अमेरिकी उच्चतम न्यायालय ने इन देशों को बहुत खुश कर दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि न्यायालय ने भी बताया है, मुझे किसी अन्य रूप में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है और मैंने ऐसा करना शुरू भी कर दिया है। ईरान के साथ चल रहे तीखे टकराव के बीच सोमवार को टैरिफ पर अमेरिकी राष्ट्रपति का यह पोस्ट एक बड़ी कानूनी हार के बाद अपनी सत्ता और अधिकार को फिर से स्थापित करने का एक प्रयास प्रतीत होता है। हाल के सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने दावा किया था कि उन्हें वैकल्पिक रूपों में टैरिफ लगाने का पूर्ण अधिकार है। उन्होंने कहा कि ये चाहते हैं कि अमेरिका उन सैकड़ों अरबों डॉलर को वापस करे, जो उन लोगों को दिए जाने हैं जिन्होंने अमेरिकी जनता का 'अपमान' किया है। इसे एक और वजह के तौर पर देखा जाना चाहिए कि अमेरिका इतनी बड़ी गिरावट का सामना क्यों कर रहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन, अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि हमने अमेरिका को फिर से महान बनाया है और बहुत जल्द, यह पहले से कहीं जयादा महान होगा! ट्रम्प ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अमेरिका को बेवजह 'लूटा' है, जो अब एक हथियारबंद और अन्यायपूर्ण राजनीतिक संगठन से जडादा कुछ नहीं रह गया है। दुख की बात यह है कि वे और भी बुरे होते जाएंगे।

# गाजा में इजरायली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनियों की मौत

**मरने वालों में बच्चे और गर्भवती महिला भी शामिल, हमले से पहले नहीं जारी की कोई चेतावनी**

**काहिरा।** गाजा पट्टी में इजरायली हवाई हमलों में रविवार को कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं।

यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने दी। केंद्रीय गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर में रविवार सुबह एक घर पर हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार मृतकों में लगभग 30 वर्ष की उम्र का दंपति और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि महिला जुड़वां बच्चों की गर्भवती थी। चौथा मृतक 15 वर्षीय पड़ोसी था, जिसे नुसेरत के अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया। स्थानीय निवासी महमूद अल-मुहतासेब ने बताया कि वे सो रहे थे, तभी मिसाइल के हमले से तेज धमाका हुआ। उनके अनुसार हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर एक अन्य हमले में केंद्रीय गाजा के जवैदा शहर के प्रवेश द्वार पर सलाह अल-दीन मार्ग पर चल रहे एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें केंद्रीय गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ भी शामिल थे। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल ने भी इस हमले में आठ लोगों की मौत और 14 अन्य के घायल होने की पुष्टि की। इन दोनों हमलों पर इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। युद्धविराम के बावजूद गाजा में हिंसा की घटनाएं जारी हैं। अक्टूबर में लागू युद्धविराम के बाद भी लगभग रोजाना इजरायली गोलाबारी या हवाई हमले की घटनाएं सामने आती रही हैं।

# होर्मुज संकट से नाटो में दरार उजागर हुई

## डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा, मदद नहीं मिलने पर सहयोगी देशों को दे डाली चेतावनी

■ हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है



**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और होर्मज जलडमरूमध्य के बाधित होने से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर चौतरफा दबाव पड़ रहा है।

एक तरफ पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के ठिकानों पर ईरानी हमले जारी हैं। वहीं दूसरी तरफ ट्रम्प घरेलू मोर्चे पर भी घिरते जा रहे हैं। अमेरिका का एक बड़ा तबका इस संघर्ष के खिलाफ है। हैरानी की बात ये है कि इस मुश्किल समय में भी ट्रम्प को अपने सहयोगी नाटो देशों की मदद नहीं मिल पा रही है। यही वजह है कि ट्रम्प ने सहयोगी देशों को चेतावनी दी है कि नाटो समूह का भविष्य अच्छा नहीं है। एक इंटरव्यू के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने नाटो के सहयोगी देशों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से फायदा लेने वाले देशों को इसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ट्रम्प ने कहा, श्यह बिल्कुल ठीक है कि होर्मुज से फायदा लेने वाले देश ये सुनिश्चित करें कि वहां कुछ भी गलत न हो। ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई कुछ नहीं करता या मदद नहीं करता तो मुझे लगता है कि यह नाटो के भविष्य के लिए बहुत बुरा होगा। ट्रम्प ने कहा कि हमें यूक्रेन के मामले में उनकी मदद की जरूरत नहीं पड़ी। अब देखते हैं कि वे हमारी मदद करते हैं या नहीं, क्योंकि मैं लंबे समय से कहता आ रहा हूं कि हम उनके साथ खड़े रहेंगे, लेकिन वे हमारे साथ नहीं खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि ट्रम्प होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में बारूदी सुरंगों को साफ करने के लिए युद्धपोतों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। हाल ही में भी मीडिया से बात करते हुए ट्रम्प ने कहा था हम नाटो के लिए हमेशा तत्पर हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि कौन सा देश होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने में हमारी मदद करेगा। पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका फंसता नजर आ रहा है। सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई और कई अन्य शीर्ष नेताओं की मौत के बाद भी ईरान झुकने के लिए तैयार नहीं है और लगातार पश्चिम एशिया में अमरिकी ठिकानों और इजरायल पर हमले कर रहा है। अमेरिका और इजरायल की ईरान में सत्ता परिवर्तन की कोशिश भी सफल होती नहीं दिख रही है। ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को बाधित करने के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति पर दबाव पड़ा है।

# ईरान में 15 दिन बाद भी सत्ता नहीं बदली

## एक्सपर्ट बोले: ट्रम्प अकेले जंग नहीं रोक सकते, तेहरान के पास अभी भी खेल पलटने की ताकत



■ अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा

**वाशिंगटन।** दो हफ्ते तक ईरान के खिलाफ युद्ध चलने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही जीत का ऐलान कर सकते हैं। हालांकि आखिरी परिणाम इस बात पर भी निर्भर करेगा कि ईरान आगे क्या करता है। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक अगर ईरान लड़ाई जारी रखता है, जहाजों पर हमले करता है या जवाबी कार्रवाई करता है, तो युद्ध वास्तव में खत्म नहीं होगा। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नौसेना का बड़ा हिस्सा नष्ट कर दिया गया है।

उसकी कई मिसाइलें खत्म हो चुकी हैं और उसके कई टॉप लीडर्स मारे जा चुके हैं। इसके बावजूद ट्रम्प के वे बड़े राजनीतिक मकसद अब तक पूरे नहीं हुए हैं जिनकी उन्होंने कई बार बात की थी। ईरान में अभी भी पुराना शासन ही कायम है। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में तेल के समुद्री रास्ते को बाधित करके वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मचा दी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ईरान में अभी भी खेल पलटने की ताकत है। यह स्थिति ट्रम्प के लिए मुश्किल पैदा करती है, क्योंकि उनकी अपनी ही पार्टी के लोग अब उनसे युद्ध खत्म करके अर्थव्यवस्था पर ध्यान देने की मांग कर रहे हैं। इसी साल नवंबर में अमेरिका में मिडटर्म चुनाव होने वाले हैं। युद्ध का असर अमेरिका के अंदर भी दिखने लगा है। अमेरिका और इजराइल के हमले शुरू होने के बाद पेट्रोल की कीमतों में लगभग 25 फीसदी तक बढ़ोतरी हो चुकी है। किसानों के लिए खाद महंगी हो गई है और अमेरिकी सैनिकों की मौत का आंकड़ा भी बढ़कर 13 पहुंच गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ डेलावेयर के डोवर एयर फोर्स बेस पर एक सैनिक के पार्थिव शरीर को सलामी देते हुए। सैनिक सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में मारा गया था। ईरान ने यह भी दिखाया है कि वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करने की क्षमता रखता है। इस वजह से यह साफ नहीं है कि अमेरिका अगर अकेले युद्ध रोक भी दे, तो क्या तेल की कीमतों में तुरंत कमी आएगी। ईरानी हमलों ने फारस की खाड़ी के उन देशों के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है जो लंबे समय से अमेरिका के सहयोगी रहे हैं और जहां अमेरिकी सैन्य ठिकाने भी मौजूद हैं। इसके बावजूद ट्रम्प लगातार यह दावा कर रहे हैं कि युद्ध पर उनका पूरा कंट्रोल है। उन्होंने शुक्रवार को फाक्स न्यूज रेडियो से कहा कि युद्ध तब खत्म होगा जब उन्हें लगेगा कि अब इसे खत्म करने का समय आ गया है। एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि युद्ध में जीत हासिल करना और किसी देश के खतरे को लंबे समय तक खत्म करना दो अलग-अलग बातें हैं।

# जंग के बीच यूएई में 19 भारतीय गिरफ्तार



■ फेक न्यूज फैलाने का आरोप, मौत की अफवाह के बीच काफी पीते दिखे नेतन्याहू

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल-ईरान जंग के बीच यूएई ने 35 लोगों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। इनमें 19 भारतीय शामिल हैं। न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक इन पर सोशल मीडिया पर फेक न्यूज फैलाने का आरोप है।

यूएई के अटार्नी जनरल डा. हमद सैफ अल शम्स ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म की निगरानी के बाद यह कार्रवाई की गई, ताकि झूठी खबरों से फैलने वाली अफवाह और अशांति को रोका जा सके। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपनी मौत की अफवाहों के बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे यरुशलम के एक रेस्टोरेंट में काफी पीते नजर आ रहे हैं। वीडियो में वे मजाक में कहते हैं कि क्या आप मेरी उंगलियां गिनना चाहते हैं? दरअसल 13 मार्च के एक वीडियो में कुछ लोगों ने उनके हाथ में 6 उंगलियां दिखने की बात कही थी। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को एआई और डीपफेक बताकर उनकी मौत की अफवाह फैलानी शुरू कर दी थी।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108